जन एक्सप्रेस

लखनऊ

वर्षः 15 | अंकः 197

मूल्यः ₹3.00/-

पेज : 12

@janexpressnews | janexpresslive | janexpresslive | www.janexpresslive.com/epaper

बुधवार | 01 मई, 2024

एस्ट्राजेनेका की कोरोना वैक्सीन से हार्ट अटैक का खतरा: ब्रिटिश कंपनी ने कोर्ट में माना, भारत में इसी फॉर्मूले से बनी कोवीशील्ड के 175 करोड़ डोज लगे

कोविशील्ड वैक्सीन से हो सकता है हार्ट अटैक!

- फार्मा कंपनी एस्ट्राजेनेका ने माना है कि उसकी कोविड-19 वैक्सीन से टीटीएस हो सकता है
- उसने यह भी कहा कि वैक्सीन के कारण यह होना बेहद दुर्लभ है
- टीटीएस के कारण खून के थक्के जम सकते हैं जो शरीर को गंभीर चोट पहुंचा सकते हैं
- वैज्ञानिकों ने अप्रैल 2021 में वैक्सीन से होने वाली बीमारी की पहचान की

जन एक्सप्रेस/एजेंसी। नई दिल्ली

ब्रिटेन की फार्मा कंपनी एस्ट्राजेनेका ने माना है कि उनकी कोविड-19 वैक्सीन से खतरनाक साइड इफेक्ट्स हो सकते हैं। हालांकि ऐसा बहुत रेयर (दुर्लभ) मामलों में ही होगा। एस्ट्राजेनेका का जो फॉर्मूला था उसी से भारत में सीरम इंस्टीट्यूट ने कोवीशील्ड नाम से वैक्सीन बनाई है। ब्रिटिश मीडिया टेलीग्राफ की रिपोर्ट के मुताबिक, एस्ट्राजेनेका पर आरोप है कि उनकी वैक्सीन से कई लोगों की मौत हो गई। वहीं कई अन्य को गंभीर बीमारियों का सामना करना पड़ा। कंपनी के खिलाफ हाईकोर्ट में 51 केस चल रहे हैं। पीड़ितों ने एस्ट्राजेनेका से करीब 1 हजार करोड़ का हर्जाना मांगा है। ब्रिटिश हाईकोर्ट में जमा किए गए दस्तावेजों में कंपनी ने माना है कि उसकी कोरोना वैक्सीन से कुछ मामलों में थ्रॉम्बोसिस थ्रॉम्बोसाइटोपेनिया सिंड्रोम यानी अअस हो सकता है। इस बीमारी से शरीर में खून के थक्के जम जाते हैं और प्लेटलेट्स की संख्या गिर जाती है।

भारत में सबसे ज्यादा लगे कोवीशील्ड के डोज

7.38 करोड कोर्बेवैक्स

36 करोड कोवैक्सिन

175 करोड कोवीशील्ड

दिल्ली में लगी वैक्सीन

37410040 कुल वैक्सीन

18298085 पहली खुराक

15717675 दूसरी खुराक

3394280 एहतियात खुराक

सबसे पहले ब्रिटिश नागरिक जेमी स्कॉट ने केस किया

अप्रैल 2021 में जेमी स्कॉट नाम के शख्स ने यह वैक्सीन लगवाई थी। इसके बाद उनकी हालत खराब हो गई। शरीर में खून के थक्के बनने का सीधा असर उनके दिमाग पर पड़ा। इसके अलावा स्कॉट के ब्रेन में इंटर्नल ब्लीडिंग भी हुई। रिपोर्ट के मुताबिक, डॉक्टरों ने उनकी पत्नी से कहा था कि वो स्कॉट को नहीं बचा पाएंगे।

कंपनी ने पहले दावों को नकारा, फिर माना

- पिछले साल स्कॉट ने एस्ट्राजेनेका के खिलाफ शिकायत दर्ज कराई। मई 2023 में स्कॉट के आरोपों के जवाब में कंपनी ने दावा किया था कि उनकी वैक्सीन से अअस नहीं हो सकता है। हालांकि इस साल फरवरी में हाईकोर्ट में जमा किए दस्तावेजों में कंपनी इस दावे से पलट गई।
- इन दस्तावेजों की जानकारी अब सामने आई है। हालांकि अवैक्सीन में किस चीज की वजह से यह बीमारी होती है, इसकी जानकारी फिलहाल कंपनी के पास नहीं है। इन दस्तावेजों के सामने आने के बाद स्कॉट के वकील ने कोर्ट में दावा किया है कि एस्ट्राजेनेका-ऑक्सफोर्ड की वैक्सीन में खामियां हैं और इसके असर को लेकर गलत जानकारी दी गई।
- वैज्ञानिकों ने सबसे पहले मार्च 2021 में एक नई बीमारी वैक्सीन-इंड्यूस्ड (वैक्सीन से होने वाली) इम्यून थ्रॉम्बोसिस थ्रॉम्बोसाइटोपेनिया सिंड्रोम की पहचान की थी। पीड़ितों से जुड़े वकील ने दावा किया है कि ङ्खढ्ढञ्ज असल में टीटीएस का ही एक सबसेट है। हालांकि एस्ट्राजेनेका ने इसे खारिज कर दिया।

कंपनी ने कहा, हमने मानकों का पालन किया

एस्ट्रजेनेका ने कहा, उन लोगों के प्रति हमारी संवेदनाएं हैं, जिन्होंने अपनों को खोया है या जिन्हें गंभीर बीमारियों का सामना करना पड़ा। मरीजों की सुरक्षा हमारी प्राथमिकता है। हमारी रेगुलेटरी अथॉरिटी सभी दवाइयों और वैक्सीन के सुरक्षित इस्तेमाल के लिए सभी मानकों का पालन करती है।फ्र कंपनी ने आगे कहा, क्लिनिकल ट्रायल और अलग-अलग देशों के डेटा से यह साबित हुआ है कि हमारी वैक्सीन सुरक्षा से जुड़े मानकों को पूरा करती है। दुनियाभर के रेगुलेटर्स ने भी माना है कि वैक्सीन से होने वाले फायदे इसके दुर्लभ साइड इफेक्ट्स से कहीं ज्यादा हैं।

एस्ट्राजेनेका ने बचाई 60 लाख लोगों की जान

कंपनी ने यह भी दावा किया है कि उन्होंने अप्रैल 2021 में ही प्रोडक्ट इन्फॉर्मेशन में कुछ मामलों में अअस के खतरे की बात शामिल की थी। कई स्टडीज में यह साबित हुआ है कि कोरोना महामारी के दौरान एस्ट्राजेनेका की वैक्सीन आने के बाद पहले साल में ही इससे करीब 60 लाख लोगों की जान बची है। वर्ल्ड हेल्थ ऑर्गेनाइजेशन ने भी कहा था कि 18 साल या उससे ज्यादा की उम्र वाले लोगों के लिए यह वैक्सीन सुरक्षित और असरदार है। इसकी लॉन्चिंग के वक्त ब्रिटेन के तत्कालीन प्रधानमंत्री बोरिस जॉनसन ने इसे ब्रिटिश साइंस के लिए एक बड़ी जीत बताया था।

दो साल पहले भी कहा था, बुस्टर डोज की जरूरत नहीं- डॉ. संजय के राय

एम्स के कम्युनिटी मेडिसिन विभाग के प्रोफेसर डॉक्टर संजय के राय का कहना है कि एस्ट्राजेनेका जो बात आज कर रही है, वहीं दो साल पहले मैंने कहा था। उस समय सलाह दी गई थी कि बूस्टर डोज फायदे से ज्यादा नुकसान कर सकती है। शुरुआत में जब अधिक लोग संक्रमित नहीं थे, तब लोगों में हर्ड इम्यूनिटी नहीं थी और वैक्सीन की जरूरत थी ताकि बीमारी की गंभीरता और मौत के आंकड़ों को कम किया जा सके। किसी भी वायरस से बचने के लिए नेचुरल इम्यूनिटी जरूरी होती है। रही बात वैक्सीन से धक्के जमने के बारे में तो इसके लिए शोध जरूरी है।

ब्रिटेन में नहीं इस्तेमाल हो रही एस्ट्राजेनेका की वैक्सीन

- खास बात यह है कि इस वैक्सीन का इस्तेमाल अब ब्रिटेन में नहीं हो रहा है। टेलीग्राफ की रिपोर्ट के मुताबिक, बाजार में आने के कुछ महीनों बाद वैज्ञानिकों ने इस वैक्सीन के खतरे को भांप लिया था। इसके बाद यह सुझाव दिया गया था कि 40 साल से कम उम्र के लोगों को दूसरी किसी वैक्सीन का भी डोज दिया जाए। ऐसा इसलिए क्योंकि एस्ट्राजेनेका की वैक्सीन से होने वाले नुकसान कोरोना के खतरे से ज्यादा थे।
- मेडिसिन हेल्थकेयर प्रोडक्ट्स रेगुलेटरी के मुताबिक ब्रिटेन में 81 मामले ऐसे हैं, जिनमें इस बात की आशंका है कि वैक्सीन की वजह से खून के थक्के जमने से लोगों की मौत हो गई। एमएचआरए के मुताबिक, साइड इफेक्ट से जूझने वाले हर 5 में से एक व्यक्ति की मौत हुई है।
- रिपोर्ट के मुताबिक, फ्रीडम ऑफ इन्फॉर्मेशन के जरिए हासिल किए गए आंकड़ों के मुताबिक ब्रिटेन में फरवरी में 163 लोगों को सरकार ने मुआवजा दिया था। इनमें से 158 ऐसे थे, जिन्होंने एस्ट्राजेनेका की वैक्सीन लगवाई थी।

टीटीएस के लक्षण क्या होते हैं?

- डॉक्टर बताते हैं, टीटीएस के कारण कई प्रकार की समस्या हो सकती है जिसमें कुछ स्थितियों में आपातकालीन चिकित्सा सहायता लेनी की भी जरूरत हो सकती है।
- छाती में दर्द या सिरदर्द बना रहना।
- मतली-उल्टी की समस्या।
- थक्के बनने कारण हृदय में रक्त का प्रवाह कम हो सकता है जिससे संबंधित आपको कई तरह की दिक्कतें हो सकती हैं।
- थक्के के कारण मस्तिष्क में भी रक्त का प्रवाह कम हो सकता है जिससे ब्रेन स्ट्रोक का भी खतरा हो सकता है।

भारत में भी शुरू हो सकते हैं मुकदमे

भारत में कोविड के बाद ऐसी मौतों की संख्या अत्यधिक बढ़ गई थी, जिनमें कारण का स्पष्ट पता नहीं चला था। इनमें से अधिकांश को किसी न किसी शारीरिक समस्या से जोड़ कर देखा गया और सरकार व स्वास्थ्य जगत ने यह कभी नहीं माना कि कोविड वैक्सीन के साइड इफेक्ट्स के कारण ऐसा हो सकता है। अब कंपनी की इस स्वीकारोक्ति के बाद भारत में भी मुकदमों का दौर शुरू होने की संभावना है।

कंपनी से मुआवजे की मांग

कोर्ट पहुंचे शिकायतकर्ताओं ने शरीर को पहुंचे नुकसान के लिए कंपनी से क्षतिपूर्ति की मांग की है। खास बात यह है कि ब्रिटेन ने इस वैक्सीन पर अब सुरक्षा कारणों से रोक लगा दी है। कंपनी के इस स्वीकारोक्ति के बाद अब मुआवजा मांगने वालों की संख्या भी बढ़ सकती है।

शायद ही कभी ऐसी स्थितियां विकसित होती हैं- डब्ल्यूएचओ

डब्ल्यूएचओ ने एडेनोवायरस वेक्टर टीकों को लेकर कहा है कि इनसे शायद ही कभी ऐसी स्थितियां विकसित होती हैं। सीरम इंस्टीट्यूट ऑफ इंडिया ने कोविशील्ड नामक कोविड-19 रोधी टीके का उत्पादन किया, लेकिन एमआरएनए प्लेटफॉर्म का उपयोग नहीं किया। इसे वायरल वेक्टर प्लेटफॉर्म का इस्तेमाल कर तैयार किया गया है। वैक्सीन में एक चिंपैंजी एडेनोवायरस को संशोधित किया गया है, ताकि यह मनुष्यों की कोशिकाओं में कोविड-19 स्पाइक प्रोटीन ले जाने में सक्षम हो सके।

आज रामलला के दर्शन करेंगी राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू सरयू पूजन और हनुमान आरती में भी होंगी शामिल

राष्ट्रपति के आगमन पर सख्त रहेगा सुरक्षा घेरा

राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू के आगमन पर बुधवार को जिले में सुरक्षा घेरा सख्त रहेगा। एयरपोर्ट से लेकर राम मंदिर व सरयू तट तक आधुनिक असलहों से लैस जवान जगह-जगह मुस्तैद रहेंगे। मंगलवार को ही पुलिस अधिकारियों ने सुरक्षा एजेंसियों व अन्य जवानों के साथ रिहर्सल भी किया है। राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू बुधवार को अयोध्या दौरे पर हैं। शाम चार बजे एयरपोर्ट से उतरकर वह राम मंदिर व सरयू तट पर जाएंगी। इस दौरान सभी मार्गों पर पड़ने वाले मकानों पर असलहों से लैस जवान तैनात किए गए हैं। पुलिस के अलावा सीआरपीएफ, आरएएफ, एटीएस व पीएसी के जवान भी जगह-जगह तैनात होंगे। खुफिया एजेंसियां भी सतर्क हो गई हैं। सादी वर्दी में अलग-अलग जगहों पर भी जवान तैनात रहेंगे।

- राष्ट्रपति के मार्ग में पड़ने वाले सभी होटल, धर्मशालाओं, लॉज को भी खंगाला गया

जन एक्सप्रेस। अयोध्या

राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू बुधवार को अयोध्या आएंगी। उनका आगमन शाम चार बजे महर्षि वाल्मीकि अंतरराष्ट्रीय हवाई अड्डे पर होगा। यहां से हनुमानगढ़ी के लिए रवाना होंगी। शाम 4.50 बजे हनुमंत लला की आरती में शामिल होंगी। इसके बाद शाम 5.45 बजे सरयू पूजन और आरती करेंगी। यहां से रामजन्मभूमि पहुंचकर शाम 6.45 बजे रामलला के दर्शन कर आरती में शिरकत करेंगी। शाम 7.15 बजे कुबेर टीला के दर्शन करेंगी। इसके बाद हवाई अड्डे से नई दिल्ली के लिए प्रस्थान करेंगी। राष्ट्रपति के प्रेस सचिव अजय सिंह के अनुसार राष्ट्रपति के सभी कार्यक्रमों का कवरेज दूरदर्शन नेशनल न्यूज चैनल की ओर से किया जाएगा। उधर, राष्ट्रपति के मार्ग में पड़ने वाले सभी होटल, धर्मशालाओं, लॉज को भी खंगाला गया है। उनमें ठहरे यात्रियों की भी पड़ताल की गई है। वहीं, शहर के अन्य होटलों की भी छानबीन की गई है। आईजी प्रवीण कुमार ने बताया कि राष्ट्रपति के आगमन पर सुरक्षा घेरा सख्त रहेगा। आसपास के जिलों से पुलिस अधीक्षक, उपाधीक्षक, निरीक्षक, उपनिरीक्षक व सिपाहियों को भी तैनात किया गया है।

चुनाव में 'शराब की नदियां' और 'नोटों की बौछार' करना पड़ रहा भारी

चुनाव आयोग की सख़्ती के चलते प्रदेश में करोड़ों रुपए की शराब, नगदी, कीमती धातु, हथियार वह अन्य सामान जब्त किए जा चुके

- जब्ती संबंधी आयोग के निर्देशों उड़नदस्तों ने कड़ाई से अनुपालन किया
- मतदान के सभी सात चरणों तक सख्ती के साथ लागू रहेगी व्यवस्था

जन एक्सप्रेस । डॉ.वैभव शर्मा

लखनऊ। लोकसभा चुनाव में शराब की नदियां और नोटों की ब्यौछार करने या करने की सोचने वालों पर चुनाव आयोग के निर्देश भारी पड़ रहे हैं। सख़्ती के चलते उत्तर प्रदेश में करोड़ों रुपए की शराब, नगदी, कीमती धातु, हथियार वह अन्य सामान जब्त किए जा चुके हैं। आयोग के निर्देश के अनुसार मतदान के सभी सात चरणों तक सख़्ती के साथ लागू रहेगी व्यवस्था। यूपी में प्रवर्तन एजेंसियों व उड़नदस्तों ने अवैध शराब, नकदी आदि को लेकर पूरी सख्ती दिखाई है। जब्ती संबंधी आयोग के निर्देशों उड़नदस्तों ने कड़ाई से अनुपालन किया है। लोकसभा चुनाव में आदर्श आचार संहिता का पालन किए जाने के दौरान प्रवर्तन एजेंसियों द्वारा रविवार को फूलपुर और आगरा के क्षेत्र में 1.04 करोड़ रुपये के मादक पदार्थों की जब्ती की गई. 4.39 लाख रुपये नकदी की जब्ती हुई, 51.58 लाख रुपये की शराब जब्त की गयी। 13.72 लाख रुपये की बहुमूल्य धातु भी विभाग द्वारा जब्त किए गए।

330 करोड रुपए की शराब जब्त हुई

मुख्य निर्वाचन अधिकारी नवदीप रिणवा के अनुसार बीते एक मार्च से 28 अप्रैल तक जब्त की गई शराब की कीमत कुल 329.77 करोड़ रुपये है। ड्रग, बहुमूल्य धातुएं के अलावा नकदी आदि भी जब्त कर लिए गए। इसमें 32.11 करोड़ रुपये नकदी, 45.83 करोड़ रुपये की शराब, 218.51 करोड़ रुपये कीमत की ड्रग्स, 21.75 करोड़ रुपये की बहुमूल्य धातु शामिल है।

4,692 शस्त्र लाइसेंस निरस्त किए

पुलिस ने आपराधिक छवि के लोगों के हथियार भी जब्त किए। इस दौरान कुल 535 लाइसेंसी शस्त्र जब्त किए गए। दूसरी ओर 4,692 लाइसेंस निरस्त कर दिए और शस्त्र भी जमा करवा लिए गए। अब तक 21,85,577 लोगों को इसके लिए पाबंद भी कर दिया गया है।

मतदाताओं को लुभाने के लिए नकदी बांटने के मामले भी

बिना अनुमति के सभा व भाषण करने, मतदाताओं को लुभाने के लिए नकदी बांटने, वाहनों में बीकन लाइट, फ्लैग के दुरुपयोग व अन्य मामलों में 103 एफआईआर और 6 एनसीआर दर्ज की गई है। वहीं, रविवार की जानकारी तक 6 एनसीआर भी दर्ज कराई जा चुकी है। गाड़ियों में बीकन लाइट, फ्लैग के गलत इस्तेमाल के 1277 केस में और लाउडस्पीकर एक्ट के उल्लंघन के मामले में 2193 केस के तहत कार्यवाही की गयी है।

कानपुर एक्सप्रेस

कानपुर और उन्नाव की खबरों को पढ़ने के लिए देखें पेज 3 और 11

जन एक्सप्रेस फाइटर जी कहिन को इस Qr-code के माध्यम से सर्च करें

जनता नहीं, अपराधियों के साथ है ममता दीदी की ममता : योगी

जन एक्सप्रेस/एजेंसी। आसनसोल

- योगी आदित्यनाथ ने आसनसोल से भाजपा प्रत्याशी एसएस अहलूवालिया के पक्ष में की जनसभा
- बांप्ला अब सोनार बांप्ला नहीं रहा, सोनार बांप्ला के लिए भाजपा को वोट दें: सीएम
- पश्चिम बंगाल के मतदाताओं ने योगी संग कहा, फिर एक बार मोदी सरकार
- बोले, बंगाल को भी यूपी जैसा मॉडल चाहिए, जैसी अयोध्या लगती है, वैसे ही बंगाल को बनाना है

जिस बंगाल के स्वामी विवेकानंद ने वैश्विक मंच पर कहा था कि गर्व से कहो हम हिंदू हैं, आज उसी बंगाल में जयश्रीराम बोलने पर प्रतिबंध लगाया जाता है। जिस बंगाल ने बांग्ला रामायण लिखा था, आज वहां जयश्रीराम कहने पर गोली चलाई जाती है। शोभायात्रा पर हमले कर दिए जाते हैं। सरकार की ओर से झूठे मुकदमे दर्ज किए जाते हैं। पूरे देश को संस्कृति, कला व संस्कारों की सीख देने वाली बंगाल की भूमि में आज संदेशखाली की घटना होती है और तृणमूल सरकार अपराधी को बचाने का कार्य करती है। उपद्रवियों के सामने पूरी टीएमसी सरकार मौन है। ममता दीदी की ममता जनता नहीं, बल्कि अपराधियों के साथ है। बंगाल की परिस्थितियों से हर भारतवासी चिंतित है। यह बातें उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने कहीं। उन्होंने मंगलवार को पश्चिम बंगाल में तीसरी जनसभा आसनसोल लोकसभा क्षेत्र से भाजपा उम्मीदवार एसएस अहलूवालिया के पक्ष में की। इस अवसर पर पूर्व केंद्रीय मंत्री व आसनसोल से भाजपा प्रत्याशी एसएस अहलूवालिया जितेंद्र तिवारी, तापस रॉय, अर्जित रॉय आदि मौजूद रहे।

जैसी अयोध्या लगती है, वैसे ही बंगाल को बनाना है

सीएम ने कहा कि बंगाल को भी यूपी जैसा मॉडल चाहिए। जब कोठारी बंधू बलिदान हुए थे तो अंतिम समय भी उन्होंने नारा लगाया कि रामलला हम आएंगे, मंदिर वहीं बनाएंगे। नाम भले अलग हैं, लेकिन लूट, अराजकता, भ्रष्टाचार में कांग्रेस, तृणमूल व कम्युनिस्ट एक हैं। बस लूटने के तरीके इनके अलग हैं। तीनों पर विश्वास नहीं करना है। उन्होंने कहा कि बंगाल अब सोनार बंप्ला नहीं रहा। अपील की कि सोनार बांप्ला के लिए मोदी जी के नेतृत्व में वोट देना है। सीएम ने सुरक्षित व समृद्धि बंगाल की वकालत की। अयोध्या की चर्चा करते हुए उन्होंने कहा कि तब और अब की अयोध्या में काफी अंतर आ गया है। जैसी अयोध्या लगती है, वैसे ही बंगाल को बनाना है।

बंगाल के कोठारी बंधुओं ने राम जन्मभूमि के लिए दिया था बलिदान

सीएम ने कहा कि जिन कारणों से 1947 में मजहब के आधार पर देश का विभाजन हुआ था। बंगाल के अंदर कांग्रेस व तृणमूल के लोग फिर से उसी परिस्थिति को पैदा करने का प्रयास कर रहे हैं। बीरभूमि में सात में से तीन असेंबली की डेमोग्राफी बदल गई है। वहां रामनवमी के जुलूस पर हमले होते हैं। सीएम ने कहाकि अयोध्या में राम जन्मभूमि आंदोलन में बंगाल के कोठारी बंधुओं ने खुद को बलिदान किया था।

आसनसोल की जनता को पानी के लिए तरसा रही ममता दीदी

सीएम ने कहा कि जो काम 65 वर्ष में कांग्रेस नहीं पाई, वह काम 10 वर्ष में मोदी जी ने कर दिया। बंगाल में जो काम दीदी 15 वर्ष में नहीं कर पाई, हमने पांच वर्ष में ही उत्तर प्रदेश में कर दिया। बंगाल में तृकां सरकार जनता की योजनाएं लागू नहीं होने देती। तृणमूल सरकार आसनसोल की जनता को पानी के लिए तरसा देती है। मोदी जी हर घर नल योजना लागू करना चाहते, लेकिन यह लोग पानी नहीं देना चाहते।

उप्र में 50 हजार स्थानों पर होती है दुर्गा पूजा, कहीं भी दंगा नहीं हुआ

रैली में आए आमजन के हाथ में श्रीराम की फोटो देख सीएम गदगद हो गए। उन्होंने कहा कि यहां रामनवमी की शोभायात्रा नहीं निकल रही है। उप्र में 50 हजार स्थानों पर दुर्गा पूजा होती है। सात वर्ष में वहां कर्फ्यू व एक भी दंगा नहीं हुआ। दंगा-कर्फ्यू लगाने वालों को पता है कि रामनवमी के जुलूस पर पथराव करेंगे तो ऐसा उल्टा लटका देंगे कि सात पीढ़ियां दंगा करना भूल जाएंगी। हम देंगा करने वालों की संपत्ति को कब्जे में लेकर गरीबों में बांट देते हैं।

फास्ट फॉरवर्ड

इलाहाबाद हाईकोर्ट में हार्ट अटैक से अधिवक्ता की मौत

जन एक्सप्रेस/प्रयागराज। इलाहाबाद हाईकोर्ट में मंगलवार को करीब 12.30 बजे अफरा तफरी मच गई जब एक अधिवक्ता बेहोश हो कर गिर पड़े। कुछ देर बाद स्थित साफ हुई तो पता चला कि पीड़िता अधिवक्ता का नाम मनीष कुमार दुबे है। घटना के वक्त मनीष त्रिभुवन उपाध्याय हॉल में अपनी सीट पर बैठे हुए थे। घटना के बाद साथी वकील उन्हें तत्काल स्वरूप रानी अस्पताल लेकर गए लेकिन डॉक्टरों ने उन्हें मृत घोषित कर दिया।

4 आरोपियों के विरुद्ध मिनी गुण्डा एक्ट की कार्यवाही

जन एक्सप्रेस/चित्रकूट। पुलिस अधीक्षक अरुण कुमार सिंह के निर्देश पर लोकसभा चुनाव-2024 के दृष्टिगत अपराध एवं अपराधियों पर अंकुश लगाने के लिए अपराधियों के विरुद्ध की जा रही कार्यवाही के क्रम में प्रभारी निरीक्षक बरगढ़ राकेश मौर्या द्वारा जनता में भय आतंक फैलाकर गुण्ड-गर्दी करने वाले छोटेलाल निवासी किटहाई खोहर, बुद्धनारायण निवासी मुरका, देवलाल पाल निवासी केचुहट, रमाकान्त उर्फ दहचाली निवासी बिलरा रैपुरा के विरुद्ध मिनी गुण्डा एक्ट की कार्यवाही की गयी।

श्री महर्षि वाल्मीकि तपोस्थली के ट्रस्टी मंडल ने की डीएम से मुलाकात

जन एक्सप्रेस/चित्रकूट। श्री महर्षि वाल्मीकि तपोस्थली चित्रकूट प्रमुख द्वार के ट्रस्टी मंडल के पदाधिकारियों ने जिलाधिकारी अभिषेक आनन्द से कार्यालय में मुलाकात करके आश्रम में उत्तर प्रदेश सरकार द्वारा प्रस्तावित कार्यों को लेकर विस्तृत चर्चा की। जिसमे से प्रमुख कार्य रोपवे का निर्माण, परिक्रमा पथ का निर्माण, श्री महर्षि वाल्मीकि संग्रहालय, हेलीपैड द्वितीय तमसा नदी आरती स्थल का निर्माण कार्य आदि शीघ्र कराए जाने के लिए जिलाधिकारी को लिखित रूप में पत्र सौंपा। जिलाधिकारी ने आश्वासन देते हुए कहा कि जो भी कार्य प्रदेश सरकार द्वारा प्रस्तावित हैं, उनको शीघ्र ही पूर्ण कराए जाने के लिए सम्बन्धित एजेंसियों को लिखित आदेश भेजकर कार्यों की समीक्षा की जाएगी। इस मौके पर ट्रस्ट के अध्यक्ष चंद्रिका प्रसाद उपाध्याय, ट्रस्ट कोषाध्यक्ष अभय महाजन, सचिव महंत भरतदास, महंत दिव्यजीवन दास आदि मौजूद रहे।

अवैध शराब के साथ तीन कारोबारी गिरफ्तार

जन एक्सप्रेस/चित्रकूट। पुलिस अधीक्षक अरुण कुमार सिंह के निर्देश पर लोकसभा चुनाव-2024 के दृष्टिगत अवैध शराब निर्माण एवं बिक्री की रोकथाम के लिए चलाये जा रहे अभियान के क्रम में चित्रकूट पुलिस ने 3 आरोपियों को 87 लीटर कच्ची शराब, 1 क्विंटल लहन व शराब बनाने के उपकरण के साथ गिरफ्तार किया। प्रभारी निरीक्षक बरगढ़ राकेश मौर्य तथा उप निरीक्षक यूटी अनुराग, मुख्य आरक्षी रमेशचन्द्र, आरक्षी अखिलेश, आकाश, संजीव, रोहित, महिला आरक्षी रुचि वर्मा, सरिता ओझा द्वारा कुसुम कली निवासी कुरियाडीह सुरगवां को 35 लीटर कच्ची शराब, 1 क्विंटल लहन व शराब बनाने के उपकरणों के साथ गिरफ्तार किया गया। बरामद लहन को मौके पर नष्ट किया गया। इसी क्रम में सरोज देवी निवासी कुरियाडीह सुरगवां को 42 लीटर कच्ची शराब के साथ गिरफ्तार किया गया। इसी प्रकार मऊ थाना प्रभारी निरीक्षक अजीत कुमार पाण्डेय ने बताया कि उप निरीक्षक विनय विक्रम सिंह तथा आरक्षी

डीएम ने ली बाढ़ नियंत्रण के सम्बन्ध में स्टेयरिंग कमेटी की बैठक

जन एक्सप्रेस। चित्रकूट

जिलाधिकारी अभिषेक आनंद की अध्यक्षता में मंगलवार को बाढ़ नियंत्रण के सम्बन्ध में स्टेयरिंग कमेटी की बैठक जिला कलेक्टरेट सभागार में हुई।

जिलाधिकारी ने बाढ़ के पूर्व व बाढ़ के बाद के विभिन्न बिंदुओं पर विस्तृत चर्चा की। उन्होंने मुख्य पशु चिकित्साधिकारी को निर्देशित किया कि बाढ़ के बाद पशुओं का चारें व टीकाकरण सुनिश्चित कराएं। उन्होंने कहा कि यमुना नदी के किनारे पूर्व में आई बाढ़ों की लिस्ट बनाकर चिन्हित करें व नाविको की सूची भी तैयार रखें। उन्होंने कहा कि बाढ़ के समय कटान रोकने के लिए बोरों व अन्य संसाधन पर्याप्त तैयार रखें। साथ ही जिन ग्राम सभाओं में पानी से घिरे थे उन्हें भी चिन्हित करें। उन्होंने कहा कि बरसात से पूर्व बाढ़ वाले क्षेत्रों में ऊंचे स्थलों का भी चिन्हकन करें। जिलाधिकारी ने निर्देशित किया कि जनपद में ओहन बांध, बरुआ बांध, गुंता बांध पर वायरलेस सेट स्थापित भी सुनिश्चित कराएं। उन्होंने जिला पूर्ति अधिकारी को निर्देशित किया कि आपदा सम्बन्धित राहत का टेंडर एक महीने के अंदर सुनिश्चित कराएं। साथ ही बाढ़ के समय आवश्यक सामग्री की व्यवस्था भी सुनिश्चित कराएं। उन्होंने मुख्य चिकित्साधिकारी को निर्देशित किया कि बाढ़ प्रभावित क्षेत्रों में आवश्यक दावाओं की उपलब्धता सुनिश्चित कराएं। बांधों पर चल रहे सभी प्री मानसून सत्र से पहले निरीक्षण कर मरम्मत कार्य पूर्ण कराएं। जिलाधिकारी ने कहा कि बाढ़ नियंत्रण कक्ष की स्थापना जनपद तहसील पर प्रशासनिक विभाग द्वारा तथा सिंचाई विभाग द्वारा कर्मचारियों की ड्यूटी एवं दूरभाष नंबर की सूची भी तैयार कराएं। साथ ही कहा कि सभी तहसीलों में नायब तहसीलदार को नोडल अधिकारी बनाएं। उन्होंने पुलिस क्षेत्राधिकारी राजापुर निष्ठा उपाध्याय को निर्देशित किया कि बाढ़ के समय सुरक्षा के लिए आवश्यकता पड़ने पर पीएसी एवं पुलिस, होमगार्ड एवं पेट्रोलियम की भी व्यवस्था सुनिश्चित कराएं। उन्होंने अधिशासी अभियन्ता विद्युत को निर्देशित किया कि यमुना किनारे ट्रांसफार्मर का लोड अगर कम है तो उसे बढ़ाएं। जिलाधिकारी ने अधिशासी अधिकारियों को निर्देशित किया कि बरसात से पूर्व सभी कूपों में ब्लीचिंग पाउडर का घोल डालना सुनिश्चित करें। उन्होंने उपस्थित सभी अधिकारियों को निर्देशित किया कि जिन विभागों को जो कार्य दिया गया है वह कार्य समय से पूर्ण कराएं।

इस मौके पर मुख्य विकास अधिकारी अमृतपाल कौर, अपर जिलाधिकारी वित्त एवं राजस्व उमेश चंद्र निगम, पुलिस क्षेत्राधिकारी राजापुर निष्ठा उपाध्याय, उप जिलाधिकारी राजापुर प्रमोद कुमार झा, जिला विकास अधिकारी राजकुमार त्रिपाठी, मुख्य पशु चिकित्साधिकारी सुभाष चंद्र, जिला कृषि अधिकारी आरपी शुक्ला, जिला बेसिक शिक्षा अधिकारी लव प्रकाश यादव, अधिशासी अभियंता विद्युत दीपक सिंह आदि मौजूद रहे।

डीएम व एसपी ने जिला कारागार का निरीक्षण कर लिया व्यवस्थाओं का जायजा

जन एक्सप्रेस/चित्रकूट। जिलाधिकारी अभिषेक आनन्द, पुलिस अधीक्षक अरुण कुमार सिंह ने मंगलवार को जिला कारागार का औचक निरीक्षण कर व्यवस्थाओं का जायजा लिया। जहां उन्होंने महिला बैरक में निरुद्ध महिला कैदियों, चिकित्सालय एवं पाकशाला (रसोई घर) का निरीक्षण किया। जिलाधिकारी ने सर्वप्रथम सीसीटीवी कैमरा कन्ट्रोल रूम का निरीक्षण किया। उन्होंने जेल अधीक्षक को निर्देशित किए कि कैमरा संचालित रहना चाहिए। साथ ही जो कैमरा खराब है उसको रिपेयर कराएं। जिलाधिकारी ने महिला बैरक के निरीक्षण के दौरान निरुद्ध महिला कैदियों से खानपान व समस्याओं के बारे में जानकारी ली। उन्होंने जेल अधीक्षक को निर्देशित किया कि शासन की गाइड लाइन के अनुसार दूरभाष पर बात भी कराते रहें। उन्होंने निर्देशित किया कि बच्चों को झूला व कैरमबोर्ड की भी व्यवस्था सुनिश्चित कराएं। उन्होंने निरुद्ध कैदियों के लिए आरो पानी की सप्लाई का भी निरीक्षण किया। इसके बाद उन्होंने पाकशाला का निरीक्षण किया। जिलाधिकारी ने जेल अधीक्षक से कहा कि कैदियों को भोजन, नाश्ता प्रतिदिन मीनू के अनुसार दिया जाए। इसमें कोई अव्यवस्था नहीं होना चाहिए।

डीएम ने किया निर्वाचन सामग्री की पैकेटिंग का निरीक्षण

जन एक्सप्रेस। चित्रकूट

जिलाधिकारी जिला निर्वाचन अधिकारी अभिषेक आनन्द ने मंगलवार को लोकसभा सामान्य निर्वाचन-2024 को पारदर्शी, शांतिपूर्ण एवं सकुशल संपन्न कराए जाने को लेकर कृषि भवन में निर्वाचन सामग्री की पैकेटिंग का निरीक्षण किया।

जिला निर्वाचन अधिकारी ने पैकेटिंग में विभिन्न प्रपत्र, लिफाफा, स्टेशनरी, बैग, स्टेशनरी, पीठासीन अधिकारी डायरी, मतदाता पर्ची आदि को देखा। उन्होंने अपर जिलाधिकारी वित्त एवं राजस्व से कहा कि निर्वाचन सामग्री पैकेटिंग के साथ प्रत्येक बैग में यह अवश्य देख लिया जाए की कोई भी निर्वाचन सामग्री छूट तो नहीं गई है। उन्होंने अपर जिलाधिकारी से कहा कि मतगणना स्थल राष्ट्रीय रामायण मेला परिसर सीतापुर चित्रकूट में बनाए गए स्ट्रांग रूम में ईवीएम मशीनों के जमा कराए जाने के साथ जो स्टेशनरी जमा होनी है, उसकी भी व्यवस्था सुनिश्चित कराई जाए।

इस मौके पर अपर जिलाधिकारी वित्त एवं राजस्व उमेश चन्द्र निगम, उपनिदेशक कृषि राजकुमार, बन्दोबस्त अधिकारी चकबंदी एम एल धर्मान, जिला कृषि अधिकारी आर पी शुक्ला आदि मौजूद रहे।

मंडलायुक्त व डीआईजी ने स्ट्रांग रूम एवं मतगणना स्थल का किया निरीक्षण

जन एक्सप्रेस। उरई

मंडलायुक्त विमल कुमार दुवे, डीआईजी कलानिधि नैथानी ने जिला निर्वाचन अधिकारी राजेश कुमार पाण्डेय व एसपी ईरज राजा की मौजूदगी में कालपी रोड नवीन गल्ला मंडी में लोकसभा चुनाव की तैयारियों को देखते हुए मतदान पार्टियों की रवानगी स्थल, मतगणना स्थल और स्ट्रांग रूम आदि का निरीक्षण कर आवश्यक दिशा निर्देश दिए। कलापी रोड नवीन गल्ला मंडी में स्थित रवानगी स्थल, मतगणना स्थल और स्ट्रॉन्ग रूम आदि का निरीक्षण करने के बाद मतदान के पश्चात सील्ड ईवीएम जमा करने के लिए बनने वाले स्ट्रांग रूम स्थल का निरीक्षण किया। निरीक्षण के दौरान सम्बंधित अधिकारियों से विधानसभा वार मतगणना के लिए लगाए जाने वाले टेबल, वाहन पार्किंग स्थल, मतगणना स्थल, स्ट्रांग रूम की जानकारी ली। मंडलायुक्त ने संबंधित अधिकारी तथा अधिशासी अभियंता लोक निर्माण विभाग को ईवीएम वीवीपैट मशीन आदि पार्टी रवानगी(डिस्पैच) से लेकर प्राप्ति (रिसीविंग) तक विस्तृत ले आउट प्लान बनाने से संबंधित निर्देश दिया। उन्होंने निर्देशित किया कि रूट प्लान तैयार करते हुए वाहन पार्किंग की बेहतर व्यवस्था भी सुनिश्चित रहे। इस अवसर पर एडीएम नमामि गंगे विशाल यादव, एएसपी असीम चौधरी, नगर मजिस्ट्रेट अजीत कुमार जायसवाल, सीओ कालपी देवेंद्र सिंह सहित अधिकारी मौजूद रहे।

छत से गिरकर युवक की मौत परिजनों में कोहराम

जन एक्सप्रेस। उरई

डकोर कोतवाली क्षेत्र के मुहम्मदाबाद गांव निवासी दीनानाथ वर्मा के पुत्र सुरेन्द्र 36 वर्ष के चार पुत्रियों के बाद पुत्र हुआ था। जिसके मुंडन कार्यक्रम में रिश्तेदार भी खुशी में शरीक होने गांव पहुंचे थे। रात में सुरेन्द्र मकान की छत पर सो गया। जब उसने नींद में करवट ली होगी, इससे वह छत से नीचे गिर गया। जिसमें उसकी मौत हो गई। खुशियों से भरा माहौल मातम में बदल गया। वहीं घटना की खबर मिलते ही मौके पर पहुंची पुलिस ने शव को कब्जे में लिया और पंचनामा भरकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया। फिलहाल घटना के बाद से मृतक की पत्नी सहित अन्य परिजनों का रो-रोकर बुरा हाल है।

पुत्र ही निकला पिता का हत्यारा, संपत्ति के लालच में दिया वारदात को अंजाम

- पुलिस ने आलआकत्ल सहित आरोपी पुत्र को किया गिरफ्तार

जन एक्सप्रेस। उरई

कोतवाली क्षेत्र के ग्राम अजनारी में हुई वृद्ध की हत्या मामले का खुलासा पुलिस ने 12 घंटे के अंदर कर दिखाया। जिसमें पिता की हत्या के आरोपी पुत्र को आलाकत्ल के साथ गिरफ्तार कर लिया।

खुलासा करते हुए क्षेत्राधिकार गिरजा शंकर त्रिपाठी ने बताया कि शहर के ग्राम अजनारी में बीते दिन 70 वर्षीय वृद्ध परशुराम की देर रात सोते समय धारदार हथियार से हत्या कर दी गई थी। घटना की खबर मिलते ही पुलिस के अलावा फॉरेंसिक टीम मौके पर पहुंची थी और साक्ष्य एकत्रित कर मामले की जांच पड़ताल शुरू कर दी थी। बताया कि मृतक के पुत्र महेंद्र ने घटना की तहरीर दी थी। जिसमें मुकदमा पंजीकृत कर लिया गया था। जांच पड़ताल के दौरान मृतक के छोटे पुत्र रामआसरे का नाम सामने आया। जिसमें पुलिस ने तत्काल कार्रवाई करते हुए उसे गिरफ्तार लिया। इतना ही नहीं पुलिस ने पिता के हत्यारोपी पुत्र की निशानदेही पर घटना में प्रयुक्त आलाकत्ल भी बरामद कर लिया। सीओ ने बताया कि पूछताछ के दौरान हत्यारोपी पुत्र ने बताया कि झांसी हाईवे किनारे उसकी 30 बीघा जमीन है। जिसमें पिता द्वारा चार बीघा जमीन बेच दी गई और उसे कुछ भी हाथ नहीं लगा। जिसके चलते देर रात उसने पिता की हत्या कर दी और मौके से भाग गया। फिलहाल पुलिस ने आरोपी पुत्र के विरुद्ध संबंधित कारवाई कर चालान कर दिया।

उच्च अधिकारियों ने ग्रामीण क्षेत्रों के पोलिंग बूथों का निरीक्षण कर परखी व्यवस्था

जन एक्सप्रेस। कालपी

लोकसभा चुनाव की व्यवस्थाओं में कोई कमी न रहने पाये इसलिये सब कुछ बेहतर बनाने के लिए जिला प्रशासन के द्वारा इंतजाम किये जा रहे हैं। इसी को दृष्टिगत रखते हुये मंगलवार को एसडीएम हेमंत पटेल ने कई गांवों में घूम-घूमकर पोलिंग बूथों का निरीक्षण किया। उन्होंने निर्देश दिया कि पोलिंग बूथों में मतदाताओं की सुविधाओं के लिए व्यवस्था मुकम्मल रहना चाहिए। डीएम राजेश कुमार पाण्डेय के निर्देश के अनुरूप एसडीएम ने महेवा बिकास खंड के उरकरा कला, पड़री, नरहान, मगरौल आदि स्थानों के पोलिंग बूथों का निरीक्षण किया। उन्होंने जिम्मेदारो को हिदायत दी है कि पोलिंग बूथों बिजली, पानी, सफाई, रोशनी तथा रैम्प की पर्याप्त व्यवस्था की जानी चाहिये।

पोलिंग बूथों में बाल पेंटिंग की हकीकत परखी।उन्होंने कहा कि सभी पोलिंग बूथों मे मतदाताओं की सुविधाओं की किसी भी प्रकार की कमी नहीं होनी चाहिए। दर असल निरीक्षण के दौरान पोलिंग बूथों यानी विधालयो में शिक्षक मिले। एसडीएम ने शिक्षकों को निर्देश दिए कि मतदान का प्रतिशत बढ़ाने के लिये मतदाता जागरूकता अभियान भी चलाये।

परिश्रम करने वालों ने ही उन्नति और ख्याति प्राप्त की है: ऊषा जैन

जन एक्सप्रेस। चित्रकूट

परमहंस संत श्री रणछोड़दास महाराज की प्रेरणा से संचालित श्री सदगुरु शिक्षा समिति के तत्त्वावधान में चल रहे शैक्षणिक संस्थानों के वार्षिक गृह परीक्षा परिणाम सदगुरु सभागार जानकीकुंड में घोषित किये गए।

शिक्षा समिति कि अध्यक्ष उषा जैन ने छात्रों, शिक्षकों तथा अभिभावकों को उनके कुशल परिणाम के लिए बधाई दी। उन्होंने कहा कि यह परीक्षा परिणाम से हमें सीख लेने कि आवश्यकता है। जिससे आगामी वर्ष में और अधिक अच्छे अंकों से छात्र उत्तीर्ण हो सके, जो छात्र किसी कारण से कम अंक प्राप्त किये हैं वो मेधावी छात्रों एवं गुरुजनों से मार्गदर्शन प्राप्त कर और अधिक परिश्रम करें। उन्होंने शिक्षकों को उनके कुशल मार्गदर्शन तथा विद्यालय प्राचार्य को उनके अनुशासन के लिए साधुवाद प्रदान करते हुए कहा कि परिश्रम करने वालों का परिश्रम कभी बेकार नहीं जाता, जिसने परिश्रम किया है वही एक दिन उन्नति और ख्याति प्राप्त किया है। उन्होंने कहा कि हम चाहते हैं, कि हमारे छात्र शैक्षणिक गतिविधियों के साथ स्पोर्ट्स एवं अन्य बौद्धिक विकास की गतिविधियों में भी अव्व्वल स्थान प्राप्त करें। जिससे उनका समुचित विकास संभव हो सके। अनुशासन से हर बाधा पर विजय प्राप्त करी जा सकती है। एक विद्यार्थी के जीवन में अनुशासन का सर्वाधिक महत्त्व होता है। एक अनुशासित छात्र ही अपने लक्ष्य को प्राप्त कर सकता है। इसलिए अनुशासन का पालन सभी के लिए परम आवश्यक है। इसके बाद नर्सरी से ग्यारहवी तक की कक्षाओं के गृह परीक्षा परिणाम प्राचार्यों ने घोषित किये। साथ ही प्रत्येक कक्षा में प्रथम और द्वितीय स्थान अर्जित करने वालें छात्रों को पुरुस्कृत किया।

इस मौके पर ट्रस्टी डॉ. बी.के. जैन, उपाध्यक्ष अनुभा अग्रवाल, सचिव आर बी सिंह चैहान, प्राचार्य शंकर दयाल पाण्डेय, राकेश तिवारी, सुरेन्द्र तिवारी आदि मौजूद रहे।

तालाब में डूबने से चचेरे भाई बहनों की मौत, आम बीनते समय पैर फिसलने से हुआ हादसा

जन एक्सप्रेस। कौशांबी

रहीमपुर मौलानी गाव में शारदा व तीरथ सगे भाई हैं। गांव में वह अपनी पत्नी बच्चों के साथ रहते हैं। दोनों परिवार के मुखिया मेहनत मजदूरी कर अपना गुजर बसर करते हैं। परिवार में बच्चे अभी छोटे हैं। शारदा का बेटा अंधू (7) व तीरथ की बेटी उर्मिला (6) मंगलवार शाम पढ़ाई के बाद गांव के बाहर तालाब किनारे लगे आम के पेड़ से कच्चे आम तोड़ने गए। करारी थाना क्षेत्र के रहीमपुर मोलानी गांव में मंगलवार की शाम आम बिनने गए चचेरे भाई बहन तालाब में डूब गए। कुछ देर बाद खोजते हुए परिजन मौके पर पहुंचे। दोनों को तालाब से निकाल कर जिला अस्पताल ले गए। डॉक्टरों ने उन्हें मृत घोषित कर दिया। बच्चों की मौत से परिजनों में कोहराम मच गया। सूचना पर पुलिस ने शव को पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया। बच्चों की मौत के बाद गांव में मातम का माहौल है।

रहीमपुर मौलानी गाव में शारदा व तीरथ सगे भाई हैं। गांव में वह अपनी पत्नी बच्चों के साथ रहते हैं। दोनों परिवार के मुखिया मेहनत मजदूरी कर अपना गुजर बसर करते हैं। परिवार में बच्चे अभी छोटे हैं। शारदा का बेटा अंधू (7) व तीरथ की बेटी उर्मिला (6) मंगलवार शाम पढ़ाई के बाद गांव के बाहर तालाब किनारे लगे आम के पेड़ से कच्चे आम तोड़ने गए। अंधू पेड़ में पत्थर मारकर आम तोड़ कर नीचे गिरा रहा था। जिसे उर्मिला उठा कर एक जगह एकत्रित कर रही थी। इसी दौरान पास में तालाब में अचानक शिवानी का पैर आम उठाने के चक्कर में फिसल गया। वह तालाब में गिरकर डूबने लगी। चचेरी बहन उर्मिला को डूबता देख अंधू उसे बचाने की कोशिश में खुद भी तालाब मे उतर गया।

जनपद न्यायाधीश ने किया राजकीय सम्प्रेक्षण गृह का निरीक्षण

जन एक्सप्रेस। चित्रकूट

जिला विधिक सेवा प्राधिकरण के अध्यक्ष जनपद न्यायाधीश विकास कुमार प्रथम ने मंगलवार को राजकीय सम्प्रेक्षण गृह (किशोर) का औचक निरीक्षण किया। इस दौरान उन्होंने बाल अपचारियों से उनकी समस्याओं के बारे में जानकारी की।

जिला विधिक सेवा प्राधिकरण की प्रभारी सचिव अपर जिला जज नीलू मेनवाल ने बताया कि जनपद न्यायाधीश द्वारा सम्प्रेक्षण गृह (किशोर) में निरीक्षण के बाद कौशल विकास के अन्तर्गत चलाई गई प्रशिक्षण योजनाओं के अन्तर्गत सर्वश्रेष्ठ प्रदर्शन करने वाले बाल अपचारियों को प्रमाण पत्र प्रदान किया गया।

इस मौके पर मुख्य न्यायिक मजिस्ट्रेट सूर्यकान्त धर दुबे, किशोर न्याय बोर्ड की प्रधान मजिस्ट्रेट अंजलिका प्रियदर्शनी, उप जिलाधिकारी सदर सौरभ यादव आदि मौजूद रहे।

शिवपाल यादव के बेटे आदित्य की निजी तस्वीरें वायरल

जन एक्सप्रेस। प्रयागराज

प्रज्जवल रेवन्ना के बाद अब बदायूं से सपा प्रत्याशी आदित्य यादव की तस्वीरें सोशल मीडिया पर चर्चा का विषय बनी हुई हैं। किसी ने आदित्य की कॉलेज के दौरान की कुछ निजी तस्वीरें एक्स पर पोस्ट कर दीं, जो वायरल हो रही हैं। लोग तरह-तरह के कमेंट कर रहे हैं। बदायूं से सपा प्रत्याशी और सपा महासचिव शिवपाल सिंहर यादव के बेटे आदित्य यादव की निजी जिंदगी की तस्वीरें सोशल मीडिया पर वायरल हो रही हैं। एक व्यक्ति ने सोमवार रात एक्स पर एक फोटो अपलोड कर लिखा है कि तस्वीरें असली हैं लेकिन 2012 की हैं। साथ में कमेंट किया नई हवा है, नई सपा है... जिस व्यक्ति ने तस्वीरें सोशल मीडिया पर डाली हैं, वह भाजपा समर्थक बताया जा रहा है। दरअसल, आदित्य यादव की जो तस्वीरें वायरल हो रही हैं, उनमें वह अपनी महिला मित्रों के साथ नजर आ रहे हैं। यह तस्वीरें किसी पार्टी के दौरान की बताई जा रही हैं। आदित्य की यह तस्वीरें सामने आने के बाद सियासी बवाल मचा हुआ है। भाजपा के कुछ पदाधिकारियों ने फोटो एक दूसरे को शेयर भी किए। इसे लेकर सोशल मीडिया पर प्रतिक्रिया का दौर भी शुरू हो गया है। लोग तरह-तरह के कमेंट कर रहे हैं। इन तस्वीरों को लेकर चल रहे सियासी घमासान पर मंगलवार को दोपहर करीब एक बजे सपा प्रत्याशी आदित्य यादव ने प्रेसवार्ता की। तस्वीरों से जुड़े सवाल के जवाब में आदित्य यादव ने कहा कि ये कॉलेज के दिनों की बहुत पुरानी व्यक्तिगत तस्वीरें हैं।

पुलिस विभाग में अधिवर्षता आयु पूर्ण करने वाले उपनिरीक्षक को दी गई भावभीनी विदाई

जन एक्सप्रेस। चित्रकूट

पुलिस कार्यालय स्थित राघव प्रेक्षागार में पुलिस अधीक्षक अरूण कुमार सिंह की अध्यक्षता में पुलिस विभाग में अपनी सेवा पूर्ण करने वाले उप निरीक्षक की विदाई समारोह का आयोजन किया गया। इस दौरान पुलिस अधीक्षक ने सेवानिवृत्त हो रहे उप निरीक्षक संजीव कुमार शुक्ला को प्रशस्ति-पत्र एवं उपहार प्रदान कर भावभीनी विदाई दी। पुलिस अधीक्षक ने सेवानिवृत हो रहे उप निरीक्षक से कहा कि अपने स्वास्थ्य का ध्यान रखें एवं निरन्तर व्यायाम करते रहें। इस मौके पर प्रतिसार निरीक्षक शिवनारायण, प्रभारी निरीक्षक एएचटीयू दुर्गविजय सिंह, वाचक पारितोष दीक्षित, प्रभारी सोशल मीडिया साइबर सेल निशिकान्त राय, पीआरओ प्रदीप पाल आदि मौजूद रहे।

janexpressnews janexpresslive janexpresslive

कानपुर नगर एक्सप्रेस

www.janexpresslive.com/epaper | हिंदी दैनिक, जन एक्सप्रेस | लखनऊ | बुधवार | 01 मई 2024 | 03

मौसम पूर्वानुमान

पूर्वानुमान
भारतीय मौसम विज्ञान विभाग से प्राप्त मौसम पूर्वानुमान के अनुसार, अगले पांच दिनों में हल्के से मध्यम बादल छाए रहने के आसार हैं मध्य तेज हवाओं एवं मेघ गर्जना के साथ स्थानीय स्तर पर हल्की से मध्यम बारिश की कोई संभावना है।

अधिकतम (डिग्री०सेo) : 39.2 (-0.6)
न्यूनतम तापमान (डिग्री०सेo) : 23.0 (-0.5)
सापेक्षिक आर्द्रता अधिकतम : 41 प्रतिशत
सापेक्षिक आर्द्रता न्यूनतम : 18 प्रतिशत
हवा की औसत गति : 4.5 कि०मी०/घंटा
हवा की दिशा- उत्तर पश्चिम
वर्षा (मि०मी०) : 0.0
- कृषि मौसम वैज्ञानिक

वैश्य समाज ने लिया शत प्रतिशत मतदान का संकल्प

जन एक्सप्रेस । कानपुर नगर

संजीव गुप्ता के आवास पर अंबेडकर नगर कानपुर नगर में वैश्य समाज कानपुर द्वारा अखंड वैश्य संकल्प मोहल्ला बैठक का आयोजन किया गया, श्री गणेश जी का पूजन सुशील कुमार गुप्ता आचार्य निखिलानंद सरस्वती के द्वारा संपन्न किया गया के पश्चात संगोष्ठी की शुरुवात की गई रमेश गुप्ता को अखिल भारतीय वैश्य एकता परिषद का राष्ट्रीय वरिष्ठ उपाध्यक्ष बनाए जाने पर महेश गुप्ता ने श्रीराम दरबार की प्रतिमा देकर स्वागत किया एवं अखिल भारतीय हमारा समाज पार्टी का प्रदेश अध्यक्ष बनाए जाने पर शैलेंद्र गुप्ता को सुनील गुप्ता ने माल्यार्पण कर राष्ट्रपिता महात्मा गांधी की प्रतिमा देकर शुभकामनाएं दी एवं वैश्य समाज के वरिष्ठ जनों का माल्यार्पण कर स्वागत सम्मान किया गया। जिसमें वैश्य समाज की राजनीतिक हिस्सेदारी एवम राजनीतिक पार्टियों द्वारा किया गया उपहास एवं सामाजिक विषयों पर चर्चा हुई, कानपुर लोक सभा में लगभग 7 लाख वैश्य समाज की गिनती है लेकिन राजनीतिक पार्टियां द्वारा सिर्फ वैश्य समाज को चंदा के लिए ही उपयोग में लाया जाता है जिससे वैश्य समाज में काफी आक्रोश व्याप्त है वैश्य समाज अगर विजय दिला सकता है तो हराने का भी साहस रखता है इसी क्रम में वैश्य समाज ने शत प्रतिशत मतदान करने व करवाने का संकल्प लिया। संगोष्ठी में रामकिशोर पोरवाल, स्वतंत्र कुमार अग्रवाल, मनोज गुप्ता पूर्व पार्षद, डॉ.सुभाष रस्तोगी, अनिल गुप्ता ओम नारायण गुप्ता एडवोकेट, अजय अग्रहरि, आलोक गुप्ता, ऋषि नारायण गुप्ता एडवोकेट, निलेश गुप्ता, पुनीत गुप्ता, धर्मेंद्र गुप्ता, अमित गुप्ता झींझक, हिमांशु रमेश चंद्र गुप्ता, नीरज वैश्य अधिवक्ता आदि वैश्य उपस्थित रहे।

के.डी.ए. और डूडा का भ्रष्टाचार इस बार वोटरों पर डालेगा असर

जन एक्सप्रेस । कमलेश फाइटर

कानपुर नगर। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी को सबसे पहले वर्ष 2014 में जनता ने जनादेश देकर देश के पीएम की कुर्सी पर बैठाया था। जिसके बाद पीएम नरेंद्र मोदी ने जनता का दिल जीता और दोबारा वर्ष 2019 के लोकसभा चुनाव में फिर से देश के प्रधानमंत्री बने। जनता ने दोबारा उन्हें सिर्फ और सिर्फ इसलिए चुना क्योंकि किसी के सामने कोई विकल्प नहीं था। कारण यह था कि पीएम मोदी की सरकार में भ्रष्टाचार को खत्म करने का दावा किया गया था। लेकिन अब तीसरी बार सिर्फ हम कानपुर नगर के सरकारी विभागों में व्याप्त भ्रष्टाचार की बात करें तो जिला नगरीय विकास अभिकरण (डूडा) और कानपुर विकास प्राधिकरण (के.डी.ए.) की बात करें तो इन दोनों विभागों के जिम्मेदारों के इशारे पर जमकर भ्रष्टाचार हुआ है। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने जो योजनाएं गरीबों के लिए आरम्भ की थीं उन योजनाओं का लाभ पाने के लिए अभी भी गरीब इन विभागों में चक्कर लगाते हुए रोजाना नजर आते हैं।

ज्ञातव्य हो कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी का सपना था कि हर गरीब के पास अपने सपनों के घर की चाबी हो कानपुर विकास प्राधिकरण ने भी प्रधानमंत्री आवास योजना के निर्माण का आरंभ किया था। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की दो बार सरकार बन चुकी है तीसरी बार लोकसभा के चुनाव हो रहे हैं, लेकिन अभी भी पीएम आवास के लिए दौड़ लगाते हुए लोग कानपुर विकास प्राधिकरण में देखे जा सकते हैं। साथ ही साथ इन पीएम आवास में अभी भी काम थोड़ा बहुत चल ही रहा है, जिस कारण लाभार्थी आज तक पूर्ण रूप से इन पीएम आवास में बस नहीं सके हैं। इसके साथ ही कानपुर विकास प्राधिकरण धरातल पर कई योजनाएं लाया लेकिन उन्हें सफल नहीं कर सका है। एक और विभाग है जिसे जिला नगरीय विकास अभिकरण डूडा के नाम से जाना जाता है। इस विभाग पर भी प्रधानमंत्री आवास योजना के नाम पर मकान बनाने की राशि देने की जिम्मेदारी थी। इस विभाग में पीएम आवास के नाम पर भ्रष्टाचार खुद किदवई नगर विधानसभा के भाजपा विधायक महेश त्रिवेदी ने पकड़ा था।

गरीब जनता इन दोनों विभागों के चक्कर लगा लगाकर थक चुकी है। गरीबों की बस्तियों में इस बार चुनावी माहौल में केडीए और डूडा के भ्रष्टाचार को लेकर जमकर चर्चाएं हो रही है जिस पर वोटर असमंजस में है। *शेष जारी.....*

ज्वार (चारा) की खेती के लिए जारी की एडवाइजरी

जन एक्सप्रेस । कानपुर नगर

चंद्रशेखर आजाद कृषि एवं प्रौद्योगिक विश्वविद्यालय के कृषि विज्ञान केंद्र दिलीप नगर के पशुपालन वैज्ञानिक डॉ.शशीकांत ने गर्मियों में बहु कटान वाली ज्वार (चारा) की खेती के लिए मंगलवार को किसानों के लिए एडवाइजरी जारी की। उन्होंने बताया कि गर्मियों के मौसम में हरे चारे की कमी होने पर दुधारू पशुओं के लिए इस मौसम में बहु कटान वाली ज्वार बहुत ही लाभप्रद होती है। भारत में 4 फीसदी भूमि पर चारे की खेती की जाती है। जबकि 10 फीसदी भूमि पर चारे की खेती की जानी चाहिए। उन्होंने कहा कि शुष्क भार के आधार पर ज्वार (चारे) में औसत 9 से 10 फीसदी प्रोटीन, 8 से 17? फीसदी शर्करा, 30 से 32 फीसदी फाइबर, 36 फीसदी सैलूलोज एवं 21 से 26 फीसदी हेमीसैलूलोज पाया जाता है। उन्होंने बताया कि ज्वार (चारा) के बोने का उत्तम समय मध्य अप्रैल से मध्य मई तक रहता है। तथा इसका बीज 40 से 50 किलोग्राम प्रति हेक्टेयर पड़ता है। बहु कटान वाली चरी की किस्में एस एस जी 59-3, एम पी चरी, पूसा चरी 23, सी एस एच 20- एमएफ, सी एस एच -24 एमएफ है। उन्होंने बताया की बहू कटान चारे का उत्पादन 650 से 700 कुंतल प्रति हेक्टेयर हरा चारा तथा 150 से 200 कुंतल सूखा चारा प्रति हेक्टेयर उत्पादन होता है। उन्होंने बताया कि प्राय- बहु कटान चारा ज्वार के गुण तथा सिंचाई की दशाओं में खेती करने के कारण बुवाई के 50 से 60 दिन में पशुओं के खिलाने योग हो जाती है।लेकिन यदि जमीन में नमी की कमी रहती है। तो फसल में विषैला तत्व जमा हो जाता है।तथा सूखे की दशा में कटाई के बाद आने वाले कल्लों में हाइड्रोसाइएनिक अम्ल की सांद्रता अधिक होती है। जिसके लिए किसान कटाई से पहले सिंचाई करें तथा कटाई के बाद हरे चारे को 4 से 5 घंटे धूप में रखकर अन्य चारे के साथ उचित मात्रा में मिलाकर पशुओं को खिलाना चाहिए।

मोदी के रोड शो के लिए होने लगी हैं तैयारियां

जन एक्सप्रेस । कानपुर नगर

भाजपा दक्षिण जिलाध्यक्ष शिवराम सिंह के नेतृत्व में किदवई नगर, छावनी और महाराजपुर विधानसभा पार्टी कार्यालयों में मंगलवार को अलग अलग मंडलों की बैठकें संपन्न हुई। भाजपा दक्षिण जिलाध्यक्ष शिवराम सिंह एवं उत्तर प्रदेश सरकार के पूर्व मंत्री एवं पूर्व विधायक रणवेंद्र प्रताप सिंह धुन्नी ने किदवई नगर विधानसभा पार्टी कार्यालय में किदवई नगर, निराला नगर, बर्रा, जूही मंडल की बैठकें की। बैठक में पूर्व मंत्री धुन्नी सिंह ने पार्टी कार्यकर्ताओं को प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के 4 मई को 4 बजे होने वाले रोड शो की तैयारियों में जुटने के निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि पार्टी कार्यकर्ता प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के रोड शो को ऐतिहासिक बनाकर पूरे देश में अपनी मिसाल कायम करें। यह चुनाव देश को 100 साल आगे ले जाने वाला है। उन्होंने सभी पन्ना प्रमुखो से मतदान वाले दिन सुबह 10:30 बजे तक अपने पन्ने के सभी मतदाताओं को मतदान केंद्र तक ले जाकर मतदान कराने की बात कही। भाजपा दक्षिण जिलाध्यक्ष शिवराम सिंह ने कहा कि 11 मई से पूर्व पार्टी कार्यकर्ता तीन बार घर-घर कुंडी खटखटाकर मतदाताओं से संपर्क करेंगे। पार्टी कार्यकर्ता संपर्क के दौरान प्रत्याशी का जीवन परिचय, परिवार पर्ची, मतदाता पर्ची, ईवीएम नमूना एवं प्रधानमंत्री मोदी जी के पत्र लेकर घर घर जाकर मतदाताओं से संपर्क करेंगे। संपर्क के दौरान प्रत्येक घर और वाहनों में प्रत्याशी का स्टीकर लगाना है।

उन्होंने बताया कि मंडल पदाधिकारी को एक-एक शक्तिकेंद्र की जिम्मेदारी दी गई है। बैठक में मंडल में निवास करने वाले जिला पदाधिकारी, विधानसभा चुनाव प्रभारी, सह प्रभारी, संयोजक, सहसंयोजक, मंडल प्रभारी, मंडल अध्यक्ष, वार्ड अध्यक्ष, शक्ति केंद्र संयोजक मौजूद रहे।

नदी नहाने गए मौसा और भतीजे डूबे, मौत

जन एक्सप्रेस । कानपुर नगर

चौबेपुर। जबलपुर के वाचीपुर गांव के पास मौसा और भतीजे की पांडु नदी में नहाते वक्त डूबने से दर्दनाक मौत हो गई। पुलिस को सूचना मिलने के बाद गोताखोरों की मदद से पुलिस ने मौसा के शव को तो ढूंढ निकाला लेकिन भतीजा अभी भी लापता है।

प्राप्त जानकारी के मुताबिक वाचीपुर गांव के रहने वाले मौसा भजनलाल उम्र 45 वर्ष व भतीजा अंकित पुत्र मानसिंह उम्र 18 वर्ष , जो गांव के बाहर खेतों में पानी लगाने के लिए गए हुए थे। भीषण गर्मी के चलते पानी लगाने के बाद पांडु नदी में नहाने गए हुए थे। नहाते नहाते मौसा भजनलाल व भतीजा अंकित गहरे पानी में चले गए इसके बाद दोनों डुब गए। दोनों के डूबने की सूचना मिलते ही क्षेत्र में हड़प्पा पहुंच गया। घटना की जानकारी चौबेपुर पुलिस को ही मौके पर पहुंची पुलिस ने गोताखोरों की मदद से कड़ी मशक्कत के बाद भजनलाल का शव पांडु नदी में खोज निकाला। वहीं भतीजे अंकित की तलाश गोताखोरों के माध्यम से की जा रही है। भजन लाल यहाँ एक शादी में सम्मलित होने आये थे। घटना के बाद से पारिवारिक जनों का रो-रो कर बुरा हाल है।

जुगल देवी सरस्वती विद्या मंदिर में संपन्न हुआ माताओं का सम्मेलन

जन एक्सप्रेस । कानपुर नगर

जुगल देवी सरस्वती विद्या मंदिर, दीन दयालनगर में कक्षा 6 से 12 तक अध्ययनरत छात्र-छात्राओं की माताओं का सम्मेलन हुआ। कार्यक्रम दीप प्रज्ज्वलन एवं माँ सरस्वती पर पुष्पार्चन के साथ प्रारम्भ हुआ। डा0 मोहिनी अग्रवाल (अवकाश प्राप्त प्रवक्ता महिला महाविद्यालय कानपुर) ने अपने उद्बोधन में मातृशक्ति को संबोधित करते हुये बताया कि बच्चों की सफलता के लिए सबसे महत्वपूर्ण भूमिका माँ की ही होती है, मैंने अपनी माँ से ही सीखा है, माँ का आँचल सब कुछ समेट लेता है माँ स्नेह से शिशु को सींचती है मेरे मन के ख्वाब अपने मन में संजोती है डा0 अमृता साहा (स्त्री रोग विशेषज्ञ) ने माताओं को अपने को भी स्वस्थ रखने के लिए प्रेरित किया। डा0रोचना विश्नोई (अध्यक्ष संस्कार भारती कानपुर) ने सम्मेलन में आयी हुयी मातृ शक्ति का अभिनंदन किया, उन्होंने अपने उद्बोधन में कहा कि बच्चे के प्रति संवेदन शीलता दिल-दिमाग सफलता असफलता बहुत कुछ घरेलू वातावरण पर निर्भर करता है। जो हमारे पास नहीं वह ख्वाब है, और जो है वह लाजवाब है। विद्यालय प्रबंध समिति के प्रबंधक डा0 जगन्नाथ गुप्त ने कहा कि बीज को अंकुरित होने के लिए हवा, खाद, तथा सूर्य का प्रकाश मिलना चाहिए उसी प्रकार छात्र को एक स्वच्छ वातावरण दिलाकर ही उसका सर्वांगीण विकास सम्भव है। प्रेम चन्द्र गुप्त, अध्यक्ष एवं डा0 जगन्नाथ गुप्त प्रबंधक विद्यालय प्रबंध समिति और प्रधानाचार्य ने आये हुए अतिथियों को स्मृति चिन्ह एवं उत्तरीय भेट कर स्वागत किया। विद्यालय के प्रधानाचार्य हरि प्रसाद शर्मा ने अतिथियों का परिचय कराते हुए कार्यक्रम की भूमिका भी प्रस्तुत की कार्यक्रम का संचालन अनीता मिश्रा एवं ज्योति झामराय ने किया। विद्यालय के सभी आचार्य आचार्या कार्यक्रम में उपस्थित रहे।

फास्ट फॉरवर्ड

प्रत्याशियों को दी गई मतदान संबंधी जानकारी

जन एक्सप्रेस । कानपुर नगर। शहर में लोकसभा चुनाव के मद्देनजर नामांकन की सम्पूर्ण प्रकिया के बाद अब जिला निर्वाचन अधिकारी राकेश कुमार सिंह ने कानपुर लोकसभा और अकबरपुर लोकसभा के सभी प्रत्याशियों के साथ नवीन सभागार में बैठक की है जहां पर मतदान के संबंधित सभी जानकारियां और नियम की जानकारी प्रत्याशियों को दी गयी इस संबंध में मीडिया से बातचीत करते हुए एडीएम सिटी राजेश कुमार ने बताया कि ईसीआई के निर्देशन पर जब सभी प्रत्याशी चयनित हो जाते हैं तब एक बैठक की जाती है जिसमें पर्यवेक्षक और सभी आर ओ और सभी रिटर्निंग आफीसर होते हैं चुनाव से संबंधित जितने भी पहलू है चाहे वो एमसीसी से संबंधित हो, अनुमति से संबंधित हो बैलट या पोस्टल बैलेट से संबंधित हो और भी सभी जानकारी सभी प्रत्याशियों को दी गयी है।

सुबह 7:30 से 1:00 तक संचालित होंगे स्कूल

जन एक्सप्रेस । कानपुर नगर। जनपद के सभी बोर्ड के माध्यमिक विद्यालय सुबह 7:30 से दोपहर 1:00 तक संचालित किए जाने के निर्देश जिला विद्यालय निरीक्षक अरुण कुमार ने दिए हैं। उन्होंने यह निर्देश जनपद में अत्यधिक गर्मी होने की स्थिति में छात्र-छात्राओं के स्वास्थ्य को दृष्टिगत रखते हुए दिए हैं।

श्रीमती गीता टण्डन महिला समिति कमीशन की चेयरमैन नामित

जन एक्सप्रेस । कानपुर नगर। पूर्व स्टेट चैम्पियन एवं अन्तराष्ट्रीय टेबल टेनिस खिलाड़ी व स्वर्ण पदक विजेता एवं आयकर अधिकारी श्रीमती गीता टण्डन कपूर को उत्तर प्रदेश टेबल टेनिस एसोसिएशन की कार्यकरणी समिति की बैठक मे वर्ष 2024-25 के लिये उत्तर प्रदेश टेबल टेनिस एसोसिएशन महिला समिति कमीशन का चेयरमैन नामित किया गया है।

यह जानकारी उत्तर प्रदेश टेबल टेनिस एसोसिएशन के अवैतनिक सचिव श्री निर्माय मित्रा ने दी। चेयरमैन नामित होने पर यू पी टी टी के अध्यक्ष, संजीव पाठक, डा0 ए एस प्रसाद , आशीष कपूर, संजय टण्डन, सुनील सिंह, अनुराग जायसवाल, अवनीश व दादा नगर कोऑपरेटिव इण्डस्ट्रियल इस्टेट के चेयरमैन विजय कपूर ने उन्हे बधाई दी। ज्ञातव्य है कि गीता टण्डन कपूर रोम में जुलाई में आयोजित होने वाली विश्व टेबल टेनिस चेम्पियनशिप मे भाग लेगी।

चार अपराधियों को किया गया जिला बदर

जन एक्सप्रेस । कानपुर नगर। शहर की कानपुर पुलिस ने चार अपराधियों को तीन माह के लिए जिला बदर किया है, चकेरी थाने से दो और घाटमपुर थाना क्षेत्र के दो अपराधियों को तीन माह तक के लिए जनपद की सीमाओं से निष्कासित कर दिया गया है। कानपुर पुलिस द्वारा जारी की गई प्रेस विज्ञप्ति के अनुसार थाना घाटमपुर से आमिर पुत्र शमशाद निवासी नौबस्ता पश्चिमी कस्बा, कृष्णा उर्फ दमसा पुत्र बाजेलाल निवासी जैतीपुर रोड़ व थाना चकेरी से विक्रम उर्फ वरुण मौर्य पुत्र छत्रपाल मौर्य निवासी 373 ए काजीखेड़ा लाल बंगला,सूरज गौतम पुत्र सुरेश गौतम निवास- 05/23 हरिजन बस्ती शिवकटरा फार्म के को तीन माह के लिए जिला बदर किया गया है।

मिट्टी लदे डंपर ने बाइक सवार दंपती को रौंदा, मौत

जन एक्सप्रेस । कानपुर नगर



शहर में मंगलवार को पुलिस की वसूली से बच कर भाग रहे अवैध खनन के डंपर से दंपत्ति की दर्दनाक मौत हो गई। मामला महाराजपुर थाना क्षेत्र का है जहां महाराजपुर और नरवल पुलिस सीमा विवाद में उलझी रही और सड़क पर शव पड़े रहे। सड़क दुर्घटना में मारे गए दम्पत्ति मुंशी लाल निषाद उम्र 55 वर्ष व ननकी निषाद उम्र 52 के शव बीच सड़क पर घंटो पड़े रहे लेकिन किसी ने भी उन्हें वहां से हटवाने की जहमत नही उठाई।

मिली जानकारी के अनुसार कानपुर से प्रयागराज हाइवे पर महाराजपुर थानाक्षेत्र अंतर्गत मिट्टी लदे डंपर से बाइक सवार दम्पत्ति की टकराकर मृत्यु हो गयी। बाइक चला रहा 25 वर्षीय पुत्र श्रीराम निषाद भी दुर्घटना में गंभीर रूप से घायल हो गया है जिसे एम्बुलेंस से अस्पताल भेज दिया गया है, लेकिन महाराजपुर और नर्वल थानाक्षेत्र की पुलिस सीमा विवाद के चलते शव को सड़क पर पड़े रहे जिससे ग्रामीणों में भारी आक्रोश है। गुस्साए ग्रामीणों ने हाइवे पर जाम भी लगा दिया और मुआवजे की घोषणा होने तक शव को न उठने देने की बात कह रहे थे। ग्रामीणों के अनुसार मिट्टी लदा हुआ डम्फर पुलिस वसूली से बच कर भाग रहा था जिस कारण हड़बड़ी में ये हादसा हो गया।

तीन कैदियों को किया गया जिला जेल से रिहा

जन एक्सप्रेस । कानपुर नगर

श्रमिक दिवस की पूर्व संध्या पर जुर्माने की सजा काट रहे 3 बन्दियों को जुर्माना जमाकर स्वयंसेवी संस्था द्वारा रिहा कराया गया है। यह बन्दी जिला कारागार कानपुर में अपनी मूल सजा पुरी करने के बाद जुर्माने के व्यतिक्रम की सजा काट रहे थे।

श्रमिक दिवस की पूर्व संध्या पर स्वयं सेवी संस्था अपराध मुक्त सामाजिक चिकित्सा समिति द्वारा तीन जुर्माने के व्यतिक्रम की सजा काट रहे सिद्धदोष बंदियों को जुर्माना जमाकर रिहा कराया गया। इस सम्बन्ध में जेल अधीक्षक डा0 बीडी पाण्डेय द्वारा बताया गया कि बंदी शिवम पुत्र जयराम निवासी महमदपुर, घाटमपुर, सर्वजीत सिंह पुत्र जसवीर सिंह निवासी बर्रा-8 तथा अमन उर्फ अर्सलान पुत्र सलाम निवासी अंगूठी वाला चौराहा ग्वालटोली को कारागार में अर्थदण्ड जमा कर रिहा किया गया। इन सभी की सजा पूरी हो चुकी थी और यह अर्थदण्ड के बदले सजा काट रहे थे। संस्था के आशुतोष , योगश बाजपेई तथा अंकुश अग्रवाल द्वारा इन दोषिया के अर्थदण्ड की राशि जमा कराई गयी है।

ट्रेन के समय में किया गया परिवर्तन

जन एक्सप्रेस । कानपुर नगर। आज से ग्रीष्मकालीन विशेष ट्रेन के समय में रेल प्रशासन द्वारा परिवर्तन किया गया है। प्राप्त जानकारी के अनुसार आज 1 मई से रेल प्रशासन द्वारा गंगा नगर-गुवाहटी विशेष ट्रेन के समय में संशोधन किया गया है। यह जानकारी रेल प्रशासन द्वारा दी गयी। बताया गया कि श्री गंगानगर-गुवाहाटी ट्रेन संख्या 05636 एक मई से 26 जून तक हर बुधवार गुवाहटी से शाम को 6बजकर 15 मिनट पर चलेगी जो शुक्रवार की सुबह 4:05 बजे कानपुर सेंट्रल पहुंचेगी। शनिवार को रात साढ़े तीन बजे श्री गंगानगर पहुंचेगी। ट्रेन संख्या 05635 पांच मई से 30 जून तक रविवार को श्री गंगानगर से दोपहर 1:20 बजे चलेगी जो दूसरे दिन सेंट्रल स्टेशन कानपुर 12.25 बजे पहुंचेगी और बुधवार की रात 12:25 को गुवाहाटी पहुंच जायेगी।

नगर निगम चिड़ियों के लिए तैयार करेगा रैन बसेरा

जन एक्सप्रेस । कानपुर नगर

जल्द की साउथ सिटी में प्रदूषण कम करने के उददेश्य से कानपुर नगर निगम द्वारा ग्रीन बेल्ट को विकसित किया जायेगा। इतना ही नही ग्रीन बेल्ट में जहां सुन्दर पौधों को लगाया जायेगा तो वहीं चिड़ियों के लिए रैन बसेरा भी बनाया जायेगा। यह ग्रीन बेल्ट साउथ एक्स मॉल किदवई नगर से यशोदा नगर बाईपास तक विकसित किया जायेगा। कुछ दिन पहले ग्रीन बेल्ट में पौधा लगाकर नगर आयुक्त द्वारा इसका शुभारम्भ भी किया जा चुका है। कानपुर दक्षिण में पर्यावरण के संरक्षण तथा प्रदूषण को कम करने के लिए जल्द ही ग्रीनबेल्ट विकसित किया जायेगा। कुछ दिन पहले नगर आयुक्त शरणप्पा जीएन द्वारा पृथ्वी दिवस के अवसर पर यहां पौधा लगाकर शुभारम्भ किया जा चुका है। बताया जाता है कि विकसित होने वाली ग्रीन बेल्ट में मौलश्री, अमलतास, चांदनी, टिकोमा, शीशम, फ्राइकस, कैलेंड्रा, अर्जुन, डिबिस्कस आदि पांच हजार पौधों का रोपण किया गया है साथ ही ब्लाकों में 36,428 पौधों लगाए जायेगे जिनके एक वर्ष में रख-रखाव के लिए लगभग 266 लाख रूपये खर्च किया जायेगा। इसी प्रकार बाकरगंज चौराहे से यशोदा नगर बाईपास तक भी ग्रीन बेल्ट को विकसित कराया जायेगा साथ ही यहां चिड़ियों के लिए रैन बसेरा बनाने के साथ ही प्रदूषण नियंत्रित करने वाले पौधे एवं रंग-बिरगें फूलों के पौधों का रोपण किया जायेगा।

पीएम मोदी के रोड शो को लेकर कमिश्नर ने की बैठक

जन एक्सप्रेस । कानपुर नगर

चतुर्थ चरण के लोकसभा सामान्य निर्वाचन पर विभिन्न दलों के अतिविशिष्ट महानुभावों एवं माननीय प्रधानमंत्री भारत सरकार के प्रस्तावित भ्रमण कार्यक्रम के सम्बन्ध में कल पुलिस आयुक्त अखिल कुमार द्वारा अपर पुलिस आयुक्त अपराध विपिन कुमार मिश्रा, अपर पुलिस आयुक्त कानून एवं व्यवस्था हरीश चन्दर एवं कमिश्नरेट पुलिस/ प्रशासनिक, विभिन्न विभागों, वायुसेना के अधिकारियों के साथ पुलिस कार्यालय में गोष्ठी आहूत की गई, गोष्ठी में विशिष्ट एवं अतिविशिष्ट महानुभावों के नगर आगमन पर रोड शो एवं प्रस्तावित जनसभाओं में सम्मलित होने वाले जनसमूहों की सुरक्षायातायात व्यवस्था/ जनसुविधाओं के दृष्टिगत वाहनों के लिए अस्थाई पार्किंग की व्यवस्था करने किया गया।

ओंकारेश्वर में मनाया गया संकल्प दिवस

जन एक्सप्रेस । कानपुर नगर

भारतीय शिक्षण मण्डल के 55वें स्थापना दिवस के अवसर पर पांच दिवसीय कार्यक्रम के अंतर्गत ओंकारेश्वर सरस्वती विधा निकेतन इण्टर कालेज, जवाहर नगर में संकल्प दिवस का आयोजन किया गया, जिसमें मुख्य अतिथि सुशील शर्मा ने दायित्ववान कार्यकर्ताओं को संगठन विस्तार हेतु मूल मंत्र प्रदान करते हुए कहा कि भारतीय शिक्षण मण्डल के प्रत्येक सदस्य को संपर्क, सदस्यता, साधना एवं समर्पण को धेय के रूप में लेकर कार्य करना है। उन्होने कहा कि राष्ट्रहित सर्वोपरि है। शिक्षक की राष्ट्र निर्माण में बड़ी महत्वपूर्ण भूमिका होती है। आज परिस्थितियां अनुकूल है। ऐसे में हर शिक्षक को सम्पूर्ण सामर्थ्य के साथ कार्य करना है। संगठन का तात्पर्य हर सदस्य अपना मण्डल संचालित करें, इसके लिए दूसरों को भी प्रेरित करें। कहा सदस्यता कम से कम दस लोगों को वार्षिक सदस्य बनाये। इतना करने से हमारा संकल्प पूरा होगा। इसके साथ ही राष्ट्र भी उपकृत होगा। इस अवसर पर विजन फॉर विकसित भारत विषयक शोध लेखन प्रतियागिता के पोस्टर का विमोचन किया गया। कार्यक्रम में संरक्षक डा0 अंगद सिंह,, डा0 ओम प्रकाश सिंह, डा0 गिरीश कुमार मिश्र, प्रभाकर उपाध्याय, बालेन्द्र सिंह, हेमराज सिंह तथा श्याम दत्त जोशी आदि उपस्थित रहे।

इंटरमीडियट परीक्षा में जिले की टापर्स को लोगों ने किया सम्मानित

जन एक्सप्रेस/मिल्कीपुर-अयोध्या। हैरिंष्टनगंज ब्लॉक के ग्राम घुरेहटा निवासी राकेश कुमार यादव की पुत्री एवं देवा इंटर कालेज उसरू अमौना में इंटरमीडिएट की छात्रा दीप शिखा ने बोर्ड परीक्षा में जनपद में दसवां स्थान प्राप्त कर जिले व विद्यालय का नाम रोशन किया। वहीं इसी विद्यालय में पढ़ने वाली राकेश कुमार की दूसरी बेटी श्रद्धा ने हाईस्कूल परीक्षा में 94 प्रतिशत अंक हासिल कर परिवार का नाम ऊंचा किया है। दोनों बच्चों के परीक्षा में अच्छा प्रदर्शन करने पर विद्यालय परिवार व क्षेत्रीय गणमान्य लोगों ने बच्चों के घर पहुंच कर उन्हें सम्मानित करते हुए उनका उत्साहवर्धन किया। देवा इंटर कॉलेज के प्रबंधक सहदेव उपाध्याय के अलावा परिषदीय स्कूलों में घुरेहटा संकुल के नोडल अधिकारी तुलसीराम, प्राथमिक शिक्षक संघ हैरिंष्टनगंज के ब्लॉक संयोजक बीरेंद्र दूबे, ब्लॉक अध्यक्ष रंजित यादव, उत्तर प्रदेशीय शिक्षक संघ के ब्लॉक महामंत्री रवीन्द्र वर्मा, शिक्षक अर्जुन यादव, योगेश यादव, अजय यादव, मनुजेश कुमार, प्रदीप कुमार, अनुराग प्रजापति, धनीराम चौरसिया आदि गणमान्य नागरिकों ने दोनों छात्राओं का सम्मान किया। इस अवसर पर सभी ने कहा कि यदि बालिकाओं को उचित मार्गदर्शन मिलता रहे तो वह एक दिन सफ़ल होकर परिवार को दोगुना सम्मान वापस करती हैं।

गर्मी और लू के प्रकोप के चलते अस्पताल में बढ़ रहे मरीज

जन एक्सप्रेस। मिल्कीपुर -अयोध्या

लगातार बढ़ती गर्मी से लोग बीमार हो रहे हैं, चल रहे लू के थपेड़ो से मौसम काफी गर्म हो गया है,जिससे लोग उल्टी, दस्त व बुखार के शिकार हो रहे हैं। प्राइवेट व सरकारी अस्पतालों में के ओपीडी में 15 दिन पहले की तुलना में इस समय 50 फीसदी मरीज उल्टी, दस्त व बुखार के ही आ रहे हैं।सौ शैय्या अस्पताल कुमारगंज में दो दिनों से करीब 700 से 800 की ओपीडी हो रही है। जिसमें से 500 से 550 की नई ओपीडी, तथा 250 से 300 की पुरानी ओपीडी हो रही है।फिजिशियन डॉ अरविंद कुमार, बाल रोग विशेषज्ञ डॉ संतोष कुमार ने बताया कि गर्मी से होने वाली बीमारियों से पीड़ित मरीजों की संख्या दिन प्रतिदिन बढ़ती जा रही है। इन दिनों ओपीडी में जो मरीज आ रहे हैं उनमें से 50 फीसदी मरीज उल्टी, दस्त व बुखार से पीड़ित होते हैं। भीषण गर्मी से लोगों का स्वास्थ्य बिगड़ रहा है। पिछले वर्ष की तुलना में इस वर्ष लू से पीड़ित मरीजों की संख्या ज्यादा है। डॉक्टर ने मरीजों को सलाह दे रहे है कि गर्मी में भोजन ताजा करें। पानी साफ-सुथरा पिए। बाजार की चीजों से परहेज करें।यदि धूप में निकाल रहे हैं तो धूप से बचाव के लिए छाता लेकर व गमछे से मुंह बांधकर चलें। पानी में शुद्धता नहीं है तो गर्मी में भी पानी उबालकर पीना चाहिए। इस मौसम में दूषित पानी की आशंका बढ़ जाती है। पानी में कीटनाशक आदि मिला हो तो उसे पीने से डायरिया, हैजा, टायफायड वगैरह हो सकता है। बच्चों को धूप में न निकले दे। यदि बाहर निकलना जरूरी हो तो पानी पीकर निकले।कृषि विश्वविद्यालय के मौसम वैज्ञानिक सीता मिश्रा का कहना है कि तापमान कई दिनों से 40-41 डिग्री को पार कर 42 डिग्री पर पहुंच चुका है। इससे लोगों को घरों से बाहर निकलने के लिए सोचना पड़ रहा है। आज का अधिकतम तापमान 42 व न्यूनतम 21 डिग्री सेल्सियस रिकॉर्ड किया गया है। जबकि सात किलोमीटर प्रति घंटे की रफ्तार से गर्म हवा चल रही है।

आम जनमानस के लिए खुला अल्ट्रासाउंड केंद्र

अयोध्याधाम। इनायतनगर में आरडी पैथोलॉजी और अल्ट्रासाउंड का भव्य उद्घाटन हुआ जिस मौके पर चीफ गेस्ट के रूप में डॉक्टर अमित शुक्ला एम्स पटना तथा अयोध्या के प्रसिद्ध डॉक्टर जसप्रीत सिंह उपस्थित रहे उनके बीच डॉक्टर सुनील पांडेय डॉक्टर एस के यादव डॉक्टर बी एन यादव डॉक्टर आरके सिंह क्षेत्र के सम्मानित लोग भी उपस्थित रहे , डॉक्टर साहब ने सबको पैथोलॉजी के बारे में बताया कि समय-समय पर जांच कराने से हमें बड़ी से बड़ी बीमारियों से सतर्क किया जा सकता इसमें ओ एन एकेडमी विद्यालय प्रबंधक धर्मपाल पांडेय विजय तिवारी सुधांशु मिश्रा दीपेंद्र तिवारी भीम तिवारी आदि लोगों उपस्थित रहे।

यूको बैंक ने वार्षिक वित्तीय परिणाम के बारे में दी जानकारी

जन एक्सप्रेस/अयोध्या। देवकली स्थित यूको बैंक अचंल कार्यालय में प्रेस वार्ता का आयोजन किया गया। प्रेस वार्ता को बैंक के प्रबंध निदेशक व सीईओ अश्वनी कुमार ने वर्चुअली सम्बोधित किया। इस दौरान उन्होंने बैंक के वार्षिक वित्तीय परिणाम के बारे में जानकारी दी। उन्होंने बताया कि पिछले वर्ष की तुलना में इस वर्ष बैंक का व्यवसाय 9.50 प्रतिशत बढ़ा है। बैंक के एनपीए में कमी आई है। ऋण जमा अनुपात बढ़ा है। जमा राशि 5.33 प्रतिशत बढ़ा है। उन्होंने बताया कि प्रति कर्मचारी व्यवसाय में वृद्धि हुई है। पिछले वर्ष यह 18.90 करोड़ था जो बढ़ कर 20.93 करोड़ हो गया है। पिछले वित्तीय वर्ष में परिचालन लाभ 5.43 प्रतिशत बढ़ा है। इसके साथ ही अंचल प्रमुख सुश्री मिलन दुबे जी ने बताया कि हमारे बैंक में ग्राहकों को हर तरह की सुविधा दी जा रही है, बैंक से मिलने वाले विभिन्न लाभो के प्रति ग्राहकों को जागरूक किया जा रहा है। शहर में हमारी कई शाखा खुल चुकी है, और कुछ शाखा भी जल्द ही खुलने वाली है।

प्रत्याशियों को तीन दफा प्रस्तुत करना होगा लेखा-जोखा

जन एक्सप्रेस। अमेठी

जिला निर्वाचन अधिकारी निशा अनंत ने बताया कि लोकसभा चुनाव लड़ने वाले समस्त अच्यर्थियों के व्यय का लेखा जोखा निर्वाचन अवधि के दौरान तीन बार निरीक्षण किया जाएगा।निरीक्षण कार्यक्रम पूर्वान्ह् दस बजे से अपरान्ह् पांच बजे तक, दस मई को पहला एवं चौदह मई को दूसरा तथा सत्रह मई को तीसरा चरण निर्धारित किया गया है।उन्होंने बताया कि 37 निर्वाचन क्षेत्र अमेठी के समस्त अच्यर्थी जो लोकसभा निर्वाचन के तहत प्रत्याशी हैं,इन तिथियों में स्वयं अथवा उनके निर्वाचन व्यय अभिकर्ता कलेक्ट्रेट सभागार अमेठी में व्यय प्रेक्षक के सम्मुख उपस्थित होकर अपना व्यय लेखा निर्धारित समय पर निरीक्षण हेतु प्रस्तुत करेंगे।निर्वाचन व्यय लेखा प्रस्तुत करने हेतु रिटर्निंग अधिकारी द्वारा नामांकन के समय दिये गये निर्धारित रजिस्टर पर प्रस्तुत करना अनिवार्य होगा।इस क्रम में उन्होंने बताया कि दैनिक व्यय से सम्बन्धित नियमानुसार वाउचर,बैंक स्टेटमेन्ट की छायाप्रतियाँ तीन सेट में एवं लेखा प्रस्तुत करने की तिथि के एक दिन पूर्व तक का व्यय विवरण प्रस्तुत करना होगा।निर्धारित तिथियों में व्यय लेखा प्रस्तुत न करने की स्थिति में सम्बन्धित अच्यर्थी के विरूद्ध भारतीय निर्वाचन आयोग में उल्लिखित प्रक्रिया के अनुसार नियमानुसार कार्यवाही करते हुए सम्बन्धित प्रत्याशी की जनसभा, जुलूस तथा वाहन की परमिशन पर तत्काल प्रभाव से रोक लगाने सम्बन्धी कार्यवाही भी की जायेगी।

परीक्षित जन्म कथा सुन भाव विभोर हुए श्रोता

जन एक्सप्रेस। अमेठी

जनपद के भादर विकासखंड की ग्राम सभा बहादुरपुर में यजमान सुशीला देवी तथा बलराम पाण्डेय के द्वार पर सात दिवसीय श्रीमद्भागवत कथा सोमवार से प्रारंभ हुई ।

श्रीमद् भागवत कथा के दूसरे दिन की कथा में पूज्य आचार्य गार्ग जी महाराज ने परीक्षित की जन्म कथा सुनाई।उन्होंने कहा कि जब राजा परीक्षित माता के गर्भ में थे,उसी समय अश्वत्थामा ने ब्रह्मास्त्र का प्रयोग परीक्षित की मां उत्तरा के गर्भ पर किया।उत्तरा ने भगवान श्रीकृष्ण को पुकारा।भगवान श्रीकृष्ण ने उत्तरा के गर्भ की स्वयं रक्षा की।जब परीक्षित पैदा हुआ,उसी समय वह उठकर बैठ गया।जो भी नवजात परीक्षित को उठाकर अपनी गोद में बैठाने का प्रयास करता,वह उदास होकर बैठ जाता।लेकिन जैसे ही श्रीकृष्ण ने नवजात परीक्षित को अपनी गोद में उठाया,तो वह जोर जोर से हंसने लगा।नवजात शिशु का नाम परीक्षित रखा गया।क्योंकि भगवान श्रीकृष्ण ने स्वयं ही इस बच्चे की मां के गर्भ में रक्षा की थी। राजा बनने पर परीक्षित ने कलयुग को दंड देने का प्रसंग सुनाते हुए पूज्य गार्ग जी महाराज ने कहा कि कलयुग राजा परीक्षित के शरणागति हो गया है।इसलिए उसे क्षमा कर दीजिए। कलयुग ने अपने रहने के स्थान को मांगा तो राजा ने चार स्थान दिया। पहला स्थान जुआ क्रीड़ा,दूसरा शराब खाना,तीसरा वैश्या स्थल दिया।तीनों स्थानों के बारे में सुनकर कलयुग ने राजा परीक्षित से कोई अच्छा स्थान प्रदान करने को कहा। इस पर राजा द्वारा भूल से उनके मुख से चौथे स्थान का नाम सोना निकल गया।कुछ समय पश्चात राजा ने अपने पूर्वजों के मुकुटों को देखना चाहा,तो एक मुकुट बहुत सुंदर था।जिसको धर्मराज युधिष्ठिर ने छिपा कर रखा था।यह मुकुट जरासंध का था। जिसको भीम ने छीन कर लाया था। राजा ने जैसे की उस सोने के मुकुट को पहना,कलयुग उसकी बुद्धि पर सवार हो गया।राजा जंगल में शिकार को खेलते हुए जंगल में स्थित शमीक ऋषि के आश्रम पहुंचा।और अपना स्वागत करवाने को कहा।ऋषि शमीक ध्यान में थे। राजा की बुद्धि बिगड़ गई और उसने एक मरे सांप को ऋषि के गले में डाल दिया।ऋषि के पुत्र को जैसे ही इस बारे में पता चला,उसने तुरंत राजा को श्राप दे दिया,कि सर्पों का पूर्वज तक्षक सर्प तुम्हें सातवें दिन मार डालेगा।ध्यान भंग होने के बाद वह राजा को घर जाकर मुकुट उतारने के बाद पश्चात्ताप की अग्नि को महसूस करते हुए रोने लगा।उन्होंने कहा कि पाप एक व्यक्ति के जीवन को सही मार्ग से गलत मार्ग की ओर मोड़ देता है।आज के समय में प्रत्येक व्यक्ति को अच्छे व पुण्य के कार्य करने चाहिए।

मजदूर की मुट्ठी में कभी पेट भरने के दाने नहीं आये: ओपी यादव

जन एक्सप्रेस। रायबरेली

सेन्ट्रल बार एसोसिएशन के पूर्व अध्यक्ष ओपी यादव ने कहा कि एक मई का दिन दुनिया के मजदूरों एवं श्रमिक वर्ग को समर्पित है। मजदूरों के राष्ट्र निर्माण में उनके अमूल्य योगदान को सलाम करने का दिन है, लेकिन यह भी सच है कि सत्ता में बैठे लोगों ने कल कारखानों के मालिकों, उद्योगपतियों एवं पूंजीपतियों व सामंतवादियों की स्वार्थी एवं मजदूरों के शोषण की प्रवृत्ति के कारण मजदूर की मुट्ठी में कभी पेट भरने को दाने नहीं आये। वर्तमान सरकार आत्म निर्भरता के नाम पर लोगों को आलसी और अपाहित बना रही है। पांच किलो अनाज देकर उनका मुँह बन्द कर देती है कि वह अपने अधिकार की आवाज न उठा सके, लोगों का मानना है कि हमें पेट भरने के लिए मछली न दी जाय बल्कि मछली पकड़ने का हुनर सिखाया जाय, जिससे वे आत्म निर्भर हो सके। सरकार के जुमलेबाजी घोषणाओं के कारण नौजवानों में हताशा और निराशा ने जन्म ले लिया है, जो देश के भावी कर्णधारों के लिए चिन्ता का विषय है। अरविन्द कुमार बाजपेयी एडवोकेट ने कहा कि मजदूर का पसीना सूखने से पहले उसकी मजदूरी लि जानी चाहिए। डीजीसी रेवेन्यू दिनेश कुमार यादव ने कहा कि मजदूरों के हक़ की बात हम इसलिए करते हैं कि यदि कोई फावड़ा का मजदूर है तो हम कलम के मजदूर हैं। आर.एस. वर्मा एडवोकेट ने कहा कि भारत में मजदूर दिवस 1 मई 1923 को मद्रास में सबसे पहले मनाया गया। डी.एन. पाल एडवोकेट ने कहा कि मई दिवस की शुरूवात लेबर किसान पार्टी हिन्दुस्तान ने शुरू किया था। इस अवसर पर आरपी सिंह, राम प्रकाश यादव, अनुज बरवारी, राम सागर, शुभम कुशवाहा, संदीप यादव, मनोज कुमार सिंह, संदीप वर्मा, रामशंकर वर्मा आदि अधिवक्ताओं ने मजदूर दिवस पर आयोजित गोष्ठी में अपने-अपने विचार रक्खे।

मिट्टी गिराने को लेकर दो पक्षों में मारपीट, एक को आई गम्भीर चोटें

जन एक्सप्रेस। अम्बेडकर नगर

* सुसंगत धाराओं में मुकदमा पंजीकृत कर लिया गया है आगे की कार्यवाही की जा रही है: थानाध्यक्ष

जनपद के अहिरौली थाना क्षेत्र में पुरानी रंजिश को लेकर रास्ते व बंजर भूमि पर मिट्टी गिराने को लेकर सोमवार को दो पक्षों में हुए मामूली कहासुनी मारपीट में तब्दील हो गई। मामला अहिरौली थानाक्षेत्र के ग्राम मदनगढ़ का है। पीड़ित प्रवीन मौर्या द्वारा थाने मे दिये गये प्रार्थना पत्र में कहा गया है कि सोमवार को शाम लगभग 7 बजे मेरे विपक्षी पड़ोसी शिवपूजन वर्मा व उसके भाई सुनील वर्मा पुत्रगण स्व लल्लू वर्मा व हर्षित वर्मा पुत्र शिवमूरत वर्मा द्वारा रंजिशन रास्ते व बंजर भूमि पर मिट्टी गिराने को लेकर कहासुनी हो गई और धीरे धीरे मामला तूल पकड़ता गया। शिव पूजन वर्मा सहित अन्य सभी लोगों ने भद्दी भद्दी गालियां देते हुए लाठी डण्डे व लोहे की राड से हमारे परिवार के लोगों को मारा पीटा। जिसमें प्रार्थी के बड़े भाई को गम्भीर चोटें आई है। उसके बाद भी बार बार जान से मारने की धमकी दी जा रही है। प्रवीन मौर्या ने थानाध्यक्ष को प्रार्थना पत्र देकर न्याय की गुहार लगाई है और कहा कि मुझे व मेरे परिवार को जान से मारने की धमकी अभी भी दी जा रही है। वहीं मामले में अहिरौली थानाध्यक्ष विवेक कुमार वर्मा ने कहा कि सुसंगत धाराओं में मुकदमा पंजीकृत कर लिया गया है आगे की कार्यवाही की जा रही है।

बच्चों के बेहतर भविष्य के लिए अभिभावक और शिक्षकों के बीच का सेतु है पेरेंट्स ओरिएंटेशन कार्यक्रम: शिवलखन प्रजापति

जन एक्सप्रेस। रायबरेली

न्यू स्टैंडर्ड पब्लिक स्कूल सीनियर सेकेन्ड्री स्कूल त्रिपुला में एक सप्ताह से लगातार चल रहा पेरेंट्स ओरिएंटेशन (अभिभावक उन्मुखीकरण) कार्यक्रम सुखद वातावरण के बीच सम्पन्न हुआ। कायर्क्रम में शिक्षकों और विद्यार्थियों के परिजनों के बीच संवाद स्थापित किया गया। जिसमें शिक्षकों द्वारा इस संबंध में वार्तालाप किया गया कि वह कैसे बच्चों के पठन पाठन में सहयोग करें जिससे कि उनके भविष्य को उज्ज्वल बनाया जा सके और उनके अन्दर छिपी प्रतिभा को बाहर निकाला जा सके, साथ ही अभिभावकों से स्कूल के दृष्टिकोण, मूल्यों और शिक्षण पद्धतियों के बारे में जानकारी भी साझा की गई।

कार्यक्रम में प्रधानाचार्य शिवलखन प्रजापति ने अभिभावकों को सम्बोधित करते हुए कहा कि विद्यालय परिवार और आपके बीच बेहतर सम्बंध ही हमारे बच्चों का भविष्य तय करेगा।

यह कार्यक्रम हमारे और आपके बीच एक सेतु है जिसके माध्यम से हम अपने विद्यार्थियों के बेहतर कल का निर्माण करेंगे। आपको अपने बच्चों की भलाई के लिए विद्यार्थियों के प्रति स्कूल की प्रतिबद्धता में विश्वास करना पड़ेगा।

कार्यक्रम में सहभागिता कर रहे अभिवावकों ने खुले मन से कार्यक्रम की सराहना की और अपने बच्चों की शिक्षा और संस्कार के संबंध में खुलकर अपनी राय व्यक्त की।

सपा प्रत्याशी लालजी वर्मा ने किया नामांकन

जन एक्सप्रेस। अम्बेडकरनगर

* सपा प्रत्याशी पर गृह मंत्री के आरक्षण सम्बंधित विडियो शेयर करने के आरोप में दिल्ली पुलिस ने दर्ज किया मुकदमा भेजा नोटिस

जनपद में समाजवादी पार्टी के राष्ट्रीय महासचिव और लोकसभा सीट अम्बेडकर नगर से पार्टी प्रत्याशी लालजी वर्मा ने अपना नामांकन पत्र दाखिल किया। इस दौरान उन्होंने कहाकि सरकार उन्हें नामांकन नही दाखिल करने देना चाहती थी। इसलिए दिल्ली पुलिस ने बीते सोमवार देर रात उनके घर पंहुचकर उन्हें नोटिस थमा दिया। 28 अप्रैल को उनके खिलाफ साजिश के तहत जल्दबाजी में मुकदमा दर्ज कर 29 अप्रैल को रात में उनके घर दिल्ली पुलिस नोटिस लेकर पंहुच गयी। बता दें कि लालजी वर्मा ने × पर एक पोस्ट शेयर किया है, जिसमें गृह मंत्री अमित शाह द्वारा आरक्षण को लेकर बयान दिया जा रहा है।हालांकि जांच में ये वीडीओ फेक निकला।वीडीओ शेयर करने के मामले में लालजी वर्मा के खिलाफ केस दर्ज हुआ है।इस मामले में दिल्ली पुलिस ने लालजी वर्मा को नोटिस दिया है उन्होंने कहाकि भाजपा विपक्षी दलों के नेताओ के खिलाफ फर्जी मुकदमे दर्ज कर उन्हे डरा रही है और जिस तरह से सूरत में किया है, उसी तरह से यहां भी करना चाहती है, लेकिन अम्बेडकरनगर की जनता संघर्ष करने वाली है और यंहा के नेता कार्यकर्ता किसी से डरने वाले नही है।सपा महासचिव लालजी वर्मा ने कलेक्ट्रेट में पंहुचकर अपना नामांकन दाखिल किया। लालजी वर्मा ने दो सेट में नामांकन दाखिल किया है। इस अवसर पर उन्होंने कहाकि भाजपा की नीतियों से जनता परेशान हैं भाजपा बाबा साहब भीम राव अम्बेडकर के सविंधान को खत्म करना चाहती है। इसलिए वह उनके द्वारा बनाये गए संविधान के विपरीत काम कर रही है। इससे लोगो को जागृत किया जाएगा। उन्होंने कहाकि जनता इनको सत्ता से हटाने का मन बना ली है। इसलिए इतनी चिलचिलाती धूम में बड़ी संख्या में लोग घर से वहीं निकल कर कार्यक्रम में आए है। वहीं उन्होंने नामांकन पत्र दाखिल करने के बाद एक जनसभा को भी संबोधित किया नामांकन के दौरान अकबरपुर विधायक राम अचल राजभर टांडा विधायक राम मूर्ति वर्मा और पूर्व एमएलसी हीरालाल यादव मौजूद रहे।

उत्तर प्रदेशीय सफाई मजदूर संघ अयोध्या मनाएगा मजदूर दिवस

जन एक्सप्रेस/अयोध्या। एक मई मजदूर दिवस के अवसर पर आज उत्तर प्रदेशीय सफाई मजदूर संघ के नेतृत्व में अयोध्या कैंट स्थित नगर निगम कार्यालय परिसर में संघ की तरफ से अपने सफाई मजदूरों के सम्मान में एक विशेष कार्यक्रम का आयोजन कर रहा है जिसमे मुख्य अतिथि के रूप में निगम के महापौर महंत गिरीश पति त्रिपाठी व विशिष्ठ अतिथि नगर आयुक्त होंगे कार्यक्रम की जानकारी देते हुए संघ के जिला अध्यक्ष विनय बाघमार ने बताया कि कार्यक्रम को शुरुवात शाम 6 बजे से होगा जिसमे सभी अतिथि व गणमान्य के साथ सहभोज कराया जाएगा उसके उपरांत जबावी कीर्तन का मनोरंजक कार्यक्रम होगा जिसमे।उरई की रखी आजाद व कानपुर के चंचल के बीच जवाबी कीर्तन का आयोजन होगा उन्होंने बताया की सभी कार्यक्रम शाखा अयोध्या संघ की तरफ निगम परिसर में हो आयोजित किया जा रहा हैं।

समाजवादी लोहियावाहिनी की कार्यकारिणी गठित

जन एक्सप्रेस। रायबरेली

समाजवादी पार्टी के राष्ट्रीय अध्यक्ष अखिलेश यादव के निर्देश पर एवं समाजवादी लोहियावाहिनी के प्रदेश अध्यक्ष रामकरन निर्मल एवं समाजवादी पार्टी के जिलाध्यक्ष इं. वीरेन्द्र यादव की संस्तुति से समाजवादी लोहियावाहिनी के जिलाध्यक्ष फहीम अहमद के द्वारा लोहियावाहिनी रायबरेली की जिला कमेटी विधान सभा अध्यक्ष एवं नगर अध्यक्षों की घोषणा की गई, जिसमें जिला उपाध्यक्ष के पद पर अमरेश मौर्या, विकास श्रीवास्तव, सौरभ यादव राही, शानू तौसीफ, सुनील यादव, धर्मेन्द्र वर्मा को बनाया गया। जिला महासचिव के पद पर अमरजीत यादव एवं जिला सचिव पद पर रिजवानुल हक, अंकुर बाजपेयी, समरेन्द्र बहादुर सिंह, शवाब कफील, अजय कुमार टिंकु, राहुल यादव, अनुपम यादव, आशीष मिश्रा, अनिल यादव, आशीष कुमार सोनी, राजेन्द्र यादव 'गुरू जी', अर्पित यादव, धर्मेन्द्र कुमार, सुशील यादव, रियाज खान, संगम यादव, विकास यादव, जिला कोषाध्यक्ष राकेश पासवान एवं जिला कार्यकारिणी सदस्य पद पर क्रमशः सुभाष यादव, अशफाक उल्ला, आर.के. भारती, अमन नाई, सूरज यादव, आमिर खान बाबी, गौरव यादव, सचिन यादव को मनोनीत किया गया। इसी क्रम में विधान सभा अध्यक्षों की भी घोषणा की गयी, जिसमें सदर विधान सभा अध्यक्ष पद पर मो0 कैफ खान, बछरावाँ आशीष पटेल, सरेनी में शिवरनेश पंकज, हरचन्दपुर में पुष्पेन्द्र, ऊँचाहार मे रंजीत यादव, सलोन में दीपचन्द्र यादव सहित, नगर अध्यक्ष रायबरेली पद पर सचिन सोनकर, सलोन नगर में अजमत दाऊद, ऊँचाहार नगर में परवेज खान को जिम्मेदारी दी गई है। जिलाध्यक्ष फहीम अहमद ने सभी नवनियुक्त पदधिकारियों को शुभकामनायें देते हुए उनसे अपेक्षा की है।

नामांकन जुलूस से चुनाव अभियान को धार देगी भाजपा

जन एक्सप्रेस। अयोध्या

भाजपा के प्रत्याशी लल्लू सिंह एक मई को नामांकन करेंगे। नामांकन जलूस रामकथा पार्क से प्रारम्भ होगा। जिसमें उत्तराखंड के सीएम पुष्कर सिंह धामी मौजूद रहेंगे। इन रोड शो के माध्यम से भाजपा चुनाव को धार देने में जुट गई है।

लोकसभा मीडिया प्रभारी दिवाकर सिंह ने बताया कि एक मई को प्रातः 9 बजे रामकथा पार्क से भाजपा प्रत्याशी व सांसद लल्लू सिंह का नामांकन जुलूस निकलेगा। जिसमें उत्तराखंड के सीएम पुष्कर सिंह धामी व फायर ब्रांड नेता विनय कटियार मौजूद रहेंगे। जुलूस में दोपहिया वाहनों से हजारों कार्यकर्ताओं की मौजूदगी रहेंगी। जूलूस लता चौक, रामपथ, साकेत महाविद्यालय, रीडगंज, चौक, रिकाबगंज से प्रेस क्लब तिराहे तक जाएगा। नामांकन जुलूस के लिए तैयारियां की जा रही है। बूथ स्तर के कार्यकताओं की उपस्थिति रहेगी। इसके लिए पदाधिकारियों को जिम्मेदारी सौंपी दी गई है। जुलूस का दर्जनों स्थानों पर पुष्प वर्षा कर स्वागत किया जाएगा।उन्होंने बताया कि नामांकन जलूस को ऐतिहासिक बनाने तैयारी भाजपा ने किया है। जलूस की रूपरेखा तैयार कर ली गई है। आयोजन को लेकर पदाधिकारियों को जिम्मेदारियां सौप दी गई है। नामांकन जलूस में शामिल होने वाले पदाधिकारी सुबह से विभिन्न टोलियों को साथ लेकर रामकथा पार्क पहुंचना शुरू कर देंगे। पूरे आयोजन की मानीटरिंग जिला व महानगर के पदाधिकारी करेंगे।

वरिष्ठ लिपिक को सेवानिवृत्ति होने पर दी भावपूर्ण विदाई

जन एक्सप्रेस/अम्बेडकरनगर। जनपद के जिला आयुर्वेदिक कार्यालय में क्षेत्रीय आयुर्वेदिक यूनानी फार्मासिस्ट वरिष्ठ लिपिक श्री प्रकाश वर्मा को उनके सेवानिवृत्ति पर कार्यालय के कर्मचारियों द्वारा भावपूर्ण विदाई की गयी। बता दे की जब से इस जिले का गठन हुआ है तब से श्री प्रकाश वर्मा का आयुर्वेदिक कार्यालय में योगदान रहा है । कर्मचारियों द्वारा यह भी बताया गया की इनके साथ काम करना हमारे लिए बड़े ही सौभाग्य की बात है लेकिन अब हमें इनकी कमी का अहसास होगा इस दौरान क्षेत्रीय आयुर्वेदिक यूनानी अधिकारी डॉ0 निशा वर्मा भी उनके विदाई समारोह के मौके पर मौजूद रही श्री इस मौके पर कार्यालय के चिकित्सक, इन्द्रजीत, मो नसीम, अनूप श्रीवास्तव, दिवाकर बाबू, ठाकुरदीन आदि चिकित्सक एवं स्वास्थ्य कर्मी एवं कर्मचारी मौजूद रहे।

बेहद सादगी से इंडिया गठबंधन के नेता कार्यकर्ताओं के साथ अवधेश प्रसाद ने नामांकन पत्र किया दाखिल

जन एक्सप्रेस। अयोध्या

इंडिया गठबंधन के प्रत्याशी समाजवादी पार्टी के राष्ट्रीय महासचिव व विधायक अवधेश प्रसाद ने आज यहां अपना नामांकन पत्र दाखिल किया। बेहद सादगी के साथ इंडिया गठबंधन के नेता कार्यकर्ताओं के साथ अवधेश प्रसाद ने आज अपना नामांकन पत्र दाखिल किया। इस दौरान उनके साथ पार्टी के प्रमुख नेता भी शामिल थे जिसमें मुख्य रूप से कांग्रेस पार्टी के पूर्व प्रदेश अध्यक्ष पूर्व सांसद निर्मल खत्री, पूर्व मंत्री तेज नारायण पांडे पवन, सपा जिला अध्यक्ष पारसनाथ यादव, पूर्व विधायक अब्बास अली जैदी रूश्दी मियाँ, कांग्रेस के वरिष्ठ नेता राजेंद्र सिंह, बीकापुर के प्रत्याशी रहे हाजी फिरोज खान गब्बर सहित पार्टी के तमाम नेता कार्यकर्ता मौजूद रहे। नामांकन पत्र दाखिल करने के बाद समाजवादी पार्टी के केंद्रीय कार्यालय सहादतगंज में इंडिया गठबंधन के प्रत्याशी अवधेश प्रसाद ने एक बैठक भी की जिसमें इंडिया गठबंधन को फैजाबाद लोकसभा क्षेत्र से भारी बहुमत से जीतने के लिए मंथन किया गया। बैठक को संबोधित करते हुए प्रत्याशी अवधेश प्रसाद ने कहा कि पूरे देश में इंडिया गठबंधन की बयार चल रही है अब तक हुए चुनाव में इंडिया गठबंधन के प्रत्याशी भारी बहुमत के साथ जीतेंगे। उन्होंने कहा कि केंद्र व प्रदेश की सरकारें महिला नौजवान व किसान विरोधी है इसे जड़ से उखाड़ कर फेंकना होगा। पूर्व मंत्री तेज नारायण पाण्डेय पवन ने इस

मौके पर कहा कि आने वाले 4 जून को इंडिया गठबंधन पूर्ण बहुमत के साथ केंद्र में सरकार बनाएगी। उन्होंने कहा कि प्रदेश की जनता समाजवादी पार्टी की ओर आशा भरी निगाहों से देख रही है समाजवादी पार्टी ने भी अपनी जिम्मेदारियां को महसूस करते हुए इस जन विरोधी सरकार से जनता को जल्द राहत दिलायेगी। पार्टी के जिला अध्यक्ष पारसनाथ यादव ने इस मौके पर कहा कि इंडिया गठबंधन के प्रत्याशियों को जीतने के लिए एकजुट होना होगा। उन्होंने कहा कि वह दिन दूर नहीं जब केंद्र सरकार अपने कर्मों की वजह से सत्ता से बेदखल कर दी जायेगी श्री यादव ने कहा कि इस बार जनता ने इंडिया गठबंधन की सरकार बनाने का मन बनाया है। समाजवादी पार्टी के जिला प्रवक्ता व पार्टी उपाध्यक्ष चौधरी बलराम यादव ने बताया कि बैठक में पूर्व विधायक जयशंकर पांडे ने भी कार्यकर्ताओं को लोकसभा चुनाव के लिए पूरी ताकत लगाने का निर्देश दिया। उन्होंने कहा कि पूर्व विधायक अब्बास अली जैदी रुश्दी मियां, बीकापुर विधानसभा प्रत्याशी रहे हाजी फिरोज खान गब्बर, पूर्व एमएलसी लीलावती कुशवाहा पूर्व दर्जा प्राप्त राज्यमंत्री अमृत राजपाल आदि ने भी कार्यकर्ताओं का उत्साहवर्धन करते हुए कहा कि आने वाला समय इंडिया गठबंधन का है। कार्यक्रम की अध्यक्षता सपा जिलाध्यक्ष पारसनाथ यादव व संचालन जिला महासचिव बख्तियार खान ने किया।

janexpressnews janexpresslive janexpresslive

लखनऊ एक्सप्रेस

तापमान

	अधिकतम	न्यूनतम
लखनऊ	40°C	22°C
कानपुर	39°C	22°C
देहरादून	33°C	18°C
नई दिल्ली	37°C	22°C

www.janexpresslive.com/epaper | हिंदी दैनिक, जन एक्सप्रेस । | लखनऊ । बुधवार । 01 मई 2024 | 05

हाथों में योगी की फोटो, आंखों में दीदार की आस

- 'बुलडोजर बाबा' की कानून व्यवस्था की छाप का बंगाल के मतदाताओं तक दिखा असर
- 'आदित्य' भी न डिगा सके आदित्यनाथ के प्रति प्रेम, भीषण गर्मी में भी खचाखच भरा रहा रैली स्थल
- पश्चिम बंगाल में भी गूंजे योगी-योगी के नारे, श्रीरामलला के प्रदेश 'उत्तर प्रदेश' से पहुंचे बाबा का जोरदार स्वागत
- योगी ने रामनवमी पर उत्तर प्रदेश और पश्चिम बंगाल में आयोजनों के अंतर से भी लोगों को कराया अवगत
- आमजन के साथ कर रहे विकास-संस्कृति की बात, यूपी की कानून व्यवस्था से माफिया भयाक्रांत

जन एक्सप्रेस । लखनऊ

सात वर्ष में उत्तर प्रदेश की दशा-दिशा बदलकर सुदृढ़ कानून व्यवस्था के पर्याय योगी आदित्यनाथ मंगलवार को पश्चिम बंगाल के चुनावी रण में उतरे। सिर्फ यूपी ही नहीं, बल्कि मंगलवार को पश्चिम बंगाल के मतदाताओं के चेहरे पर भी योगी पर यकीन दिखा। आलम यह रहा कि आदित्य की ताप भी आदित्यनाथ के प्रति प्रेम न डिगा सकी। तीनों रैली स्थल भीषण गर्मी में भी खचाखच भरा रहे। श्रीरामलला के प्रदेश उत्तर प्रदेश से पहुंचे बाबा का जोरदार स्वागत हुआ। हाथों में योगी की फोटो, आंखों में दीदार की खुशी रैलियों में मौजूद हजारों बंगालवासियों के चेहरे पर साफ दिख रही थी। बुलडोजर बाबा की कानून व्यवस्था की छाप बंगाल के मतदाताओं तक दिखी। योगी आदित्यनाथ ने बंगाल वासियों से संवाद स्थापित किया और बंगाल के बदतर हालत सुधारने के लिए %फिर एक बार मोदी सरकार की हामी भी भरवाई। पश्चिम बंगाल के चुनावी रण में मंगलवार को उतरे योगी का जादू सिर चढ़कर बोला। यहां योगी ने तीन रैलियों को संबोधित किया। बहरामपुर, बीरभूम और आसनसोल में योगी आदित्यनाथ की विशाल जनसभा हुई। तीनों सीटें वर्तमान में विपक्षी दलों के पास हैं। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के साथ ही यहां कमल खिलाने की जिम्मेदारी भाजपा के अन्य नेताओं के साथ ही योगी आदित्यनाथ के कंधों पर भी है। भाजपा प्रत्याशी भी अपने पक्ष में योगी की रैली चाहते हैं तो वहीं दूसरी तरफ आमजन भी बेतहाशा गर्मी और चिलचिलाती धूप में योगी आदित्यनाथ को सुनने उमड़ रहे हैं। पश्चिम बंगाल में तो योगी की तस्वीर लेकर पहुंचे पश्चिम बंगाल के मतदाताओं ने बता दिया कि योगी का दीदार पाकर वे कितने खुश हैं।

उत्तर प्रदेश के बाहर भी योगी की जबर्दस्त मांग

उत्तर प्रदेश के मुखिया योगी आदित्यनाथ को भारतीय जनता पार्टी ने अपना स्टार प्रचारक बनाया है। उनकी मांग सिर्फ उत्तर प्रदेश ही नहीं, बल्कि राज्य के बाहर भी जबर्दस्त है। योगी आदित्यनाथ उत्तर प्रदेश के अतिरिक्त अब तक उत्तराखंड, महाराष्ट्र, जम्मू, राजस्थान, छत्तीसगढ़, पश्चिम बंगाल, बिहार में भी पार्टी के लिए प्रचार कर चुके हैं। हर राज्य में उन्हें देखने-सुनने और उनकी झलक पाने के लिए जबर्दस्त भीड़ उमड़ रही है। भाजपा शासित राज्यों के अलावा भी मंगलवार को पश्चिम बंगाल में उन्हें सुनने आए मतदाताओं ने योगी-योगी के खूब नारे भी लगाए।

बिना रुके, बिना डिगे भाजपा कार्यकर्ता के रूप में निरंतर साथियों के लिए मैदान में योगी

उत्तर प्रदेश से भाजपा के पक्ष में चुनावी कमान थामने वाले योगी आदित्यनाथ भाजपा कार्यकर्ता के रूप में निरंतर पार्टी के प्रत्याशियों के लिए मैदान में हैं। बिना रुके, बिना डिगे अब तक 81 से अधिक चुनावी कार्यक्रमों में योगी ने शिरकत कर ली है। वे सिर्फ कहते ही नहीं हैं, बल्कि रैलियों में स्थानीय जनता से संवाद भी करते हैं। योगी की कानून व्यवस्था के साथ ही संवाद शैली भाजपा प्रत्याशियों के लिए काफी कारगर साबित हो रही है। योगी हर राज्यों व जनपदों की महत्ता बताकर भी स्थानीय लोगों के दिल में उतर रहे हैं। वे भारत मां और उनके लिए बलिदान देने वाले बलिदानी सैनिकों के योगदान को भी बखूबी याद कर अखंड भारत के लिए पार्टी के विचारों से भी अवगत करा रहे हैं।

कहावत नहीं, हकीकत है- न कर्फ्यू न दंगा है, यूपी में सब चंगा है

योगी आदित्यनाथ ने सात वर्ष पहले जब यूपी की सत्ता संभाली तो वे गोरखपुर से सांसद थे, लेकिन जब मुखिया के तौर पर उप्र में दंगाइयों, अपराधियों व माफिया के खिलाफ बुलडोजर की कार्रवाई की तो पूरा देश ने उन्हें अपना नायक मान लिया। एक तरफ जहां अयोध्या में रामनवमी पर 500 वर्ष बाद अयोध्या में भगवान राम के जन्मोत्सव व सूर्य तिलक का उदाहरण देकर योगी आदित्यनाथ ने उत्तर प्रदेश की खुशहाली से बंगालवासियों को अवगत कराया तो वहीं रामनवमी पर पश्चिम बंगाल में दंगे और बमबाजी की बात कहकर योगी आदित्यनाथ ने ममता दीदी पर करारा प्रहार भी किया। उन्होंने संदेश दिया कि दंगाई किसी भी राज्य के हों, उनसे सर्वदा अपराधियों सा ही व्यवहार होना चाहिए। योगी ने कहा कि सात वर्ष से न कर्फ्यू, न दंगा है, यूपी में सब चंगा है। योगी की इन बातों को पश्चिम बंगाल के आमजन का बखूबी साथ मिला।

फास्ट फॉरवर्ड

'मोदी सरकार ने क्यों किया लोगों के जीवन से खिलवाड़'

जन एक्सप्रेस/लखनऊ । कांग्रेस पार्टी के प्रवक्ता अंशू अवस्थी ने कहा कि कोविशील्ड वैक्सीन के बारे में भी सच सामने आ गया कि भाजपा और मोदी सरकार ने देश के लोगों की जान से कितना बड़ा खिलवाड़ किया है।और तो और कंपनी से चंदा भी लिया। मोदीजी ने देश के लोगों की जान का सौदा किया है। कोविशिल्ड वैक्सीन बनाने वाली कम्पनी ने ब्रिटिश कोर्ट में यह स्वीकार किया की उसकी वैक्सीन का साइड इफेक्ट है जिससे हार्टअटैक व ब्रेनस्ट्रोक जैसी गम्भीर व जानलेवा बीमारी हो सकती है । बीजेपी और मोदी सरकार इस देशवासियों को सफाई दे और माफी मांगे किआखिर देश लोगों की जान से खिलवाड़ में क्यों किया। क्या मोदी की नजर में देशवासियों की जान की कीमत कुछ नहीं है।

पीएम बनेंगे मोदी, कौशल किशोर लगायेंगे हैट्रिक: रालोद

जन एक्सप्रेस/लखनऊ । राष्ट्रीय लोकदल के राष्ट्रीय प्रवक्ता अनिल दुबे ने मोहनलालगंज संसदीय क्षेत्र से एनडीए के प्रत्याशी व केंद्रीय मंत्री कौशल किशोर के समर्थन में ओमनगर में भाजपा नेता राजेश शुक्ला द्वारा आयोजित बैठक में सम्मिलित होकर राष्ट्रीय लोकदल का समर्थन देते हुए उन्हें तीसरी बार मोहनलालगंज संसदीय क्षेत्र से भारी बहुमत से विजयी बनाने की अपील की। बैठक में श्री दुबे ने बताया कि पीएम नरेंद्र मोदी को तीसरी बार प्रधानमंत्री बनाने के लिए रालोद के राष्ट्रीय अध्यक्ष जयंत चौधरी के संकल्प को रालोद कार्यकर्ता पूरे प्रदेश में प्राण प्रण से लगे है। मोदी बनेंगे तीसरी बार पीएम और कौशल किशोर जीत की हैट्रिक लगायेंगे।उन्होंने कहा कि कौशल किशोर को जिताने में रालोद कार्यकर्ताओं ने गांव गांव व मोहल्ले मोहले में जनसंपर्क अभियान शुरू कर दिया है।बैठक में भारी संख्या में रालोद कार्यकर्ताओं ने हिस्सा लिया।

400 पार करिए, पीओके में भी तिरंगा फहराएगा: केशव

जन एक्सप्रेस/लखनऊ । उपमुख्यमंत्री केशव प्रसाद मौर्य पहुंचे झांसी और भाजपा प्रत्याशी अनुराग शर्मा की नामांकन सभा को सम्बोधित किया।बरेली में बूथ अध्यक्ष सम्मेलन में बूथ विजय का मंत्र सौंपा। श्री मौर्य ने कहा कि उत्तर प्रदेश की जनता से हमने वादा किया था कि ''गुंडागर्दी नहीं रहेगी, अमनचैन का शासन होगा, जेल के अन्दर गुंडे, माफिया होंगे, इतना सख्त प्रशासन होगा''। आपने भाजपा की सरकार बनायी और हमनें यह करके दिखाया। उन्होंने कहा कि 2017 से पहले उत्तर प्रदेश में काशी से झांसी तक, गाजियाबाद से गाजीपुर तक, सोनभद्र से सहारनपुर तक बस यही प्रचलित था कि सपाईयों का एक ही नारा, हर खाली प्लाट हमारा। जिस गाड़ी में सपा का झंडा, उस गाड़ी में बैठा गुंडा। माफिया की मौत पर फातिहा पढ़ने के लिए जाने वाले अखिलेश यादव का नाता सिर्फ गुंडो, माफियाओं, खनन माफियाओं, शराब माफियाओं तथा नकल माफियाओं से है।उपमुख्यमंत्री केशव प्रसाद मौर्य ने कहा कि 2014 से पहले आतंकवादी देश में कहीं भी धमाका करके हमारे नागरिकों की हत्या कर जाते थे लेकिन जैसे ही जनता ने कमल का बटन दबाया, आतंकवाद का अंत भी हो गया। पाकिस्तान के अन्दर घुसकर उसे सबक सिखाने का काम भी किया गया। उन्होंने कहा कि आज कश्मीर से 370 समाप्त होने के बाद लाल चौक पर भी और हर घर में भी शान से तिरंगा फहरा रहा है। उन्होंने जनता से आह्वान किया कि आप अबकी बार 400 पार करिए पाक अधिकृत कश्मीर में भी तिरंगा फहराएगा।श्री मौर्य ने कहा कि देश में 80 करोड़ लोगों तक निःशुल्क राशन पहुंच रहा है। हर घर तक नल से जल पहुंच रहा है और केन-बेतवा रिवर लिंक परियोजना के पूरा होते ही बुन्देलखण्ड के हर खेत तक पानी पहुंचेगा। सपा, बसपा और कांग्रेस के लोग घबराए हुए है। प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के नेतृत्व में उत्तर प्रदेश की सभी 80 सीटें भाजपा जीत रही है। देश व प्रदेश मोदी व योगी के नेतृत्व में सेवा सुशासन व गरीब कल्याण के पथ पर आगे बढ़ रहा है और विकसित भारत का संकल्प लेकर देश ने मोदी को तीसरी बार प्रधानमंत्री बनाने का निश्चय कर लिया है। उपमुख्यमंत्री ने कहा कि दो चरणों के चुनाव में सपा, बसपा और कांग्रेस का खाता भी नहीं खुल पाया है। साईकिल पंचर हो गई, हाथी पस्त हो गया और जनता ने हाथ को मरोड़कर चुनावी मैदान से बाहर कर दिया। सपा बसपा कांग्रेस तीनों ही आईसीयू में हैं, इनको आक्सीजन नहीं देना है। विरोधियों की हालत पतली है, वह सिर्फ बयानबाजी कर रहे है।

बीजेपी के ब्राह्मण कार्ड के मुकाबले सपा ने खेला कुर्मी कार्ड

जन एक्सप्रेस/लखनऊ । समाजवादी पार्टी चीफ और यूपी के पूर्व मुख्यमंत्री अखिलेश यादव उत्तर प्रदेश की सियासत में 2014 से एक के बाद एक सियासी प्रयोग करते आये हैं, लेकिन बीजेपी को मात देने का सटीक फॉर्मूला नहीं तलाश सके हैं।लेकिन इसबार चूक नही चाहते हैं। 2024 के लोकसभा चुनाव में अखिलेश पीडीए के जरिए नया सियासी समीकरण साध रहे हैं। सपा स्थापना से लेकर अब तक मुस्लिम यादव कॉबिनेशन पर ही चुनाव लड़ती रही है, लेकिन इस बार यादव-मुस्लिम की जगह कुर्मियों को तवज्जो देकर बीजेपी के खिलाफ जातीय चक्रव्यूह रचा है। देखना है, अखिलेश का दांव कितना कारगर है? बीजेपी ने एक नई सोशल इंजीनियरिंग के जरिए सियासी वनवास को ही खत्म नहीं किया बल्कि एक के बाद एक चुनावी जंग जीतकर अपनी जड़ों को मजबूत किया है।बीजेपी सवर्ण खासकर ब्राह्मण वोट बैंक साधे रखते हुए गैर-यादव ओबीसी और गैर-जाटव दलित समुदाय को जोड़ने में कामयाब रही।यूपी में ओबीसी जातियों में यादव समाज के बाद सबसे अधिक आबादी कुर्मी समाज की है, जो बीजेपी का कोर वोट बैंक है।सपा कुर्मी समाज को बीजेपी से दूर कर अपने साथ जोड़ने के लिए मशक्कत कर रही है।सपा ने बीजेपी के ब्राह्मण कार्ड के काउंटर के लिए कुर्मी दांव चला है।अखिलेश यादव सूबे में कुर्मी समाज को अपने पाले में लाने और बनाए रखने की लामबंदी कर रहे हैं। इसके लिए सपा ने सूबे की 9 लोकसभा सीटों पर कुर्मी समुदाय के प्रत्याशी उतारे हैं, जो पार्टी में किसी एक समुदाय के सबसे ज्यादा उम्मीदवार हैं। अखिलेश ने कुर्मी समाज से लखीमपुर खीरी सीट पर उत्कर्ष वर्मा, बांदा सीट पर शिवशंकर पटेल, अंबेडकर नगर सीट पर लालजी वर्मा, बस्ती सीट पर रामप्रसाद चौधरी, प्रतापगढ़ सीट पर डॉ. एसपी सिंह पटेल, गोंडा सीट पर श्रेया वर्मा, पीलीभीत सीट पर भगवत सरन गंगवार, श्रावस्ती सीट पर राम शिरोमणि वर्मा और फतेहपुर सीट पर डॉ. अशोक पटेल को प्रत्याशी बनाया है।

बोर्ड परीक्षा में जी एस एम पब्लिक कॉलेज के छात्र-छात्राओं ने मचाई धूम

जन एक्सप्रेस । लखनऊ

उत्तर प्रदेश बोर्ड में आये हुए छात्र-छात्राओं को मेधावी होने पर सरोजिनी नगर स्थित जी एस एम पब्लिक कॉलेज के छात्र- छात्राओं ने मचाया धूम,जहाँ बेहतर शिक्षा मिलने पर अध्यापक और अध्यापिकाओं ने कड़ी मेहनत से पढ़ रहे छात्र छात्राओं के भविष्य को अलग कीर्तिमान स्थापित किया है ,जिसके लिए उत्तर प्रदेश के साथ सरोजिनी नगर का नाम गर्व से ऊँचा उठा है। उक्त क्रम में स्कूल के प्रबंधक नितेश चंद्र वर्मा ने हाई स्कूल में पास हुए छात्र छात्राओं के हौसले की उड़ान पर एक सम्मान समारोह किया गया जिसमें मुख्यातिथि पूर्व डी आई जी पुलिस आर सिंह, डा. गौरव सक्सेना अंतरराष्ट्रीय काउंसलर एवं 8 वर्ल्ड रिकॉर्ड 231 मानद उपाधि धारक ने अपने सम्बोधन में विद्यार्थियों के जीवन में नई ऊर्जा शक्ति प्रदान करने वाले शब्दों एवं आदर्शों पर चलने वाले मार्ग भी बताएं। इस अवसर पर के.के श्रीवास्तव मण्डल अध्यक्ष व राजन गुप्ता मण्डल अध्यक्ष युवा मोर्चा एवं (लक्ष्मण भाई) मण्डल महामंत्री, पिछड़ा मोर्चा के साथ स्कूल के स्वामी वर्मा एवं स्कूल का परिवार उपस्थित था। उक्त क्रम में जी एस एम पब्लिक स्कूलहाई स्कूल में सल्पना कुमारी, मुस्कान यादव, काजल शर्मा, निशा राठौर, अनुराग सोनकर, वैभव शर्मा,काजल गुप्ता, रानी सौतम, कीरत कनौजिया, आर्यन चौधरी,सुधीर, संध्या आदि मेधावी छात्र छात्राएं मौजूद रहे।

दुर्गेश प्रताप सिंह प्रदेश सचिव समाजवादी युवजन सभा बनाए गए

- सपा पार्टी पदाधिकारी व कार्यकर्ताओं ने फोन व सोशल मीडिया के जरिए दी बधाई

जन एक्सप्रेस । लखनऊ

समाजवादी पार्टी के राष्ट्रीय अध्यक्ष अखिलेश यादव की अनुमति से एवं प्रदेश अध्यक्ष नरेश उत्तम पटेल की संस्तुति से दुर्गेश प्रताप सिंह पुत्र विजय प्रताप सिंह निवासी ग्राम गोधना बख्शी का तालाब लखनऊ को समाजवादी युवजन सभा की राज्य कार्यकारिणी में प्रदेश सचिव नामित किया है। समाजवादी युवजन सभा उत्तर प्रदेश अरविन्द गिरि प्रदेश अध्यक्ष द्वारा समाजवादी पार्टी की नीतियों को जन-जन तक पहुँचाते हुए संगठन को और अधिक क्रान्तिकारी अभिवादन के साथ बल एवं गतिशीलता प्रदान करने की युवा सपा नेता दुर्गेश प्रताप सिंह पर आशा जताई हैं। बता दें कि अरविन्द गिरी ने सोमवार को मनोनीत पत्र जारी कर दुर्गेश प्रताप सिंह को पार्टी ने दायित्व देकर बड़ी जिम्मेदारी सौंपी हैं। वहीं प्रदेश सचिव बनने पर दुर्गेश प्रताप सिंह को सपा पार्टी पदाधिकारी एवं सोशल मीडिया के माध्यम से बधाई व शुभकामनाएं मिल रही हैं। वहीं दुर्गेश प्रताप सिंह ने बताया कि दिन-रात पार्टी को आगे ले जाने व जन-जन तक पहुंचाने का काम करेगें, हजारों की संख्या में युवाजन हमारे साथ है कहा कि नई जिम्मेदारी व दायित्व देने के लिए समाजवादी पार्टी व अरविन्द गिरी कों धन्यवाद देते हुए आभार जताया है।

मतदाता को मतदान के बाद गर्व की हो अनुभूति

जन एक्सप्रेस । लखनऊ

उत्तर प्रदेश में मतदान को एक उत्सव के रूप में मनाने की दिशा में अहम कदम उठाए हैं। मतदाता शिक्षा एवं निर्वाचक सहभागिता कार्यक्रम के अन्तर्गत मतदाता जागरूकता संबंधी गतिविधियों को और गति प्रदान करने हेतु मुख्य निर्वाचन अधिकारी नवदीप रिणवा ने मंगलवार को वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग के माध्यम से लोकसभा सामान्य निर्वाचन-2024 के शेष पांच चरणों के जनपदों के जिला निर्वाचन अधिकारियों, स्वीप के नोडल अधिकारी और सम्बंधित अधिकारियों के साथ मतदान प्रतिशत बढ़ाये जाने के संबंध में चर्चा की। उन्होंने कहा कि मतदान केन्द्रों पर जहां तक मतदाताओं की कतार हो, वहां तक छाया की व्यवस्था की जाए। मतदान प्रभावित न हो इसके लिए मतदान केन्द्रों पर निर्बाध विद्युत आपूर्ति रहे। मतदाताओं के साथ अच्छा व्यवहार करते हुए मतदान में उनकी सहायता की जाए। मतदाताओं को मतदान के लिये भटकना न पड़े इसके लिए प्रत्येक मतदान केन्द्र पर मतदेय स्थल की जानकारी के लिए साइनेज के साथ मतदान केन्द्र पर आवश्यक व्यवस्थायें की जाएं। मतदान केंद्रों पर शुद्ध पीने का पानी और शौचालय की व्यवस्था की जाए। मतदाता पर्ची का शत-प्रतिशत वितरण किया जाए। मतदाताओं एवं मतदान कार्मिकों को लू से बचाने के लिए आवश्यक प्रबन्ध किए जाएं।

छठवें चरण में 14 लोकसभा क्षेश्रों के लिये 10 प्रत्याशियों का नामांकन

जन एक्सप्रेस । लखनऊ

- 06 मई नामांकन की अंतिम तिथि, 25 मई को मतदान
- सभी निर्वाचन क्षेत्रों की 04 जून को मतगणना की जायेगी

प्रदेश के मुख्य निर्वाचन अधिकारी नवदीप रिणवा ने बताया कि लोकसभा सामान्य निर्वाचन-2024 के छठवें चरण में 14 लोकसभा निर्वाचन क्षेत्रों तथा 292-गैंसड़ी विधानसभा उप निर्वाचन-2024 के लिए 29 अप्रैल को निर्वाचन की अधिसूचना जारी होने के साथ ही इन निर्वाचन क्षेत्रों में नामांकन की प्रक्रिया शुरू हो गई। लोकसभा निर्वाचन क्षेत्रों के लिए अब तक 10 प्रत्याशियों ने नामांकन किया। इन क्षेत्रों में 30 अप्रैल को 06 प्रत्याशियों ने तथा इसके पहले 04 प्रत्याशियों ने नामांकन किया। बलरामपुर जनपद की 292-गैंसड़ी विधानसभा उप निर्वाचन-2024 के लिए अब तक नामांकन शून्य रहा। नामांकन पूर्वाह्न 11 बजे से अपराह्न 03 बजे के मध्य किये जा सकेंगे। छठवें चरण में 14 लोकसभा निर्वाचन क्षेत्रों के लिए 30 अप्रैल को जिन 06 प्रत्याशियों ने नामांकन किया, उसमें 38-सुल्तानपुर लोकसभा सीट के लिए सरदार पटेल सिद्धांत पार्टी से जय प्रकाश ने नामांकन किया।39-प्रतापगढ़ लोकसभा सीट के लिए सरदार पटेल सिद्धांत पार्टी से जोखू ने नामांकन किया।55-अम्बेडकरनगर लोकसभा सीट के लिए समाजवादी पार्टी से लालजी वर्मा ने नामांकन किया।58-श्रावस्ती लोकसभा सीट के लिए समाजवादी पार्टी से राम शिरोमणि वर्मा ने नामांकन किया।

69-आजमगढ़ लोकसभा सीट के लिए आम जनता पार्टी सोशलिस्ट से अनिल कुमार चौहान ने नामांकन किया।73-जौनपुर लोकसभा सीट के लिए समाज विकास क्रांति पार्टी से अशोक कुमार ने नामांकन किया।

भारत निर्वाचन आयोग द्वारा चुनाव के निर्धारित कार्यक्रम के अनुसार प्रदेश में लोकसभा सामान्य निर्वाचन-2024 के छठवें चरण की 14 लोकसभा सीटों तथा 292-गैंसड़ी विधानसभा उप निर्वाचन-2024 के लिए नामांकन भरने की अंतिम तिथि 06 मई निर्धारित है। नामांकन पत्रों की जांच 07 मई को की जायेगी। 09 मई को अपराह्न 03 बजे तक नाम वापसी की अंतिम तिथि निर्धारित है। इसके उपरान्त इन निर्वाचन क्षेत्रों से चुनाव लड़ने वाले प्रत्याशियों की सूची अन्तिम हो जायेगी। छठवें चरण का मतदान 25 मई को सम्पन्न होगा। उत्तर प्रदेश के सभी निर्वाचन क्षेत्रों की 04 जून को मतगणना की जायेगी।

चतुर्थ चरण: 13 लोकसभा सीट, 130 प्रत्याशी चुनाव मैदान में

जन एक्सप्रेस । लखनऊ

- ददरौल विधानसभा उप निर्वाचन के लिए 10 प्रत्याशी चुनाव मैदान में
- चतुर्थ चरण में 13 मई को होगा मतदान

मुख्य निर्वाचन अधिकारी नवदीप रिणवा ने बताया कि लोकसभा सामान्य निर्वाचन-2024 के चतुर्थ चरण में 13 लोकसभा निर्वाचन क्षेत्रों तथा 136-ददरौल विधानसभा उप निर्वाचन-2024 के लिए 18 अप्रैल को निर्वाचन की अधिसूचना जारी होने के साथ ही लोकसभा निर्वाचन क्षेत्रों के लिए 220 प्रत्याशियों द्वारा नामांकन पत्र दाखिल किये गये। 26 अप्रैल को नामांकन पत्रों की जांच में 138 प्रत्याशियों के नामांकन पत्र वैध पाये गये तथा 82 प्रत्याशियों के नामांकन पत्र खारिज हो गये थे। 29 अप्रैल को नाम वापसी के दिन 08 प्रत्याशियों ने अपने नाम वापस लेने के बाद 130 प्रत्याशी चुनाव मैदान में। 27-शाहजहाँपुर अजा लोकसभा सीट के लिए कुल 10 प्रत्याशी चुनाव मैदान में हैं। भारतीय जनता पार्टी से अरुण कुमार सागर,समाजवादी पार्टी से ज्योत्सना गौंड, बहुजन समाज पार्टी से दोद राम वर्मा, राष्ट्रीय स्नातन पार्टी से किरण, सरदार पटेल सिद्धान्त पार्टी से प्रेम चन्द्र, मानव क्रान्ति पार्टी से रमेश चन्द्र वर्मा तथा निर्दलीय प्रत्याशियों में धर्मपाल, प्रदीप कुमार, मीना कश्यप, शिव कुमार है।28-खीरी लोकसभा निर्वाचन क्षेत्र के लिए 11 प्रत्याशी चुनाव मैदान में हैं। भारतीय जनता पार्टी से अजय कुमार, समाजवादी पार्टी से उत्कर्ष वर्मा 'मधुर', बहुजन समाज पार्टी से अंशय कालरा, राष्ट्रीय शोषित समाज पार्टी से ओम नाथ सिंह, नेताजी सुभाष चन्द्र बोस राष्ट्रीय आजाद पार्टी से खंजन, जनता क्रान्ति पार्टी से दरवारी उर्फ दरवारी लाल चौहान, उत्तर प्रदेश रिपब्लिकन पार्टी से कु पंचशीला आनन्द, राष्ट्रीय विकल्प पार्टी से मुकेश कुमार भारती, परिवर्तन समाज पार्टी से संध्या जयसवाल तथा निर्दलीय प्रत्याशियों में नरेश सिंह भदौरिया, सतेन्द्र कुमार मौर्य हैं।29-धौरहरा लोकसभा निर्वाचन क्षेत्र के लिए 12 प्रत्याशी चुनाव मैदान में हैं। समाजवादी पार्टी से आनंद भदौरिया, भारतीय जनता पार्टी से रेखा वर्मा, बहुजन समाज पार्टी से श्याम किशोर अवस्थी, आम जनता पार्टी इंडिया से आशुतोष पाठक, पीस पार्टी से काशिम अली, कम्युनिस्ट पार्टी आफ इंडिया से जनार्दन प्रसाद, पोलिटिकल जस्टिस पार्टी से राजेश कुमार, सरदार पटेल सिद्धान्त पार्टी से सकसेन, लोक जन संघर्ष पार्टी से सुदेश कुमार तथा निर्दलीय प्रत्याशियों में राम नरेश, विजय कुमार तिवारी, समरेन्द्र कुमार है।30-सीतापुर लोकसभा निर्वाचन क्षेत्र के लिए कुल 08 प्रत्याशी चुनाव मैदान में हैं। बहुजन समाज पार्टी से महेन्द्र सिंह यादव, इंडियन नेशनल कांग्रेस पार्टी से राकेश राठौर, भारतीय जनता पार्टी से राजेश वर्मा, अपना दल कमेरावादी मो काशिफ अंसारी, राष्ट्रीय शोषित समाज पार्टी से चन्द्र शेखर वर्मा, सरदार पटेल सिद्धान्त पार्टी से राम अधार वर्मा, आजाद समाज पार्टी कांशी राम लेखराज लोधी, निर्दलीय प्रत्याशी में विद्यावती गौतम है।31-हरदोई अजा लोकसभा निर्वाचन क्षेत्र के लिए 12 प्रत्याशी चुनाव मैदान में हैं। समाजवादी पार्टी से ऊषा वर्मा, भारतीय जनता पार्टी से जय प्रकाश, बहुजन समाज पार्टी से भीमराव अम्बेडकर, जस्टिस पार्टी से इन्द्रपाल पासी, भारतीय कृषक दल से प्रदीप कुमार, लोक जन संघर्ष पार्टी से ब्रह्म प्रसाद, नारी नर रक्षक पार्टी से मुन्ना लाल, पीपल्स पार्टी ऑफ इंडिया डेमोक्रेटिक श्याम कुमार, निर्दलीय प्रत्याशियों में अवधेश कुमार, ओम प्रकाश, शिव कुमार, सुनील कुमार वर्मा है। 32-मिश्रिख अजा लोकसभा निर्वाचन क्षेत्र के लिए 09 प्रत्याशी चुनाव मैदान में हैं। भारतीय जनता पार्टी से अशोक कुमार रावत, बहुजन समाज पार्टी से वीआर अहिरवार, समाजवादी पार्टी से संगीता राजवंशी, भारतीय शक्ति चेतना पार्टी से ललित कुमार, नारी नर रक्षक पार्टी से वंदना वर्मा, राष्ट्रीय जनशक्ति समाज पार्टी से सावित्री देवी, निर्दलीय प्रत्याशियों में अवधेश, नीलम सिंह, रामपाल हैं। 33-उन्नाव लोकसभा निर्वाचन क्षेत्र के लिए 09 प्रत्याशी चुनाव मैदान में हैं। समाजवादी पार्टी से अन्नू टन्डन, बहुजन समाज पार्टी से अशोक कुमार पाण्डेय, भारतीय जनता पार्टी से स्वामी सच्चिदानन्द हरि साक्षी, परचम पार्टी ऑफ इण्डिया से सैफ खान, भारतीय शक्ति चेतना पार्टी से हिमांशु शर्मा, निर्दलीय प्रत्याशियों में उमेश, शिव प्रकाश सिंह, सैय्यद सरफराज गाँधी हैं।40-फर्रूखाबाद लोकसभा निर्वाचन क्षेत्र के लिए कुल 08 प्रत्याशी चुनाव मैदान में हैं। बहुजन समाज पार्टी से क्रान्ती पाण्डेय, समाजवादी पार्टी से डा नवल किशोर शाक्य, भारतीय जनता पार्टी से मुकेश राजपूत, भारतीय राष्ट्रीय मोर्चा से अमर सिंह, भारती शक्ति चेतना पार्टी से दिनेश, भारतीय जवान किसान पार्टी से विद्याप्रकाश, भारतीय नागरिक पार्टी से श्यामवीर सिंह, निर्दलीय प्रत्याशी में हरनन्दन सिंह हैं।41-इटावा अजा लोकसभा निर्वाचन क्षेत्र के लिए 07 प्रत्याशी चुनाव मैदान में हैं। समाजवादी पार्टी से जितेन्द्र कुमार दोहरे, भारतीय जनता पार्टी से डॉ. राम शंकर कठेरिया, बहुजन समाज पार्टी से सारिका सिंह बघेल, सम्यक पार्टी से भुवनेश कुमारी, जनता समाजवादी पार्टी विवेक राज से विवेक राज, निर्दलीय प्रत्याशियों में मुलायम सिंह, सुनील शंखवार एडवोकेट हैं।42-कन्नौज लोकसभा निर्वाचन क्षेत्र के लिए 15 प्रत्याशी चुनाव मैदान में हैं। समाजवादी पार्टी से अखिलेश यादव, बहुजन समाज पार्टी से इमरान बिन ज़फर, भारतीय जनता पार्टी से सुब्रत पाठक, राष्ट्रीय शोषित समाज पार्टी से आलोक वर्मा, भारतीय कृषक दल से प्रमोद कुमार यादव, भारतीय किसान परिवर्तन पार्टी से शैलेन्द्र कुमार, भारतीय शक्ति चेतना पार्टी से सुनील, ऑल इण्डिया फॉरवार्ड ब्लॉक पार्टी से सुभाष चन्द्र, निर्दलीय प्रत्याशियों में इरफान अली, पुरूषोत्तम तिवारी, भानु प्रताप सिंह दोहरे, यादवेन्द्र किशोर, राज कठेरिया, ललित कुमारी, सिनोद कुमार हैं।43-कानपुर लोकसभा निर्वाचन क्षेत्र के लिए 11 प्रत्याशी चुनाव मैदान में हैं।

जन एक्सप्रेस

सम्पादकीय

राहुल गांधी को अमेठी से लड़ना चाहिए चुनाव ?

गांधी परिवार मूल रूप से उत्तर प्रदेश से आता है। उत्तर प्रदेश से ही उसकी राजनीतिक शून्यता बौद्धिक राजनीति का संकेत नहीं देती। गांधी परिवार के लिए रायबरेली और अमेठी अहम सीट रही है। यहां की जनता ने इंदिरा गांधी, सोनिया गांधी, राजीव गांधी और राहुल गांधी के अलावा नेहरू को कई बार दिल्ली भेजा और प्रधानमंत्री का ताज पहनाया। अमेठी और रायबरेली गांधी परिवार की विरासत के रूप में जानी जाती है। यहां की जनता ने गांधी परिवार को बहुत सम्मान दिया है। रायबरेली में कांग्रेस 1952 से लेकर अब तक 17 बार जीत दर्ज कर चुकी है।

कांग्रेस अमेठी और रायबरेली को लेकर असमंजस में है। अपनी परम्परागत सीट पर अपना उम्मीदवार तय नहीं कर पाई है। अमेठी और रायबरेली को लेकर मंथन जारी है। कहा यह जा रहा है कि यहां पांचवें चरण में वोटिंग होगी इसलिए पर्याप्त समय है। लेकिन सम्भवतः सच यह है कि अभी राहुल गांधी एवं प्रियंका खुद तय नहीं कर पाए हैं कि उन्हें चुनावी मैदान में उतरना है या नहीं। फिलहाल दिखावे के लिए यह फैसला पार्टी अध्यक्ष खड़गे पर छोड़ दिया गया है। कार्यकर्ता चाहते हैं कि राहुल गांधी और प्रियंका रायबरेली और अमेठी से चुनाव लड़ें। कार्यकर्ताओं की मांग जायज भी है, लेकिन पार्टी राहुल और प्रियंका को उम्मीदवार बनाने में डर क्यों रही है, यह समझ से परे है। उन्हें क्या हार का डर भयभीत कर रहा या फिर वे चुनाव लड़ना नहीं चाहते हैं। ऐसा नहीं है तो उन्हें पार्टी का उम्मीदवार घोषित करना चाहिए। कहा जाता है कि कांग्रेस में संगठन या फिर गांधी परिवार का फैसला सर्वमान्य होता है। मुझे तो ऐसा नहीं लगता क्योंकि अगर बात पार्टी स्तर पर होती तो अब तक फैसला हो गया होता। लेकिन मुझे लगता है इसमें राहुल और प्रियंका गांधी का निजी निर्णय है जिसकी वजह से पार्टी फैसला नहीं ले पा रही है। क्योंकि प्रियंका गांधी ने कई बार संकेत दिया है वह चुनाव नहीं लड़ना चाहती हैं। लेकिन वर्तमान समय में जो स्थिति है वह कांग्रेस के लिए बेहद चुनौती पूर्ण है। लेकिन अमेठी और रायबरेली के लिए यह स्थित हम गांधी परिवार के लिए कम से कम चुनौती पूर्ण नहीं मानते हैं। क्योंकि अभी तक वहां से सोनिया गांधी संसद पहुंचती रहीं हैं। जहां तक मेरा मानना है राहुल और प्रियंका गांधी को निश्चित रूप से अमेठी और रायबरेली से चुनाव लड़ना चाहिए। कांग्रेस के लिए हार-जीत के मायने से कहीं अधिक महत्वपूर्ण अमेठी और रायबरेली की जनता का सम्मान है। क्योंकि दोनों अहम सीट गांधी परिवार की परंपरागत विरासत रही हैं। यह अलग बात है कि अमेठी से भाजपा की स्मृति ईरानी चुनाव जीतने में सफल रहीं हैं। कांग्रेस राजनीति के संक्रमण काल से गुजर रही है लेकिन गांधी परिवार की अहमियत कांग्रेस और देश के लिए उतनी ही अहम है। प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी अपने सियासी हमले के लिए सीधे तौर पर कांग्रेस को चुनते हैं। भाजपा को अच्छी तरह मालूम है कि उसका विकल्प कांग्रेस ही है। उसी तरह राजनीति में यह भी सच है कि जब तक कांग्रेस है तब तक गांधी परिवार के अस्तित्व को मिटाया नहीं जा सकता है। क्योंकि गांधी परिवार ने देश, कांग्रेस और राजनीति के लिए जो योगदान दिया है देश की जनता में कहीं ना कहीं से उसके लिए सुरक्षित कोना महफूज है। सियासी आलोचनाओं की बात दीगर है। क्योंकि राजनीति एक ऐसा विषय है जिसमें विरोधी के लिए समालोचना का स्थान नहीं होता। दिल्ली का रास्ता उत्तर प्रदेश से होकर गुजरता है। उत्तर प्रदेश में अगर गांधी परिवार की उपस्थिति शून्य है तो यह राजनीति के विश्लेषण का विषय है। लोकतंत्र में जय-पराजय का खेल कोई मायने नहीं रखता है। क्योंकि यह फैसला जनता के हाथ में होता है। यह वही रायबरेली और अमेठी है जहां से इंदिरा गांधी को भी चुनाव हारना पड़ा। कांग्रेस विरोधी लहर में राजनारायण, जनता पार्टी से इंदिरा गांधी के खिलाफ चुनाव जीत गए। राहुल गांधी के खिलाफ स्मृति ईरानी जीत गईं। लेकिन इसका यह मतलब नहीं है कि यह सीट कांग्रेस के हाथ से छिन गई। लोकतंत्र में हमेशा प्रयोग का विकल्प खुला रहता है।

एक्सप्रेस आलेख

चुनावी महायुद्ध को देखें तो चारों तरफ अत्यधिक विषमतायें देखने को मिल रही है। जनता पुराना चेहरा देखकर जहाँ उब गयी है वही आधी से अधिक जीवन की यात्रा तय कर चुके लोग अपने को युवा बोल रहें है। कुछ लोगों ने इस क्षेत्र को इतना अधिक नियंत्रित कर दिया है की आम आदमी और वास्तविक समाजसेवा की इच्छा रखने वाले लोगों के लिए कुछ बचा नहीं है। जनता को इस तरह से भ्रमित किया जा रहा है की ब्रांडेड पार्टियों के अलावा अन्य कोई विकल्प दिखाई भी नहीं दे रहा है। ऐसे में देशहित और राष्ट्रनिर्माण के लिए यह वर्तमान महत्वपूर्ण जरूरत है की लोकसभा चुनाव लड़ने वाले सभी के लिए न्यूनतम शैक्षिक योग्यता और अधिकतम उम्र सीमा का निर्धारण किया जाय।

डॉ. अजय कुमार मिश्रा

लोकसभा चुनाव लड़ने की शैक्षिक योग्यता और अधिकतम उम्र सीमा का निर्धारण आवश्यक ?

लगातार सत्ता में बने रहने का जोड़-तोड़ करने और अपना एकाधिकार समझने वाले व्यक्ति की अपेक्षा सभी को सामान अवसर भी प्राप्त होगा। यह उचित और न्याय संगत भी होगा की लोक सभा चुनाव लड़ने की अधिकतम उम्र सीमा 60 वर्ष होनी चाहिए और एक व्यक्ति को अधिकतम पांच बार चुनाव जीतने तक लड़ने देना चाहिए।

राजनीति एक समाज सेवा का विषय परम्परागत तरीके से स्वीकार्य है, जबकि जमीनी सच्चाई यह है की अधिकांश लोग इस क्षेत्र में समाज सेवा को कम महत्व निजी स्वार्थ और व्यक्तिगत सेवा को अधिक महत्व देते है। यही वजह है की वास्तविक और सच्चे नेता जो आम लोगों के दिलों पर राज करें वह चुनिन्दा रहे है। उनके रहने और न रहने पर भी सभी के दिल में बिना सशर्त प्यार और समर्थन रहता है। यदि गहराई से विचार और विमर्श किया जाय तो यह एक ऐसा विषय है जिसमे लोगों का चुनाव आवश्यकता और योग्यता पर शायद ही हो रहा हो। यहाँ वह व्यक्ति चुनाव जीतता है जो सर्वरूप में प्रभावशाली हो। आम आदमी आजादी के दशको बाद भी अभी तक इन चुनावों की आवश्यकता और महत्व को नहीं समझ पाया है इसीलिए अधिकांश मामलों में योग्य व्यक्ति का चुनाव नहीं ही होता है। हद तो तब हो जाती है जबकि ऐसे लोग एक दो नहीं बल्कि लगातार चुनाव जीत कर पूरे सिस्टम की आवश्यकता को दिन प्रतिदिन दर किनार करते रहतें है। लोकतंत्र देश के लिए जहाँ अति महत्वपूर्ण है वही चुना जाने वाला व्यक्ति कई ऐसी संभावनाओं पर चुना जा रहा जो लोकतंत्र के लिए अप्रत्यक्ष रूप से नुकसानदायक है। क्या किसी को सिर्फ इसलिए बार-बार चुना जाना चाहिए जो पुरे सिस्टम पर नियंत्रण करके चुनाव जीतने के उद्देश्य से ही दिन रात लगा हो ? देश में लोकसभा चुनाव लड़ने की न्यूनतम उम्र 25 वर्ष है जबकि शैक्षिक योग्यता की कोई अनिवार्यता नहीं है और यह देश का सबसे बड़ा चुनाव है जिसका असर आम आदमी के साथ महत्वपूर्ण नियमो पर भी पड़ता है। राष्ट्रीय और अंतर्राष्ट्रीय हित इसी से सुरक्षित होते है। उद्देश्यपूरक कार्य करने की वजह अब राजनैतिक दल सत्ता में आने और बने रहने से सम्बंधित कार्य ही कर रहें है और एक दो नहीं बल्कि अनेकों ऐसी आवश्यकता है जिन पर प्रतिबद्ध होकर कार्य किया जाना चाहिए और नहीं कर रहें है जिसका खामियाजा आम आदमी उठा रहा है। ऐसे में यह अति महत्वपूर्ण हो जाता है की क्यों न लोक सभा चुनाव लड़ने की अधिकतम सीमा और एक व्यक्ति अधिकतम कितनी बार चुनाव लड़ सकता है का निर्धारण

आम आदमी को भी समान अवसर मिल सकें और वास्तविक जरूरतों की पूर्ति हो सकें। अन्यथा की स्थिति में हम जिस राह पर तेजी से बढ़ रहें है आगामी कुछ वर्षो में चुनाव महज दिखाने के लिए होगे और इसके नियंत्रक दशकों तक सत्ता का सुख भोगेगे और जनता.....?

शैक्षिक योग्यता की अनिवार्यता के साथ किया जाए। इससे न केवल सिस्टम में पारदर्शिता आयेगी बल्कि प्रत्येक चुना हुआ व्यक्ति बाध्य होगा आवश्यक कार्य करने को। लगातार सत्ता में बने रहने का जोड़-तोड़ करने और अपना एकाधिकार समझने वाले व्यक्ति की अपेक्षा सभी को सामान अवसर भी प्राप्त होगा। यह उचित और न्याय संगत भी होगा की लोक सभा चुनाव लड़ने की अधिकतम उम्र सीमा 60 वर्ष होनी चाहिए और एक व्यक्ति को अधिकतम पांच बार चुनाव जीतने तक लड़ने देना चाहिए। साथ ही यह भी जरुरी है की न्यूनतम शैक्षिक योग्यता ग्रेजुएशन अवश्य होनी चाहिए। यह मानक इसलिए भी जरुरी है की आम आदमी की बेहतरी के लिए एक बड़ा कार्य हो सकें। आजादी के बाद से लेकर अब तक यदि मूल्यांकन किया जाए तो अभी भी कुल आबादी का महत्वपूर्ण हिस्सा अभी भी जमीनी आवश्यकताओं की पूर्ति के लिए लड़ रहा है। बाजारवाद और आर्थिक युग ने सबके जेब पर डांका डाल रखा है। विकसित और विकाशसील दोनों की यात्रा में नागरिक ही महत्वपूर्ण है यदि उन्हें विशेष स्थान नहीं दिया जायेगा तो बड़ी बिल्डिंग, चौड़े रोड, चमकदार लाइट का कोई मतलब नहीं है। वर्तमान राजनैतिक परिवेश और चल रहें चुनावी महायुद्ध को देखें तो चारों तरफ अत्यधिक विषमतायें देखने को मिल रही है। जनता पुराना चेहरा देखकर जहाँ उब गयी है वही आधी से अधिक जीवन की यात्रा तय कर चुके लोग अपने को युवा बोल रहें है। कुछ लोगों ने इस क्षेत्र को इतना अधिक नियंत्रित कर दिया है की आम आदमी और वास्तविक समाजसेवा की इच्छा रखने वाले लोगों के लिए कुछ बचा नहीं है। जनता को इस तरह से भ्रमित किया जा रहा है की ब्रांडेड पार्टियों के अलावा अन्य कोई विकल्प दिखाई भी नहीं दे रहा है। ऐसे में देशहित और राष्ट्रनिर्माण के लिए यह वर्तमान महत्वपूर्ण जरूरत है की लोकसभा चुनाव लड़ने वाले सभी के लिए न्यूनतम शैक्षिक योग्यता और अधिकतम उम्र सीमा का निर्धारण किया जाय। जिससे सही मायने में आम आदमी को भी समान अवसर मिल सकें और वास्तविक जरूरतों की पूर्ति हो सकें। अन्यथा की स्थिति में हम जिस राह पर तेजी से बढ़ रहें है आगामी कुछ वर्षो में चुनाव महज दिखाने के लिए होगे और इसके नियंत्रक दशकों तक सत्ता का सुख भोगेगे और जनता.....?

एक्सप्रेस कविता

नदिया, पहाड़ और झरने सदैव एक से होते हैं ना बाढ़ से परेशान ना सुखे से हलाकान, पहाड़ चट्टान सदृश्य कठोर नदियों में निर्बाध प्लावन झरनों में स्निग्धता। परिस्थितियों भी मौसम की तरह है कभी सावन, कभी भादो,कभी आषाढ़ कभी भयानक सूखा कभी भयानक बाढ़, हे मनुष्य, जीवन तो जीवन है तेरा,मेरा नहीं सबका है, क्यों ना हम निस्पृह रहें, इन पेड़ों और पत्तियों टहनियों की तरह ना बारिश से परेशान ना पतझड़ से हैरान। सुख और आनंद दुख और अवसाद चाहत का अतिरेक स्पृहा का मोहपाश मोह के मायाजाल का अदृश्य स्वरूप, कृष्ण ने भी कहा है क्या लेकर आया है क्या लेकर जाएगा, खाली हाथ आया है खाली हाथ जाएगा, फिर क्यों इतनी चाहत, लोभ, कामना?

संजीव ठाकुर

एक्सप्रेस ज्ञान

जीवन सरल है, प्रेम करना सरल है हारना और जीतना भी सरल है तो फिर कठिन क्या है? सरल होना ही बस बहुत कठिन है

आज का पंचांग

किसी भी शुभ कार्य को करने के लिए सही मुहूर्त, सही समय, और सही नक्षत्र का होना जरुरी होता है, आज हम आपको आज के दिन का सही समय जो की सही कार्य करने का है, और आज कब कौन सी दशा कौन से टाइम में चल रही है उसका समुचित विवरण हिन्दू कैलेंडर और हिन्दू पंचांग के अनुसार दे रहे है, आज आपका दिन मंगलमयी रहे, यही शुभकामना है। आज का दिन शुभ कार्य के लिए सही कार्य है या नहीं आज के चौघड़िया के अनुसार जानें। अगर आप आज वाहन खरीदने का विचार कर रहे हैं या आज कोई नया व्यापार आरंभ करने जा रहे हैं, गृह प्रवेश कर रहे हैं, गृह निर्माण कर रहे है, प्रॉपर्टी खरीद रहे है, या कोई अन्य शुभ कार्य करने के लिए सोच रहे है तो पहले यहाँ सही समय देख लें, आपका कार्य शुभ और सफल होगा, यही हमारी ओर से शुभ मंगल कामना है।

तिथिः	सप्तमी 05:46 तक
नक्षत्रः	उत्तराषाढा 28:09 तक
पक्षः	कृष्ण
वारः	बुधवार
योगः	शुभ, 20:01
सूर्योदयः	05:41
सूर्यास्तः	18:55
चंद्रमाः	मकर राशि में
राहुकालः	12:18-13:57
विक्रमी संवत्ः	2081
शक सम्वतः	1945
मासः	वैशाख
शुभ मुहूर्तः	अभिजीत नहीं

जन एक्सप्रेस

हो रहा अब खेला !

रुक रुक कर कहीं कहीं ।
हो रहा अब खेला ।।
प्रत्याशी मैदान में ।
बच रहा अकेला ।।
आई ऐसी नौबत ।
भाग जाते लोग ।।
और जो बच जाते ।
कर लेते उपयोग ।।
है चुनावी बेला ।
हुआ अजब ये हाल ।।
हाईकमान पर ही ।
उठने लगे सवाल ।।
बढ़ रहीं घटनाएं ।
निकल रहा ना हल ।।
ठोक दिये पर ताल ।
अपना ही है कल ।।

- कृष्णेन्द्र राय

एक्सप्रेस स्वास्थ्य

गर्मियों में चेहरे पर लगाएं दही और खीरे से बना फेस मास्क, स्किन पर आएगा ग्लो

गर्मियों में स्किन प्रॉब्लम होना बहुत ही आम बात है। धूप, धूल और गंदगी की वजह से गर्मियों में त्वचा की रौनक खो जाती है। इस मौसम में पसीना ज्यादा आने के कारण धूल-मिट्टी त्वचा पर चिपक जाती है। जिसकी वजह से त्वचा पर पिगमेंटेशन नजर आने लगते हैं। इतना ही नहीं पसीने, धूल मिट्टी और सूरज की हानिकारक किरणों की वजह से गर्मियों में पिंपल्स, एक्ने, सनबर्न और टैनिंग की प्रॉब्लम भी होती है। पसीने की वजह से त्वचा के पोर्स ब्लॉक हो जाते हैं, जिससे स्किन खुलकर सांस नहीं ले पाती है और चेहरा बेजान व बदसूरत नजर आता है। गर्मियों में होने वाली स्किन प्रॉब्लम से छुटकारा पाने के लिए लोग कई तरह के ब्यूटी ट्रीटमेंट और फेशियल करवाते हैं। हालांकि इन चीजों का असर चेहरे पर कुछ ही दिन दिखाई देता है। जैसे की केमिकल का असर खत्म होता है, चेहरा फिर से मुरझाया हुआ ही नजर आता है। ऐसे में आप किसी ब्यूटी प्रोडक्ट को इस्तेमाल करने की बजाय अपने स्किन केयर रूटीन में दही और खीरे को शामिल कर सकते हैं। गर्मियों में ठंडक पाने के लिए अक्सर लोग खाने में दही और खीरे का इस्तेमाल करते हैं। इन दोनों ही चीजों को जब



त्वचा पर लगाया जाता है, जो स्किन खूबसूरत नजर आती है।

फेस मास्क बनाने का तरीका: सबसे पहले खीरे को छीलकर उसे कद्दूकस करके एक कटोरी में निकाल लें। कद्दूकस किए हुए खीरे से पानी को छानकर निकाल लें और फिर इसमें दही को मिलाएं। दही और खीरे को अच्छे से मैश करते हुए मिलाएं। जब दोनों सही तरीके से आपस में मिक्स हो जाए तब इसमें शहद डालें। इसे कुछ देर तक मिलाने के बाद पेस्ट को 2 मिनट के लिए रेस्ट दें। अब चेहरे को नॉर्मल पानी से धोएं और टोनर लगाएं। टोनर लगाने के बाद चेहरे और गर्दन पर दही और खीरे का फेस मास्क लगाएं। जब मास्क सूख जाए तो चेहरे को नॉर्मल पानी से क्लीन करें और एक साफ कपड़े से थपथपा कर चेहरा सुखा लें। चेहरे को सुखाने के बाद स्किन के हिसाब से सीरम का इस्तेमाल जरूर करें। गर्मियों में ग्लोइंग स्किन पाने के लिए सप्ताह में 2 बार दही और खीरे का मास्क जरूर लगाएं।

चेहरे पर दही और खीरे का मास्क लगाने के फायदे: दही और खीरे के मास्क में मौजूद एंटी-बैक्टीरियल गुण त्वचा को गर्मी में होने वाले संक्रमण से बचाने में मदद करते हैं। इस फेस मास्क का इस्तेमाल करने से खुजली और जलन की समस्या नहीं होती है। इस मास्क में लैक्टिक एसिड होता है, जो स्किन की रंगत को निखारने में मदद करता है। गर्मी में होने वाली सनबर्न और सन टैनिंग की प्रॉब्लम से यह मास्क छुटकारा दिला सकता है। इस फेस मास्क का इस्तेमाल करने से चेहरे पर मौजूद गंदगी और एक्स्ट्रा ऑयल को हटाने में मदद मिलती है। जिसकी मदद से पिंपल्स, डार्क स्पॉट्स और टैनिंग दूर होती है। यह त्वचा को नुकसान पहुंचाने वाले फ्री रेडिकल्स से लड़कर, स्किन को चमकदार बनाता है। यह स्किन टोन को मदद करता है।

एक्सप्रेस विशेष

डॉ. राजेन्द्र प्रसाद शर्मा

मोबाइल की आभासी दुनिया में खोता बालमन

बच्चें को चुप कराने से लेकर उसे व्यस्त रखने तक के लिए मोबाइल की घुट्टी पिलाई जाने लगी है और लोरी की जगह मोबाइल ने ले ली है तो फिर हमें बालमन पर इसके पड़ रहे दुष्प्रभाव से दो चार होने के लिए तैयार रहना होगा। देखा जाए तो पूरा सामाजिक ताना बाना ही बदल गया है।

सोशल मीडिया पर आये दिन इस तरह की तस्वीर देखने को मिल जाएगी जिसमें ड्राइंग रुम में तो परिवार के लगभग सभी सदस्य बैठे हैं पर उनके बीच किसी तरह के संवाद की बात करना ही बेमानी होगा। सभी अपने-अपने स्थान पर अपने मोबाइल फोन में खोये मिलेंगे। खोये होने का मतलब साफ है कि कोई गेमिंग कर रहा होगा तो कोई इंस्टाग्राम, फेसबुक, वाट्सएप या इसी तरह के किसी दूसरे एप पर व्यस्त होगा। सवाल साफ है कि जो हम देखेंगे उसमें हमें पसंद भी वोही आएगा जो अधिक ग्लेमरस होगा और यही कारण है कि गेमिंग, चेटिंग या फिर रील्स बनाने देखने में बच्चों से बड़े तक व्यस्त मिलेंगे। इसके साथ ही गेमिंग जहां बच्चों बड़ों को लालच दिखाकर एक तरह से जुआरी बना रही हैं वहीं कुछ गेम तो इस कदर हानिकारक रहे हैं कि उन्हें फॉलों करते करते बच्चों को अपने जीवन से हाथ धोना पड़ा है। सोशल मीडिया, ओटीटी व गेमिंग के साथ ही गूगल बाबा सहित खोजी चैनलों, डिजिटल प्लेटफार्म खोजी सामग्री तो कोई समाचार देखते-देखते ही कितने तरह के विज्ञापन सामने आ जाते हैं उनमें कई बार तो लगभग प्रोन जैसी सामग्री होने के बावजूद मजे से परोसी जाती रहती है और उसे बेन करने या सेंसर करने का कोई सिस्टम नहीं होने से उसका दुष्प्रभाव साफ देखा जाता है। भले ही

दरअसल आज समय के बदलाव को इस तरह से समझा जा सकता है कि तीन से चार दशक पहले मोहल्ले में एक फोन होता था, ट्रंक काल में तो घंटों प्रतीक्षा करनी पड़ती थी वहीं फिर एसटीडी का युग आया और एसटीड़ी बूथों का अंबार लग गया उसके बाद पेजर युग को अलग कर भी दिया जाये तो मोबाइल युग ने घर-घर ही नहीं अपितु परिवार के लगभग सभी सदस्यों तक पहुंच बना ली है।

सरकार द्वारा इस तरह के चैनलों, प्लेटफार्म, एप आदि पर रोक लगाने के लाख दावें किये जाते हो पर साफतौर से इस तरह की सामग्री आम है। इसके साथ ही इन प्लेटफार्मों पर परोसी जाने वाली सामग्री बच्चों तक नहीं पहुंचे या बालमन पर को प्रदूषित नही करें, इसकी कोई व्यवस्था नहीं होती है। जब इन प्लेटफार्मों पर हिंसा, यौन सामग्री, गेमिंग, संवेदनहीनता, तनाव, आत्महत्या या बदले की भावना प्रेरित करने वाली सामग्री परोसी जाएगी तो उसका प्रभाव से नकारा नहीं जा सकता। दरअसल यह विश्वव्यापी समस्या हो गई है और इसका समाधान समय रहते नहीं खोजा गया तो इसके जो दुष्परिणाम आएंगे व आने लगे हैं वे समाज के लिए भयावह होंगे, इस खतरे को समझना होगा। तस्वीर का एक पक्ष यह भी है कि एक दूसरे से तत्काल संवाद कायम करने का माध्यम स्मार्टफोन, सोशल मीडिया और इंटरनेट पर परोसी जाने वाली सामग्री का सर्वाधिक दुष्प्रभाव बालक मन पर पड़ रहा है। तकनीक का इस तरह का दुष्प्रभाव संभवतः इतिहास में भी पहले कभी नहीं रहा है। दरअसल आज हम हर समस्या का समाधान स्मार्टफोन और इंटरनेट को मानने लगे हैं। बच्चा रो रहा है या किसी बात के लिए जिद कर रहा है या चिड़चिड़ा हो रहा है तो माताएं या परिवार के कोई भी सदस्य बच्चें को चुप कराने या मनबहलाव और खास यह कि बच्चे को व्यस्त रखने के लिए मोबाइल संभला देते हैं। जबकि मोबाइल के दुष्प्रभाव हमारे सामने आने लगे हैं। अमेरिका में पिछले दिनों हुए एक सर्वे में सामने आया कि मोबाइल फोन, टेबलेट, वीडियो गेम या अन्य इस तरह के साधन के उपयोग से बच्चे गुस्सैल होते जा रहे हैं। बच्चों द्वारा स्कूल में गोलीबारी सहित एक दूसरे से मारामारी-हाथापाई व इस तरह की घटनाएं आम होती जा रही है। मारधाड़, हमेशा गुस्से में रहने, तनाव में रहने और जिद्दी होना आज आम होता जा रहा है। दिल्ली के सफदरजंग अस्पताल में हुए एक अध्ययन में भी साफ हो गया है कि शहरी बच्चें, गेमिंग, सोशल मीडिया और ओटीटी प्लेटफार्म के आदी होते जा रहे हैं। इसका परिणाम यह होता जा रहा है कि बालक मन संवेदनहीन होता जा रहा है। हमेशा तनाव, डिप्रेशन, आक्रामकता, गुस्सैल, बदले की भावना आदि आम है। ऐसे में मनोविज्ञानियों के सामने नई चुनौती आ जाती है। यह असर कमोबेस लड़कों और लडकियों दोनों में ही समान रुप से देखा जा रहा है। यह कोई हमारे देश की समस्या हो, ऐसा भी नहीं हैं अपितु दुनिया के लगभग सभी देशों में यही हो रहा है। अमेरिका में किये गये एक अध्ययन में भी यही उभर कर आया है। कोई दो राय नहीं कि विकास समाज की आवश्यकता है। स्मार्टफोन व इंटरनेट की दुनिया का अपना महत्व है। पर इनके दुष्प्रभाव भी सामने आने लगे हैं। प्लेटफार्मों पर चाइल्ड लोक की बात भी की जाती है पर चाइल्ड लोक कितना कारगर है यह हम सब अच्छी तरह से जान और समझ सकते हैं। मजे की बात तो यह है कि मोबाइल फोन, टेब, कम्प्यूटर, सोशल मीडिया प्लेटफार्म आदि के फीचर्स व उपयोग का तरीका बड़ों से ज्यादा बच्चों को आता है। यहां तक कि प्ले ग्रुप के बच्चें को भी यह जानकारियां होने लगी है। ऐसे में इन पर परोसी जाने वाली सामग्री को सेंसर करने या इससे बच्चों और बालपन को दूर रखने की बात बेमानी होती जा रही है। आज बच्चे के सामने दो विकल्प एक मोबाइल फोन या सोशल मीडिया पर सफरिंग और दूसरा परिवार के साथ गप्पे लड़ना या आउटडोर गेम्स जैसा विकल्प होगा तो बच्चे की पहली पसंद मोबाइल फोन व सोशल मीडिया पर सफरिंग ही होती जा रही है।

मीडिया की बैसाखी के सहारे चुनावी वैतरणी पार कर संसद तक पहुंचने का सपना देख रहे अंशय कालरा

* क्षेत्र वासियों से जनसंपर्क के बाद पत्रकारों से मिलने का समय निकालकर सहयोग माग लेते हैं अंशय कालरा

जन एक्सप्रेस । सुनहरा

लखीमपुर खीरी। तुम तो ठहरे परदेसी साथ क्या निभाओ चुनाव जीतते ही दिल्ली भाग जाओगे, यह बात जन चर्चा है।जातिगत समीकरण साधने और बहुजन समाज पार्टी के परम्परागत वोट के साथ साथ पत्रकारों पर विशेष ध्यान दें रहे हैं बसपा प्रत्याशी अंशय कालरा जिसके पीछे की वजह यह है मीडिया ही प्रत्याशियों के पक्ष में हवा बनाने का सबसे बड़ा साधन बनता जा रहा है।जिसकी झलक दिखाई भी पड रही है निघासन खीरी पर सबसे ज्यादा अंशय कालरा जोर दे रहे जिसके पीछे की वजह तिकुनिया हिसा कांड किसान हितैषी कार्ड खेलना लेकिन जिस मकसद से वोट मांग कर अपने दावेदारी को मजबूती प्रदान कर रहे हैं जबकि बसपा प्रत्याशी ने अपने घोषणा पत्र के दस वादे में किसानों के प्रति उनकी हमदर्दी नदारद रही बात तिकुनिया हिसा को भुनाने की कोशिश पिछले विधानसभा ने साफ कर दी थी जहां से विधायक शाशक वर्मा ने रिकॉर्ड मतों से जीत दर्ज की थी तब जन चर्चा थी

भाजपा प्रत्याशी निघासन खीरी से जमानत नहीं बचा पाएगा लेकिन भाजपा ने रिकॉर्ड जीत दर्ज कर विपक्षियों के सारे दावे समीकरण को बदलकर मुंहतोड़ जवाब दिया। उत्कर्ष वर्मा का नाम न कोई लहर मुस्लिम ओटो पर ध्यान केन्द्रित कर चुनाव जीतने के सपने संजोए हैं। लेकिन स्थानीय मुद्दे गायब रही बात भारतीय जनता पार्टी की वह विकास के मुद्दे जनपद की बदली तस्वीर हर तरफ काम और 400 पार की हुंकार से यह प्रतीत होता भाजपा जीत के मार्जन को देख चुनाव लड रही जीत हो बड़ी केंद्रीय गृह राज्य मंत्री अजय मिश्रा टेनी पर पार्टी ने भरोसा किया और उस भरोसे को जीत नहीं एक बड़ी भारी अंतर की जीत दर्ज करा कर अपने विरोधियों को चारों खाने चित कर देंगे भाजपा प्रत्याशी ने यह कहा भी ऐसा प्रतीत हो रहा है की भाजपा अकेले चुनाव लड रही है भाजपा के शोर और जोर में विरोधियों की आवाज ही नहीं सुनाई पड रही चार जून का इंतजार भाजपा 400 पार लोकसभा खीरी अजय मिश्रा टेनी की रिकॉर्ड मतों से होगी बाकी सब बेकार बताते चलें इस चुनाव में सब कुछ नया दिखाई दे रहा कद्दावर नेता गायब सपा के मोहन बजापेई कांग्रेस के रवि प्रकाश वर्मा पूर्वी वर्मा चुनाव नई दिशा में जा रहा भारतीय जनता पार्टी के चुनाव प्रचार में रक्षा मंत्री राज नाथ सिंह, और ब्रजेश उप मुख्यमंत्री चुके न समाजवादी पार्टी का कोई बड़ा नेता चुनावी प्रचार में आया और न ही बसपा का कोई स्टार प्रचारक ने जनपद में दस्तक दी लेकिन चुनावी सरगर्मियां अपने शबाब पर है। सारे प्रत्याशियों ने पूरी ताकत झोक दी।

दारू के लिए पिता पर रॉड से हमला कर उतारा मौत के घाट

जन एक्सप्रेस । लखीमपुर खीरी

मझगईं क्षेत्र में शराब पीने के लिए रुपये न देने पर इकलौते पुत्र ने बेरहमी से रॉड से हमलाकर बुजुर्ग पिता की जान ले ली। मृतक की पत्नी के मुताबिक, आरोपी बेटे ने रॉड से सिर पर कई प्रहार किए। इतना ही नहीं मुंह के अंदर चाकू घुसाकर जुबान काट दी। बाई आंख भी फोड़ दी। गंभीर हालत में पति को लखनऊ के एक अस्पताल में भर्ती कराया, जहां उनकी मौत हो गई। पुलिस ने आरोपी पुत्र को गिरफ्तार कर जेल भेज दिया है।मझगईं थाना क्षेत्र के बल्लीपुर गांव निवासी सतनू गौतम (60) से उसके इकलौते पुत्र अटल कुमार (32) ने शुक्रवार की रात शराब पीने के लिए रुपये मांगे। रुपये देने से पिता ने मना कर दिया। इससे गुस्साए पुत्र ने लोहे की रॉड से पिता के सिर पर जानलेवा प्रहार करने शुरू कर दिए। वह खून से लथपथ होकर घर में ही गिर गए। चाकू से काटी जुबान सतनू की पत्नी लज्जावती का कहना है कि अटल ने लोहे की रॉड से अपने पिता के सिर पर कई प्रहार किए। चाकू से जुबान काटने के बाद एक आंख भी फोड़ दी। गंभीर हालत में उन्हें इलाज के लिए जिला अस्पताल में भर्ती कराया गया। वहां से उन्हें हायर सेंटर रेफर कर दिया गया। रुपये न होने पर परिजन गंभीर हालत में उन्हें घर वापस ले आए।सोमवार को गांव में कुछ लोगों से रुपयों का इंतजाम किया। इसके बाद देर शाम जब परिवार के लोग उन्हें लखनऊ लेकर जा रहे थे कि रास्ते में उन्होंने दम तोड़ दिया। इससे परिजनों में कोहराम मच गया है। पुष्पराज कुशवाहा ने बताया कि मृतक की पत्नी लज्जावती की तहरीर पर आरोपी पुत्र के विरुद्ध जानलेवा हमला समेत अन्य धाराओं में रिपोर्ट दर्ज की है।

13 मई को मतदान अवश्य करें: निधि राठौर



जन एक्सप्रेस । हरदोई

खण्ड विकास अधिकारी हरियावां डा0 निधि राठौर ने विकास खण्ड हरियावां के ग्राम पंचायत-अटवाअसिगांव के बूथ संख्या-361, 362, 363 एवं टोलवाआंट के बूथ संख्या-366, 367, 369, 370, 371 व मझोला के बूथ संख्या-368 का निरीक्षण किया गया और निरीक्षण में यथावश्यक सुविधायें जैसे-बिजली, पंखा, लाइट, पेयजल, शोचालय, साफ-सफाई एवं दिव्यांग मतदाताओं हेतु रैम्प का कार्य पूर्ण पाया गया। प्राथमिक पाठशाला अटवाअसिगांव में बच्चों, शिक्षकों को दिनांक 13 मई, 2024 को होने वाले लोक सभा सामान्य निर्वाचन-2024 हेतु समस्त मतदाताओं को मतदान किये जाने हेतु शपथ दिलायी गई तथा उपस्थित बच्चों को यह भी अवगत कराया गया कि वह अपने घर परिवार एवं पड़ोसियों को दिनांक 13 मई, 2024 को मतदान हेतु प्रोत्साहित किये जाने के सम्बन्ध में कहा गया।

गर्रा नदी से युवती का शव मिलने के मामले में पिता व ताऊ के खिलाफ मुकदमा दर्ज

जन एक्सप्रेस । हरदोई

पाली। क्षेत्र के मेहंदीपुर गावं के पास रविवार को गर्रा नदी में मिले युवती के शव के मामले में पुलिस ने चौकीदार की तहरीर पर सौतेले पिता और ताऊ के खिलाफ आत्महत्या के लिए मजबूर करने का मुकदमा दर्ज किया है।

रविवार को मेहंदीपुर गावं के पास गर्रा नदी में एक युवती का शव बरामद हुआ था। जिसकी शिनाख्त कराने के प्रयास किया था लेकिन उस समय पहचान नही हो पाने के कारण पुलिस ने शव को मोर्चरी भेज दिया था। जिसके बाद युवती की रामनगर निवासी सुधा के रूप में शिनाख्त हो गई थी। रामनगर मोहल्ला के ही चौकीदार परवेश ने पुलिस को तहरीर देकर बताया है कि मोहल्ले के ही बादशाह कुशवाहा की दो पत्नियों की मौत बीमारी से हो गई थी। जिसके बाद बादशाह ने करीब 12 वर्ष पहले फतेगढ़ के उलियापुर गावं निवासी मीरा से शादी कर ली थी।

जबकि मीरा की पहली शादी शाहजहांपुर के मिर्जापुर थाने के पृथ्वीपुर निवासी रामनिवास के साथ हुई थी।

जिसकी बीमारी से मौत हो गई थी। मीरा के दो बेटी मधु व सुधा पहले पति से थी। जिन्हें लेकर मीरा रामनगर में बादशाह के साथ रहने लगी थी।

सौतेली बेटी होने के कारण बादशाह दोनों बेटियों को प्रताड़ित करता था। बताया सुधा हरपालपुर व मोहल्ले के ही एक-एक लड़के से फोन पर बातें करती थी। सुधा के पास तीन-चार मोबाइल भी मिले थे। इसकी जानकारी बादशाह को हो गई थी। इस बात से नाराज होकर बादशाह ने अपने बड़े भाई बलराम के साथ मिलकर 25 अप्रैल की शाम को सुधा की पिटाई कर दी थी। इससे क्षुब्ध होकर सुधा ने गर्रा नदी में कूदकर आत्महत्या कर ली थी। प्रभारी निरीक्षक एके राय ने बताया कि जांच में पता चला है कि बादशाह ने भाई बलराम के साथ मिलकर सुधा को पीटा था। उसी के चलते उसने नदी में छलांग लगाकर आत्महत्या कर ली थी।

पोस्टमार्टम रिपोर्ट में भी डूबकर मरने की पुष्टि हुई है। दोनों के विरुद्ध आत्महत्या के लिए बाध्य करने का मुकदमा दर्ज किया गया है।

जानकारी कर अनुसार सौतेले पिता बादशाह ने पुलिस पूछताछ में यह कबूल किया था कि सुधा ने 25 अप्रैल को फांसी लगा ली थी। जिसके बाद उसके शव को नदी में फेंक दिया था। लेकिन पोस्टमार्टम रिपोर्ट बयानों से ठीक इतर आई है। जिसमें डूबने से मौत होने की पुष्टि हुई है। अब सवाल यह है कि जब सुधा ने फांसी लगाई तो पोस्टमार्टम में डूबने की पुष्टि कैसे हुई ?। इसको लेकर नगर में चर्चाओं का दौर गर्म है।

महिलाओं के सशक्तिकरण के बिना इस राष्ट्र को विकसित राष्ट्र बनाना सम्भव नहीं: अंजय मिश्रा टेनी

जन एक्सप्रेस । लखीमपुर खीरी

मंगलवार को भारतीय जनता पार्टी के 28 खीरी लोकसभा प्रत्याशी अजय मिश्र टेनी ने विधानसभा निघासन के विकासखण्ड निघासन के ग्राम तिकुनियां, सिंगहा, नौबना, बंगलहाकुटी, चखरा, दुबहा, खैरहनी, सिंगाही नगर गुड़ मण्डल बाजार भेड़ौरा, सिंगाही नगर में वार्ड नं0 6 में जनसम्पर्क किया। इसके साथ ही ऊषा इवेन्ट गार्डेन ढखेरवा रोड निघासन में महिलाओं के एन0 जी0 ओ0 सम्मेलन में भी रहे।

भारतीय जनता पार्टी के 28 खीरी लोकसभा प्रत्याशी अजय मिश्र टेनी ने विधानसभा निघासन के विकासखण्ड निघासन के ग्राम तिकुनियां, सिंगहा, नौबना, बंगलहाकुटी, चखरा, दुबहा, खैरहनी, सिंगाही नगर गुड़ मण्डल बाजार भेड़ौरा, सिंगाही नगर में वार्ड नं0 6 में जनसम्पर्क एवं ऊषा इवेन्ट गार्डेन ढखेरवा रोड निघासन में महिलाओं के एन0जी0ओ0 सम्मेलन के दौरान कार्यकर्ताओं को सम्बोधित करते हुए कहा कि आप सब जानते है जैसे जानते है 2014 में जब हमारे देश में पहले भारतीय जनता पार्टी की बहुमत की सरकार नहीं थी उसी समय हमारी सरकार ने यह निश्चय किया कि हम इस देश का समग्र सुनियोजित विकास करेंगे। इस देश में रहने वाले सभी नागरिकों के जीवन में उनकी जरूरतें पूरी करने के साथ-साथ सुख सुविधाएं उनकी बढ़े देश में आवश्यक जरूरतें ऐसा बुनियादी ढांचा खड़ा हो साथ ही साथ एक बड़ा संकल्प हमारी सरकार ने लिया था कि हमारा देश एक विकसित राष्ट्र के रूप में जाना जाए। इसमें बहुत सारा चिन्तन और मनन हुआ अनेकों योजनाओं का हम लोगों ने विचार किया लेकिन जो सबसे बड़ी बात जो हमारे प्रधानमंत्री जी ने कहा था कि महिलाओं के सशक्तिकरण के बिना इस राष्ट्र को विकसित राष्ट्र बनाना सम्भव नहीं है और उसके लिए कोई एक योजना पर लग कर काम नहीं करना है यह 2014 में हमने निश्चय किया था कि अगर हमको अपने देश को विकसित राष्ट्र के रूप में देखना है तो हमें उसके लिए कार्य करना होगा तो सबसे बड़ी बात यह होगी कि हमको महिलाओं के शैक्षिक, उनके स्वास्थ्य की, उनके अन्दर नेतृत्व की क्षमता हो और आर्थिक रूप से भी वह ताकतवर हो ऐसे समग्र विकास की परिकल्पना करते हुए प्रधानमंत्री जी ने स्पष्ट रूप से कहा था कि हम महिलाओं के विकास के लिए यह योजना नहीं बना रहे है बल्कि महिलाओं के नेतृत्व में इस राष्ट्र का विकास हो इसके लिए आवश्यक है कि इन छह आयामों का इनको ज्ञान हो। एक बड़ी चुनौती थी हमारे देश में मातृ मृत्यु दर और शिशु मृत्यु दर से निपटने के लिए हमारी सरकार ने जहां शिशुओं के टीकाकरण के लिए इन्द्रधनुष योजना के माध्यम से भी जो सात बड़ी बीमारियां थी उनका नियमित टीकाकरण हो और शिशु स्वास्थ्य रहे और बालिका शिशु एवं बालक शिशु के बीच के पहले को जो वातावरण था जिसके कारण हमारे यहां लिंग अनुपात में असमानता आई थी उस दृष्टि से भी सरकार ने बड़ा काम किया और आज जो नवीनतम आंकड़ा है वह बहुत उत्साहजनक है 1000 बालको पर 1021 बालिकाएं अनुपात में हमारे देश में है।

कार्यक्रम में सांसद प्रतिनिधि अरविन्द सिंह संजय, अमनदीप सिंह प्रतिनिधि ब्लाक प्रमुख निघासन, मो0 कय्यूम अध्यक्ष नगर पंचायत सिंगाही, जिला महिला महामंत्री अनु गुप्ता, सहकारी समिति अध्यक्ष गुड्डू तिवारी, दामोदर मौर्य, योगेश दीक्षित मोनू, जिला पंचायत सदस्य लौंगश्री, संजय गिरि, के0के0 तिवारी, कनकपाल सिंह राना, नागेन्द्र सिंह सेंगर, मंडल अध्यक्ष मीना देवी, पूनम सिंह, मुन्नी देवी, विनोद वर्मा, के0डी0 वर्मा प्रधान, पिंटू यादव सहित भारी संख्या में लोग मौजूद रहे।

फास्ट फॉरवर्ड

ईवीएम व वीवीपैट की कमीशनिंग की प्रशिक्षण कार्यशाला का हुआ आयोजन

जन एक्सप्रेस । हरदोई। रसखान प्रेक्षागृह में जिलाधिकारी मंगला प्रसाद सिंह की अध्यक्षता में ईवीएम व वीवीपैट की कमीशनिंग के सम्बन्ध में प्रशिक्षण कार्यशाला का आयोजन किया गया। जिलाधिकारी ने कहा कि कमीशनिंग में निर्वाचन आयोग के प्रोटोकॉल का पूरा पालन किया जाये। हॉल में एआरओ की ओर से जारी पहचान पत्र साथ में रखें। कमीशनिंग स्थल पर समय से पहुंचें। मशीनों को बॉक्स में बूथ के क्रम के अनुसार रखें। मशीनों की सीलिंग के बारे में अच्छी तरह से सीख लें। कमीशनिंग के दौरान पानी की बोतल मशीन के पास न रखें। ऐसी स्थिति में मशीन को रखें जिससे वह धूप से प्रभावित न हो। कोई समस्या आने पर अपने एआरओ से पूछें। वेबकॉस्टिंग वाले बूथों पर बिजली आदि कि व्यवस्था देख ली जाये। इस अवसर पर मुख्य विकास अधिकारी सौम्या गुरुरानी, अपर जिलाधिकारी प्रियंका सिंह व अन्य सम्बंधित अधिकारी उपस्थित रहे।

मतदान पार्टियों को द्वितीय प्रशिक्षण 01 मई से दिया जायेगा: प्रियंका सिंह

जन एक्सप्रेस । हरदोई। अपर जिला मजिस्ट्रेट/उप जिला निर्वाचन अधिकारी प्रियंका सिंह ने सहायक नोडल अधिकारी ईवीएम एवं वीवी पैट रख-रखाव को निर्देश दिये है कि लोकसभा सामान्य निर्वाचन 2024 में मतदान कार्मिकों को ईवीएम/वीवी पैट का प्रशिक्षण मुख्य विकास अधिकारी द्वारा महाराणा प्रताप राजकीय पीजी कालेज में 01 मई 2024 से प्रारम्भ किया जायेगा तथा प्रशिक्षण हेतु प्रशिक्षण स्थल पर पूर्व में टेऊनिंग/अवेयरनेस हेत निकाली गयी 166 वीयू, 166 सीयू तथा 166 वीवी पैट में पूर्व 65 बीयू, 65 सीयू तथा 65 वीवी पैट प्रभारी अधिकारी कार्मिक को प्रत्येक दिन प्रशिक्षण से पूर्व प्राप्त कराये और प्रशिक्षण उपरान्त सायंकाल वापस रखवाना सुनिश्चित करें। इसके साथ ही उन्होने संबंधित अधिकारियों को भी निर्देश दिये है कि द्वितीय प्रशिक्षण की सभी व्यवस्थायें प्रशिक्षण से पूर्व सुनिश्चित कर लें। अपर जिला मजिस्ट्रेट ने आम आदमी पार्टी, बहुजन समाज पार्टी, भारतीय जनता पार्टी, कम्यूनिष्ट पार्टी आफ इंडिया, समाजवादी पार्टी, इण्डियन नेशनल कांग्रेस तथा अपना दल के जिलाध्यक्षों को भी सूचित किया है कि मतदान पार्टियों को द्वितीय प्रशिक्षण 01 मई 2024 से महाराणा प्रताप राजकीय पीजी कालेज में दिया जायेगा।

स्वीप गतिविधियों का हो व्यापक आयोजन: जिलाधिकारी

जन एक्सप्रेस । हरदोई। मुख्य निर्वाचन अधिकारी उत्तर प्रदेश के वीडियो कान्फ्रेंस के माध्यम से दिए गए निर्देशों के क्रम में जिला निर्वाचन अधिकारी मंगला प्रसाद सिंह ने निर्देशित किया है कि मतदान का प्रतिशत बढ़ाने के लिए व्यापक स्तर पर स्वीप कार्यक्रम आयोजित किए जाएं। एक कार्ययोजना बनाकर मतदाता जागरूकता के कार्यक्रम आयोजित किये जाएं। मतदान केन्द्रो पर मतदाताओं के लिए सभी आवश्यक सुविधाएं उपलब्ध कराई जाएं। 13 मई मतदान दिवस को पर्व के रूप में मनाया जाए। मतदान केंद्र को सुसज्जित किया जाए।

हनुमान जी पर अभद्र टिप्पणी करने के आरोपी युवक के खिलाफ मुकदमा दर्ज

जन एक्सप्रेस । हरदोई। सोशल मीडिया इंस्टाग्राम पर विपिन नाम की आईडी से हिंदुओ के इष्ट हनुमान जी की तस्वीर पर अभद्र भाषा का प्रयोग किया करने बाले युवक पर विश्व हिंदू परिषद व बजरंग दल कार्यकर्ताओ ने अरवल थाने में तहरीर देकर अभियोग दर्ज कराया है। खंड हरपालपुर की विश्व हिंदू परिषद व बजरंगदल की समस्त टीम ने अरवल थाने पहुंचकर तहरीर देकर आरोपी युवक विपिन के खिलाफ मुकदमा दर्ज कराते हुए खंड अध्यक्ष जितेंद्र श्रीवास्तव ने बताया कि यदि सनातन धर्म के खिलाफ कोई भी अपमान अभद्र भाषा का प्रयोग या पोस्ट करेगा उसे कदापि बर्दाश्त नहीं किया जाएगा। अगर कोई भी व्यक्ति सनातन धर्म का मजाक बनाएगा उसके खिलाफ बजरंग दल अवश्य एक्शन लेगा। इस मौके पर उपस्थित खंड अध्यक्ष जितेंद्र श्रीवास्तव खंड मंत्री विनय मोहन शुक्ला खंड संयोजक संजय ठाकुर खंड उपाध्यक्ष संदीप ठाकुर आदर्श ठाकुर रोहित विमलेश सुमित ठाकुर हर्ष बाजपेई आदि लोगों को उपस्थित रहे।

चाचा की गोली मारकर हत्या

जन एक्सप्रेस । शाहजहाँपुर

शाहजहांपुर के सिंधौली थाना क्षेत्र के गांव बरौरा निवासी लेखराज (40) की उनके भतीजों ने पिटाई करने के बाद गोली मारकर हत्या कर दी। भतीजों ने नौ बीघा जमीन के लिए चाचा की जान ले ली। वारदात के बाद आरोपी फरार हो गए। पुलिस की दो टीमें आरोपियों की तलाश कर रही हैं। जानकारी के मुताबिक अविवाहित होने के चलते लेखराज अपने बड़े भाई वीरेश के पास रहते थे। दोनों के हिस्से में 18 बीघा जमीन थी। वीरेश के अनुसार, लेखराज अपने हिस्से की जमीन भतीजों को देने के बजाय बहन सुनीता के बेटे अरविंद के नाम करना चाहता था। इसे लेकर भतीजे संतोष व गुड्डू ने नाराजगी भी जताई थी। सोमवार रात करीब आठ बजे शौचालय में जाने को लेकर लेखराज ने फिर से गाली देना शुरू कर दिया। तभी बात बढ़ने पर तमंचे से गोली मारकर उसकी हत्या कर दी गई।

पिकप की टक्कर से बाइक सवार मामा भांजे घायल

जन एक्सप्रेस । हरदोई

हरपालपुर। कटरा विल्हौर हाइवे पर एक तेज रफ्तार पिकप डाला की टक्कर से बाइक सवार मामा भांजे गंभीर रूप से घायल हो गए।घटना के बाद पिकप अनियन्त्रित होकर सड़क के नीचे खाई में जा गिरी। घटना की सूचना मिलते ही मौके पर पहुंची पुलिस ने दोनो घायलो को इलाज के लिए सीएचसी भेज दिया जहाँ से दोनो को रेफर कर दिया गया।

जानकारी के अनुसार सांडी थाना क्षेत्र के सठियामऊ गांव निवासी रामनिवास पुत्र रामचंद्र अपनी बहन के यहां फर्रुखाबाद गए थे।वहां से वह मंगलवार को अपने भांजे लालाराम पुत्र शीशपाल के साथ से देर शाम वापस अपने घर लौट रहे थे।जैसे ही यह लोग कटरा विल्हौर हाइवे पर हरपालपुर थाना क्षेत्र के इकनौरा गांव के पास पहुंचे उसी समय सामने से आ रही एक तेज रफ्तार पिकप डाला ने बाइक में टक्कर मार दी और पिकप डाला सड़क के किनारे खाई में जा गिरी। इस घटना में बाइक के परखच्चे उड़ गए और दोनो बाइक सवार मामा- भांजे घायल हो गए जिसमे भांजे लालाराम की हालत गम्भीर बताई जा रही है।उधर घटना की जानकारी मिलते ही मौके पर पहुंची पुलिस ने दोनो घायलो को एम्बुलेंस की सहायता से इलाज के लिए सीएचसी भेज दिया।जहां से उन्हें जिला अस्पताल रेफर कर दिया गया।

बघौली पुलिस ने जंगल में संचालित अबैध शस्त्र फैक्ट्री सहित लोगो को किया गिरफ्तार

जन एक्सप्रेस । हरदोई

पुलिस अधीक्षक केशव चंद्र गोस्वामी के निर्देशन में अपराध व अपराधियों के खिलाफ चलाए जा रहे विशेष अभियान के तहत मंगलवार को बघौली पुलिस ने जंगल में संचालित अबैध शस्त्र फैक्ट्री सहित दो शातिर अभियुक्तों को गिरफ्तार कर लिया।गिरफ्तार आरोपियो के कब्जे से चार निर्मित तमंचे व खोखा कारतूस एवं बड़ी मात्रा में शस्त्र बनाने के उपकरण बरामद कर जेल भेजा गया।

बताते चले कि बघौली थाना प्रभारी विवेक वर्मा मय पुलिस फोर्स लोकसभा चुनाव दृष्टिगत संदिग्ध व्यक्तियों व वाहन चेकिंग में व्यस्त थे।उसी समय मुखबिर द्वारा सूचना मिली कि इन्दुली जाने वाले मार्ग पर जंगल में अवैध शस्त्र फैक्ट्री का काम चल रहा है। पुलिस द्वारा तत्काल मौके पर पहुंचकर घेराबंदी कर अवैध शस्त्र बनाते दो लोगों को मौके से गिरफ्तार कर लिया गया। गिरफ्तार आरोपियों के कब्जे से पुलिस ने चार तमंचे एवं खोखा व जिंदा कारतूस के साथ साथ अबैध शस्त्र बनाने के उपकरण बरामद किए।

पुलिस द्वारा पूछताछ करने पर पकड़े गए अभियुक्तों ने अपना नाम अनिल पुत्र छुट्टके निवासी गोसवां थाना बघौली एवं गौरेलाल पुत्र नरेश पाल निवासी उमरापुर थाना बघौली बताया। एएसपी पूर्वी नृपेंद्र सिंह ने बताया कि गिरफ्तार किए गए दोनों आरोपियो का आपराधिक इतिहास है। गौरेलाल पर 14 एवं अनिल पर एक मुकदमा पूर्व में पंजीकृत है गिरफ्तार अभियुक्तों के खिलाफ पुलिस द्वारा सुसंगत धाराओं में मुकदमा पंजीकृत कर अग्रिम विधिक कार्रवाई की जा रही है।

ब्राह्मणों ने देश व प्रदेश हित में समय समय पर अपनी ताकत का एहसास कराया: रजनी तिवारी

जन एक्सप्रेस । हरदोई

मल्लावां। ब्राम्हण स्वाभिमान मंच के तहत प्रथम सम्मेलन में उच्च शिक्षा राज्यमंत्री रजनी तिवारी ने सम्बोधित कर कहा ब्राह्मणो ने समय-समय पर अपनी ताकत का अहसास कराया है जो देश और प्रदेश के सदैव हित में रहा है।

मंगलवार को कस्बे के एक गेस्ट हाउस में ब्राह्मण स्वाभिमान मंच द्वारा प्रथम सम्मेलन का आयोजन किया गया जिसमें मुख्य रूप से उच्च शिक्षा राज्य मंत्री रजनी तिवारी ने दीप प्रज्वलित कर कार्यक्रम का शुभारंभ किया। उन्होंने संबोधन में कहा कि ब्राह्मण सदैव देश हित में सामने आए हैं और देश के स्वाभिमान की सदैव रक्षा की है।

कार्यक्रम में मुख्य रूप से रामौतार शुक्ला पूर्व जिला अध्यक्ष भाजपा, माधौगंज चेयरमेन अनुराग मिश्रा, डॉ राजेंद्र दत्त मिश्रा कृपालु साधक सहित अन्य लोगों ने सम्बोधित किया। ब्राह्मण स्वाभिमान मंच के संरक्षक वरिष्ठ अधिवक्ता अभय शंकर शुक्ला ने कार्यक्रम का संचालन किया तो ब्राह्मण स्वाभिमान मंच के अध्यक्ष हरिओम दीक्षित पारस ने सभी आगंतुकों का आभार व्यक्त किया।

इस अवसर पर विधानसभा प्रभारी संजय सिंह गुड्डू, सह प्रभारी नीरज विधार्थी, प्रधान प्रतिनिधि स्पर्श दीक्षित, प्रधान प्रतिनिधि मुन्ना त्रिपाठी, हिमांशु त्रिपाठी, प्रदीप दीक्षित, सभासद भाष्कर मिश्रा, अमित त्रिपाठी, अनुज मिश्रा, ब्रजेश अवस्थी, दिवाकर द्विवेदी, विनोद दीक्षित, प्रेमशील पाण्डेय, नन्द किशोर गुप्ता, लाला राम शुक्ला, अधिवक्ता, रागिनी मिश्रा, मिथिलेश मिश्रा सहित अन्य लोग मौजूद रहे।

गलती से दूसरे के खाते में हो गए ट्रांसफर

जन एक्सप्रेस । बरेली

बरेली में मोबाइल फोन से रुपये अपनी मां के खाते में ट्रांसफर करते समय एक अंक गलत दबने से एक लाख रुपये दूसरे युवक के खाते में चले गए। उक्त युवक अब रुपये नहीं दे रहा। पीड़ित की शिकायत पर पुलिस ने आरोपी के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज कर ली है।

बिथरी चैनपुर के लश्करीगंज गांव निवासी अंश पटेल का कहना है कि वह पंजाब में प्राइवेट नौकरी करते हैं। उन्होंने 29 सितंबर 2023 को अपनी मां के खाते में एक लाख रुपये मोबाइल से ट्रांसफर किए थे। खाता संख्या दर्ज करते समय एक अंक गलत हो गया, जिससे रुपये बिथरी चैनपुर के गोपालपुर नगरिया निवासी महावीर सिंह के खाते में चले गए। महावीर सिंह से संपर्क किया तो उसने जल्द ही रुपये वापस करने का आश्वासन दिया। लेकिन बाद में उसने खाते से रुपये निकाल कर खर्च करना शुरू कर दिया बाद में वापस करने से इनकार करने लगा। कई बार कहने के बाद उसने 17 हजार रुपये वापस किए। 83 हजार रुपये बाद में देने को कहा। इसके बाद रुपये नहीं दिए। मांगने पर हर बार यही कहता रहा कि दे देगा लेकिन रुपये नहीं लौटाए। इसके बाद अंश ने पुलिस से शिकायत की। पुलिस ने महावीर सिंह के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज कर ली है।

चिलचिलाती धूप व उमस ने किया बेहाल

जन एक्सप्रेस । बहराइच

जिले में भीषण गर्मी का दौर सोमवार को भी जारी रहा। हालांकि इस दौरान तापमान में कोई वृद्धि नहीं दर्ज की गई और रविवार की तरह तापमान 42 डिग्री पर स्थिर रहा। लेकिन दिन के समय भारी उमस देखने को मिली, जिससे लोग परेशान रहे और घरों के अंदर भी लोगों को गर्मी का अहसास हुआ। तराई में सूरज की तपिश लगातार जारी है। सोमवार की सुबह से ही तेज धूप ने दस्तक दी और पूरा दिन गर्मी का सितम जारी रहा। चिलचिलाती धूप व हवाओं के चलते दिन के समय भारी उमस रही। जिससे लोग चिपचिपी गर्मी से परेशान रहे। गर्मी का आलम यह रहा है कि दोपहर के समय अधिकांश लोग अपने घरों में कैद रहे। वहीं बहुत जरूरी होने पर ही घर की दहलीज पार की। डिग्री व न्यूनतम 24 डिग्री पर बना रहा।

टायर फटने से लगी आग, लाखों का नुकसान

जन एक्सप्रेस। कुशीनगर

जिले के तुर्कपट्टी थाना क्षेत्र के राष्ट्रीय राजमार्ग पिपरा रज्जब के पास एक पेट्रोल पंप के समीप सोमवार की देर रात धान लोड कर बिहार जा रही एक ट्रक का पहिया ब्लास्ट होने से ट्रक में आग लग गया देखते देखते आग ने ट्रक को अपने चपेट में ले लिया। जिसके चलते ट्रक पर लदे धान व वाहन जल कर खाक हो गया।अचानक हुए इस आग की घटना में लाखों का नुक़सान हुआ है।इस घटना से फोरलेन पर अफरा तफरी मच गई कुछ देर के लिए फोरलेन पर वाहनों का आवागमन बाधित हो गया। पुलिस व स्थानीय लोगों के सहयोग से आग बुझाने का अथक प्रयास किया लेकिन आग पर काबू नहीं पाया जा सका।मौके पर पहुंची फायर ब्रिगेड की गाड़ी ने आग को बुझाने में सफलता पा लिया। मिली जानकारी के अनुसार जिले के हाटा तहसील कस्बा स्थित रौनियार ट्रेडिग कम्पनी से ट्रक सं.यूपी 53 सीटी 7021 धान लोड कर फोरलेन से बिहार जा रही थी। ट्रक को पकड़ लिया। देखते ही देखते आग विकराल रूप धारण कर पूरे ट्रक को अपनी चपेट में ले लिया। ट्रक ड्राईवर व खलासी ट्रक से कुद कर किसी तरह अपनी जान बचाई। मौके पर पहुंची तुर्कपट्टी थाने की जोकवा बाजार पुलिस चौकी की पुलिस व आस पास के लोगों ने आग बुझाने का अथक प्रयास किया। बहुत देर बाद घटना स्थल पर फायर ब्रिगेड के पहुंचने के बाद आग पुरी तरह बुझ गई।इस घटना से फोरलेन पर वाहनों की लम्बी कतार लग गई और सड़क पर आवागमन घंटों अवरूद्ध रहा।सब कुछ सामान्य होने के बाद वाहनों का आवागमन शुरू हो सका।

धनुष टूटते ही जय जय श्री राम से गुंजायमान हुआ मंडप

जन एक्सप्रेस। गोरखपुर

क्षेत्र के मिश्रौली में दो दिवसीय त्रयोदश वार्षिकोत्सव समारोह अंतर्गत प्रथम दिन हवन पूजन कर विश्व शांति की कामना व धर्म परिचर्चा किया गया। वहीं शाम को दो दिवसीय राम लीला के प्रथम दिन प्रभु श्री राम के जन्म से लेकर विवाह तक की लीला का मंचन किया गया। राम लीला के प्रथम दिन सीता स्वयंवर में विभिन्न देशों से आए राजाओं ने जब धनुष नहीं उठा सक तब भगवान श्री राम ने अपने गुरू के आदेश से धनुष को प्रणाम कर उठा लिया इस पर विभिन्न देशों के राजा आश्चर्य चकित हो गए की ये कैसे हो गया।वहीं पांडाल में उपस्थित श्रद्धालुओं के जय जय श्री राम के नारे से पूरा पांडाल गुंजायमान हो गया। माता सीता ने धनुष उठाते ही श्रीराम को अपना वर चुन लिया। कार्यक्रम में उपस्थित अतिथियों का ग्राम प्रधान राकेंद्र द्विवेदी एवं पुजारी सुनील द्विवेदी ने आभार व्यक्त किया।इस दौरान नन्हे दुबे, गोपाल दुबे,गोली दुबे, संजय मिश्र, सहित हजारों श्रद्धालु मौजूद रहे।

दसवीं बारहवीं पास मेधावियों का हुआ सम्मान

जन एक्सप्रेस। गोरखपुर

नेशनल एजुकेशनल सोसाइटी के तत्वाधान में निर्धन व असहाय छात्रों के शैक्षणिक कैरियर के उत्थान हेतु रैंक बूस्टर टेस्ट एंड ट्रेनिंग सेंटर द्वारा महात्मा गांधी इंटर कॉलेज के यूपी बोर्ड शैक्षणिक सत्र 2023- 24 के कक्षा दसवीं के 10 और बारहवीं कक्षा के 11 मेधावी छात्रों को सम्मानित किया गया। बताते चलें कि इन मेधावियों ने विद्यालय में ही नहीं बल्कि जनपद में भी अपनी प्रतिभा का लोहा मनवाया है। सभी टॉपर्स को नेशनल एजुकेशनल सोसाइटी के सचिव सह विद्यालय प्रबंधक मंकेश्वर नाथ पांडे ने प्रशस्ति पत्र और पुस्तकें भेंट कर सम्मानित किया ।
इस दौरान विद्यालय प्रबंधक मंकेश्वर नाथ पांडे ने मेधावियों और उनके अभिभावकों को संबोधित करते हुए कहा कि अगर सही लक्ष्य को पाना है, तो साधना करनी होगी । आज जो ये छात्र टॉप किए हैं यह इनके कठिन साधना का प्रतिफल है । सभी मेधावी छात्र निम्न मध्यम वर्गीय परिवार से आते हैं,जिन्होंने कम संसाधनों में यह मुकाम हासिल किया है। ये सभी गुदड़ी के लाल हैं। आरबीटीसी की प्रबंधक रश्मि रंजन ने कहा कि हमें कड़ी मेहनत करनी चाहिए और अपने लक्ष्य के प्रति हमेशा सजग रहना चाहिए। हाई स्कूल के टॉपर्स छात्रों में निखिल मद्धेशिया, अनुराग पांडे,अभय त्रिपाठी, आशीष गुप्ता,आकाश सिंह, आदित्य मणि त्रिपाठी, अनुज यादव,कृष्ण कुमार वर्मा,अंकुश यादव,श्याम पांडे और प्रीतम कुमार रहे तो वहीं *इंटरमीडिएट में शौर्य चौरसिया,उज्जवल शुक्ला, पवन कुमार शर्मा, कन्हैया पांडे, अमन गुप्ता, पवन,अजय प्रताप मल्ल ,उमंग सिंह, उज्जवल मिश्रा, रिकेश मिश्रा,और शिवम जायसवाल टापर्स रहे।
कार्यक्रम में आये हुए अभिभावकों और छात्रों का स्वागत प्रधानाचार्य ओम प्रकाश सिंह ने किया तथा इस दौरान दिलीप पांडे, आनंद मुखर्जी, केपी यादव, ओपी मिश्रा, सूर्यकांत शर्मा, दिनेश उपाध्याय आदि शिक्षक गण मौजूद रहे।

सदर बिधायक ने मासूम को दिया साईकिल, झूम उठा मासूम

जन एक्सप्रेस/भटनी। क्षेत्र के कुरमौटा ठाकुर गांव में सिलिंडर फटने से चार घरों का सामान जलकर राख हो गया था। गांव के मासूम आर्यन की साइकिल भी जल गई थी। मासूम जली साइकिल के पास बैठकर रोता दिखाई दिया था। सोशल मीडिया पर वाकया वायरल होने के बाद सदर विधायक डॉ. शलभ मणि त्रिपाठी ने इसका संज्ञान लिया। उन्होंने सोमवार को पीड़ित मासूम को साइकिल और चॉकलेट भेंट की। नई साइकिल मिलने के बाद आर्यन खुशी से झूम उठा।

आंचल विश्वकर्मा सम्मानित

जन एक्सप्रेस/पथरदेवा। आंचल विश्वकर्मा ने माध्यमिक शिक्षा परिषद की इंटरमीडिएट परीक्षा में सर्वाधिक 91.4 प्रतिशत अंक पाकर विद्यालय का सम्मान बढ़ाया है। आंचल आचार्य नरेंद्र देव इंटर कॉलेज की छात्रा है छात्रा की इस उपलब्धि पर प्रबंधक शैलेंद्र कुमार श्रीवास्तव ने स्मृति चिह्न देकर उसे सम्मानित किया।

डीएम की अध्यक्षता में स्टीयरिंग ग्रुप कमेटी की बैठक संपन्न

समय से पहले कराले ड्रेनो की साफ-सफाई -डीएम

जन एक्सप्रेस। कुशीनगर

जिलाधिकारी कुशीनगर उमेश मिश्रा की अध्यक्षता में मंगलवार को जिला मुख्यालय स्थित कलेक्ट्रेट सभागार में बाढ़ से प्रभावी ढंग से निपटने हेतु स्टीयरिंग ग्रुप कमेटी की बैठक संपन्न हुई। बैठक के दौरान जिलाधिकारी उमेश मिश्रा ने बाढ़ प्रभावित ग्राम सभाओं तथा क्षेत्र व संवेदनशील तटबंधों के बारे में एक एक कर जानकारी हासिल किया। डीएम ने पिछले साल छोड़े जाने वाले बैराज से पानी की मात्रा तथा विभिन्न परीक्षेत्रों में पड़ने वाले ड्रेनो के साफ-सफाई के बारे में भी एक सिरे से पूछताछ किया। बैठक में जिलाधिकारी ने निर्देशित किया कि ग्रामीण क्षेत्रों में तथा विभिन्न परीक्षेत्रों में पड़ने वाले ड्रेनेज की साफ सफाई समय से पहले ही करा लिया जाय ताकि जल जमाव (वाटर लॉगिंग) की समस्या न हो तथा सिल्ट की साफ सफाई की उचित व्यवस्था पहले करें तथा कार्यो का सत्यापन भी करालें।
उन्होंने ने कहा कि ग्रामीण क्षेत्रों में भी मनरेगा के अंतर्गत भी कार्य कराए जाए। जिलाधिकारी ने शहरी क्षेत्र में सभी प्रकार के नालों की साफ-सफाई कराने के लिए अधिशासी अधिकारी नगर पालिका एवं नगर पंचायतों को निर्देशित किया। डीएम ने कहा कि बाढ़ के दृष्टिगत जो भी कार्य कराया जा रहे हैं उसकी गुणवत्ता पर भी विशेष ध्यान देने आवश्यकता है सभी प्रकार के कराए जाने वाले निर्माण कार्यों की गुणवत्ता मानक के अनुरूप होनी चाहिए।
बैठक में मुख्य विकास अधिकारी गुंजन द्विवेदी, डीसी मनरेगा राकेश, अधिशासी अभियंता बाढ़ खण्ड महेश कुमार, उप जिलाधिकारी हाटा प्रभाकर सिंह, विकास खंडों के खंड विकास अधिकारी गण, नगर पालिका तथा नगर पंचायत के अधिशासी अधिकारी गण तहसीलदार गण, आपदा एक्सपर्ट रवि राय तथा जनपद स्तरीय अधिकारी कर्मचारी उपस्थित रहे।

एनपीएस के तत्वदर्शी तिवारी ने जेईई मेंस में लहराया परचम

जन एक्सप्रेस/देवरिया। नेशनल पब्लिक स्कूल ब्रांच सोन्दा देवरिया का छात्र रहा तत्वदर्शी तिवारी ने जेईई मेन में शानदार प्रदर्शन करते हुए 99.33त्न के साथ सफलता प्राप्त किया है इसके पिता श्री आनंद शंकर तिवारी आईटीआई स्कूल देवरिया में अध्यापक है तथा माता श्रीमती गृहणी है।नेशनल पब्लिक स्कूल के प्रबंध निदेशक श्री संजय शंकर मिश्र ने कहा कि तत्वदर्शी की उसकी लगन और कठिन परिश्रम की देन है वह प्रारंभ से ही अत्यंत मेधावी छात्र रहा है।तत्वदर्शी की सफलता पर नेशनल पब्लिक स्कूल की प्रधानाचार्या श्रीमती मृदुला सिंह बघेल प्रबंध निदेशक श्री संजय शंकर मिश्र सहित सभी अध्यापकों और कर्मचारियों ने उसके उज्जवल भविष्य के लिए शुभकामनाएं दी।

मर्चेंट नेवी में नौकरी दिलाने के नाम पर एजेंट ने ऐंठे 3.85 लाख रुपये

जन एक्सप्रेस/गौरी बाजार। थाना क्षेत्र की एक कॉलोनी निवासी एजेंट महुई श्रीकांत के रहने वाले युवक इस्माइल अली से 1,80,000 रुपये और उसी गांव निवासी चंद्रशेखर यादव से 2,05,000 लाख रुपये डेढ़ साल पहले मर्चेंट नेवी शिप पर नौकरी दिलाने के नाम पर लिया।

शिक्षा से ही लाया जा सकता है जीवन में बदलाव- अपर जिला एवं सत्र न्यायाधीश

जन एक्सप्रेस। देवरिया

अपर जिला एवं सत्र न्यायाधीश, मुख्य न्यायिक मजिस्ट्रेट, तथा सिविल जज (जे0डी0) द्वारा राजकीय बाल गृह का औचक निरीक्षण किया गया। निरीक्षण के दौरान अपर जिला एवं सत्र न्यायाधीश छाया नैन द्वारा निर्देशित किया गया कि बच्चों के उनके पौष्टिक भोजन पर ज्यादा ध्यान देने की जरूरत हैं, जिसके लिये समय-समय पर उचित खान-पान की व्यवस्था के साथ-साथ व्यायाम कराया जायें। उन्होने कहा कि शिक्षा से ही इन बच्चों के जीवन कों व्यवस्थित करके बदलाव किया जा सकता है। अपर जिला एवं सत्र न्यायाधीश के द्वारा बच्चों के शिक्षा के गुणवत्ता में सुधार कर उनको अध्ययन कराने हेतु सम्बन्धित को निर्देशित किया। मुख्य न्यायिक मजिस्ट्रेट मंजू कुमारी ने राजकीय बाल गृह के बच्चों कों उनके परिजनों से नियमानुसार मिलवाने हेतु सम्बन्धित को आवश्यक दिशा निर्देश दिया। मुख्य न्यायिक मजिस्ट्रेट द्वारा पाठशाला का निरीक्षण करतें हुये बच्चों को उनके अध्ययन का निरीक्षण किया गया और उनके पठन-पाठन के कार्य को और सुदृढ़ करने का निर्देश दिया गया, उन्होने राजकीय बाल गृह को निर्देशित करतें हुये कहा कि बच्चों के द्वारा किये गयें क्षम्य कार्यो के प्रति उदार रवैया अपनाया जायें।सिविल जज (जे0डी0) समाली मित्तल द्वारा बच्चों के स्वास्थ्य के लिए उनकी नियमित जॉच किये जाने हेतु सम्बन्धित को दिशा-निर्देश दिया। इस निरीक्षण में मुख्य रूप से अपर जिला एवं सत्र न्यायाधीश छाया नैन, मुख्य न्यायिक मजिस्ट्रेट मंजू कुमारी, सिविल जज (जे0डी0) समाली मित्तल राजकीय बाल गृह देवरिया के प्रभारी अधीक्षक रामकृपाल, व अन्य सम्बन्धित कर्मचारीगण उपस्थित रहें।

डंठल जलाने पर होगी कार्यवाही

जन एक्सप्रेस/रुद्रपुर। उपजिलाधिकारी ने डंठल जलाने वालों के खिलाफ केस दर्ज कर कार्रवाई करने के लिए कहा। उन्होंने ऑडियो जारी कर गांव वालों से डंठल में आग लगाने वालों की सूचना प्रशासन को देने के लिए कहा।एसडीएम रत्नेश तिवारी ने कहा कि डंठल में आग लगाने से आबादी क्षेत्र में भी भारी नुकसान झेलना पड़ रहा है। कुछ स्थानों पर किसान और कहीं अराजकतत्व भी आग लगा दे रहे हैं। इससे स्थिति भयावह हो जा रही है। किसान प्रशासन को डंठल में आग लगाने वालों की सूचना दें। प्रशासन के निरीक्षण में जिसके खेत के डंठल में आग लगी पाई गई, तो उसे ही घटना का जिम्मेदार माना जाएगा।

राजस्व एवं फौजदारी अभिलेखागार का कार्य समय निर्धारित

जन एक्सप्रेस। देवरिया

01 मई से 30 जून तक जनपद देवरिया के न्यायालयो कार्य करने का समय प्रातः 07.00 बजे से दोपहर 01.00 बजे तक साथ में, 10.30 बजे से 11.00 बजे तक (आधे घण्टे का) लंच व कार्यालयों में कार्य करने का समय प्रातः 6.30 बजे से दोपहर 1.30 बजे तक साथ में, 10.30 बजे से 11.00 बजे तक (आधे घण्टे का) लंच निर्धारित किया गया है। जिलाधिकारी अखण्ड प्रताप सिंह ने उपरोक्त के दृष्टिगत निर्देश दिया है कि जनपद देवरिया के समस्त राजस्व/चकबंदी एवं फौजदारी न्यायालय के साथ-साथ राजस्व एवं फौजदारी अभिलेखागार का कार्य 01 मई से 30 जून तक प्रातः 6.30 बजे से दोपहर 1.30 बजे तक संचालित होंगे। शेष कार्यालय पूर्व की भाँति प्रातः 10.00 बजे से सायं 5.00 बजे तक संचालित रहेंगे।

जाति धर्म से ऊपर उठ कर मतदान करने का दिया गया संदेश

जन एक्सप्रेस। देवरिया

जिलाधिकारी अखंड प्रताप सिंह एवं मुख्य विकास अधिकारी/स्वीप नोडल प्रत्यूष पांडेय के नेतृत्व में चलाए जा रहे मतदाता जागरूकता कार्यक्रम स्वीप के अंतर्गत आज लार विकास क्षेत्र के कंपोजिट विद्यालय चुरिया में प्रधानाध्यापक सिकंदर आसिफ के नेतृत्व में छात्र छात्राओं एवं समस्त विद्यालय परिवार के सदस्यों ने मतदाता जागरूकता कार्यक्रम का आयोजन किया गया।कार्यक्रम में बालिकाओं द्वारा सुंदर रंगोली निर्माण, हाथ पर लगाई गई मेहंदी के द्वारा संदेश दिया गया एवं बच्चों द्वारा मतदाताओं को जागरूक करने के लिए कार्यक्रम किए गए। छात्रों ने रैली निकालकर ग्राम वासियों को जाति, धर्म से ऊपर उठकर बिना किसी प्रलोभन के एक जून को ज्यादा से ज्यादा संख्या में मतदान करने के लिए प्रेरित किया। कार्यक्रम के अंत में ब्लाक के स्वीप नोडल अवनीश मिश्र ने मतदान की शपथ दिलाई। रामपुर कारखाना ब्लॉक के प्राथमिक विद्यालय चांदपुर के छात्रों ने स्वीप नोडल श्रीराम गुप्ता एवं प्रधानाध्यापक भोला चौधरी के नेतृत्व में लघु नाटिका के माध्यम से लोगों को मतदान हेतु जागरूक किया। भागलपुर ब्लॉक में मतदाता जागरूकता कार्यक्रम के अंतर्गत गोंडवली ग्राम सभा में मतदाता जागरूकता कार्यक्रमों का आयोजन किया गया जिसमें राजन वर्मा ने मतदाता जागरूकता गीत के माध्यम से ग्रामीणों को एक जून को मतदान हेतु जागरूक किया।

बात बात में युवक की चाकू मारकर हत्या

जन एक्सप्रेस। बरहज

भलुअनी थाना क्षेत्र के बाबू बभनी में रविवार की रात लगभग 10 बजे युवक की चाकू मारकर हत्या कर दी गई। हत्या की सूचना के बाद सनसनी फैल गई। एएसपी समेत अन्य अधिकारियों ने घटनास्थल पहुंच जानकारी ली। देर रात तक आरोपितों की गिरफ्तारी के लिए पुलिस दबिश दे रही थी।गांव के बाप-बेटे आपस में ही लड़ रहे थे। बेटे के हाथ में चाकू देख कर बाप किसी के घर में छुप गया। इसके बाद बेटा चाकू लेकर अपने पिता की तलाश में घूमने लगा। इस बीच गांव के महबूब आलम पुत्र रइस के दरवाजे पर वह पहुंच गया और अपने पिता के बारे में पूछने लगा। जिस पर महबूब ने अपने घर में न होने की बात कही। बताया जा रहा है कि इसी को लेकर महबूब से आरोपित कहासुनी करने लगा और देखते ही देखते आरोपित युवक ने महबूब के सीने में चाकू मार दिया। जिससे महबूब लहूलुहान होकर गिर गया । इसके बाद आरोपित मौके से फरार हो गया । सूचना मिलते ही मौके पर पहुंची पुलिस महबूब को उपचार के लिए महर्षि देवरहा बाबा मेडिकल कालेज पहुंचाया, जहां चिकित्सक ने मृत घोषित कर दिया। उधर दो समुदाय का मामला होने के चलते तनाव जैसी स्थिति उत्पन्न होने की सूचना मिलते ही बड़ी संख्या में पुलिस गांव पहुंच गई। एएसपी डा.भीम कुमार गौतम ने बताया कि जांच की जा रही है। जल्द ही आरोपित को गिरफ्तार कर लिया जाएगा।

डीएम ने जिला कारागार का किया औचक निरीक्षण

जन एक्सप्रेस। देवरिया

जिलाधिकारी अखण्ड प्रताप सिंह व पुलिस अधीक्षक संकल्प शर्मा ने मंगलवार को जिला कारागार का औचक निरीक्षण कर जेल की गतिविधियों की जांच की। निरीक्षण में कोई भी आपत्तिजनक सामग्री नहीं मिली।जिलाधिकारी व पुलिस अधीक्षक ने संयुक्त रूप से पुलिस बल के साथ जिला कारागार का औचक निरीक्षण किया। पेयजल व स्वच्छता व्यवस्था पर सन्तोष जताया। डीएम ने दवाओं की उपलब्धता एवं ओपीडी के संबंध में जानकारी प्राप्त की। उन्होंने जेल मैन्युअल के मुताबिक मिल रही सुविधाओं के संबन्ध में जानकारी प्राप्त की।इस दौरान परिसर में वे एक-एक बैरक में पहुंचे और वहीं की स्थिति देखी, साथ ही बैरक में रह रहे बंदियों व कैदियों से उनकी समस्याएं भी पूछी। बंदियों को उनकी समस्याओं का जल्द निस्तारण कर लेने का आश्वासन दिया। इस दौरान उन्होंने ने जेल प्रशासन से जेल की समस्त गतिविधियों की जानकारी भी प्राप्त की।

भाजपा का हर कदम देश के लिए अमंगलकारी: प्रज्ञानन्द चौधरी

जन एक्सप्रेस। देवरिया

समाजवादी पार्टी के जिला उपाध्यक्ष प्रज्ञानन्द चौधरी ने कहा की भाजपा का हर कदम देश के लिए अमंगलकारी हि सिद्ध होता है। आमलोगों का मानना है की जब भी इस देश की सत्ता भाजपा के हाथों मे होती है देश का सुख चैन छिन जाता है,भारतीय जनता पार्टी सत्ता मे बने रहने के लिए कोई भी घिनौना कृत्य करने से बाज नही आती श्री चौधरी ने कहा की भाजपा की हठधर्मिता के कारण कभी नोटबंदी मे लोग लाइन लगा कर मरते हैं तो कभी कृषि कानून के नाम पर हजारों किसानों के प्राणों की आहुति ली जाती है जब भाजपाईयों का मन उससे भी नही भरता तो निरिह किसानों के उपर गाडी चढा कर अपना दमनचक्र चलाते हैं हद तो तब हो जाती है जब कोरोना काल मे अनियोजित लाकडाउन लगा कर देश के करोडों लोगों को उनके हाल पर छोड दिया जाता है और आनन फानन मे वैक्सिन लाकर जबरदस्ती लोगों को वैक्सिन लगवाने पर मजबुर किया जाता है जिसका दुष्परिणाम यह हुआ है की अब वैक्सिन लगवा कर लोग मरने पर मजबुर हैं।श्री चौधरी ने कहा की जिस तरह वैक्सिन के दुष्परिणाम की चर्चा मिडिया के विभिन्न माध्यमों में हो रही है उस पर प्रधानमंत्री जी को स्थिति स्पष्ट करनी चाहिए वैक्सिन के साइड इफेक्ट्स से जान गंवाने वालों के परिजनों को उचित मुआवजे का प्रबंध करना चाहिए व संबधित वैक्सिन बनाने वाली कंपनी की जांच कर उनके खिलाफ कार्यवाही करनी चाहिए।

सीएचसी में रात को ड्यूटी पर नहीं रहते डॉक्टर

रात्रि में मरीजों को नहीं मिलता इलाज

जन एक्सप्रेस। गोरखपुर

सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र जंगल कौड़िया में रात को कोई डॉक्टर मौजूद नहीं रहते हैं जिससे मरीजों को इमरजेंसी सेवा नहीं उपलब्ध हो पाती है। सोमवार की रात 9 बजे एक मरीज के तीमारदार ने अस्पताल परिसर का वीडियो बनाकर सोशल मीडिया पर वायरल कर दिया। वायरल वीडियो में फार्मासिस्ट से एक व्यक्ति कह रहा है कि पिछले एक घंटे से मैं डॉक्टर का इंतजार कर रहा हूं परंतु डॉक्टर नहीं आए और मैं अपने मरीज को लेकर जा रहा हूं। वायरल विडियो में फार्मासिस्ट यह कहते हुए दिख रहे हैं कि गुप्ता सर आ रहे हैं।
क्षेत्रीय लोगों की माने तो अस्पताल के ही एक कर्मचारी द्वारा किसी को इलाज के लिए लाया गया था और डॉक्टर मौजूद न होने के कारण उसने वीडियो बनाकर वायरल कर दिया।
मिली जानकारी के अनुसार रात्रि में अक्सर अस्पताल में कोई डॉक्टर नहीं रहते हैं जिसके चलते गंभीर रूप से बीमार और दुर्घटनाग्रस्त लोगों के इलाज में परेशानी का सामना करना पड़ता है। अस्पताल में रात के समय डॉक्टर नहीं मिलते।
इस संबंध में पूछे जाने पर मुख्य चिकित्साधिकारी ने कहा कि मामले की जांच कर आवश्यक कार्रवाई की जाएगी।

पुलिस ने वापस कराया ऑटो में छूटा बैग

जन एक्सप्रेस। अलीगढ़

अमित कुमार निवासी साकेत विहार सासनीगेट ने अवगत कराया कि राठी हॉस्पीटल से रेलवे स्टेशन के लिए ऑटो में बैठा था। रेलवे स्टेशन पर उतरते समय आवेदक बैग ऑटो में छूट गया। बैग में 3500 रुपये, जरूरी कागजात एवं कीमती कपड़े थे। पुलिस अधीक्षक यातायात के निर्देशन में इन्ट्रीग्रेटेड कमांड एण्ड कंट्रोल सेन्टर टीम द्वारा ऑटो में बैग छूटने की सूचना पर त्वरित कार्यवाही करते हुए 08 कैमरों के सीसीटीवी फुटेज का अवलोकन कर ऑटो का नम्बर ट्रेस किया गया एवं ऑटो चालक को बुलाकर आवेदक का बैग (जिसमें 3500 रुपये, जरूरी कागजात व कपड़े सहित) सकुशल बरामद कर सुपुर्द कराया गया।

भाजपा कार्यालय पर हंगामा: पूर्व मंत्री के नाती की गिरफ्तारी के लिए पैदल मार्च

जन एक्सप्रेस। आगरा

पूर्व मंत्री के नाती की गिरफ्तारी के लिए पंजाबी समाज ने पैदल मार्च निकाला। इस दौरान भाजपा बृजक्षेत्र कार्यालय का घेराव भी किया। पीड़ित युवती को न्याय दिलाने के लिए जाट, वैश्य और जैन समाज के लोग भी एकजुट हुए। आगरा में पूर्व मंत्री चौधरी उदयभान सिंह के पौत्र दिव्यांश की गिरफ्तारी न होने से पंजाबी समाज में आक्रोश है। सोमवार को समाज के लोगों ने बैठक की। इसके बाद जयपुर हाउस में पैदल मार्च निकाला। भाजपा के बृजक्षेत्र कार्यालय का घेराव किया। आरोपी को गिरफ्तार करो, पूर्व मंत्री को भाजपा से निष्कासित करो के नारे लगाए। प्रदर्शन में अन्य समाज के लोगों ने पहुंचकर समर्थन दिया। उधर, पुलिस ने आरोपी के खिलाफ कुर्की पूर्व उद्घोषणा की कार्रवाई के लिए कोर्ट में प्रार्थना पत्र दिया। कोर्ट से आदेश नहीं मिल सका।

15 अप्रैल को ऋषि मार्ग पर जूता कारोबारी और उनकी बेटी को कार से कुचलने की कोशिश की गई थी। मामले में पुलिस ने हत्या के प्रयास का मुकदमा दर्ज किया। इसमें पूर्व मंत्री का पौत्र दिव्यांश नामजद है। पुलिस ने आरोपी पर 25 हजार रुपये का इनाम घोषित कर रखा है। मगर, 14 दिन बाद भी उसे पकड़ा नहीं जा सका है। 24 अप्रैल को पंजाबी समाज ने बैठक कर पुलिस प्रशासन को तीन दिन का अल्टीमेटम गिरफ्तारी के लिए दिया था। आरोपी की गिरफ्तारी नहीं की जा सकी।

सोमवार को पंजाबी समाज ने जयपुर हाउस स्थित आर्य समाज मंदिर में बैठक की। इसमें कहा गया कि आरोपी दिव्यांश दो बार माफी मांग चुका है। मगर, उसकी हरकत बंद नहीं हुई। पुलिस की कार्रवाई न होने से उसका दुस्साहस बढ़ गया। उसने फिर से हरकत की। अब पुलिस आरोपी को गिरफ्तार करे। प्रस्ताव रखा गया कि पूर्व मंत्री को भाजपा से निष्कासित किया जाना चाहिए। इसका सर्व समाज ने समर्थन किया। बैठक के बाद लोग पैदल मार्च करते हुए भाजपा बृजक्षेत्र कार्यालय पहुंच गए। महिलाओं ने कहा कि मोदी और योगी की सरकार में बेटियों पर अत्याचार नहीं सहेंगे। उन्हें इंसाफ चाहिए। आरोपी को गिरफ्तार करो-गिरफ्तार करो के नारे लगाए।

पीड़ित युवती के पिता का कहना था कि पुलिस पर दबाव है। इस कारण आरोपी की गिरफ्तारी में देरी हो रही है। आम मामलों में पुलिस खुलासा कर पीठ थपथपाने लगती है। इस मामले में आरोपियों को बचने का मौका दिया जा रहा है। उन्हें न्याय नहीं मिला तो पंजाबी समाज आंदोलन करेगा। फिर सारी जिम्मेदारी पुलिस प्रशासन की होगी। उधर, पैदल मार्च और प्रदर्शन की जानकारी पर पुलिस भी पहुंच गई। पंजाबी समाज के साथ ही जैन, वैश्य और जाट समाज के लोग भी साथ आए। अखिल भारतीय जाट महासभा के उपाध्यक्ष नरेश इंदौलिया ने कहा कि समाज में अगर कोई गंदगी फैलाए तो सभी समाज को एकजुट होकर विरोध करना चाहिए। अशोक अरोड़ा, आरएसएस के विश्वामित्र महाजन व रानी सिंह ने भी विचार व्यक्त किए। इस दौरान अशोक अग्रवाल, नितिन जैन, अनिल वर्मा, पंजाबी विरासत के संरक्षक चरनजीत थापर, अशोक अरोड़ा, प्रमोद महाजन, कुसुम महाजन, मन्नु, सुमन महाजन आदि मौजूद रहे। एसीपी लोहामंडी मयंक तिवारी ने बताया कि आरोपी दिव्यांश की गिरफ्तारी के लिए लगातार टीमें लगी हैं। उधर, विवेचक ने कुर्की पूर्व उद्घोषणा के लिए कोर्ट में प्रार्थना पत्र दिया था। मगर, नोटिस नहीं मिल सका है। पुलिस दबिश दे रही है। गैर जमानती वारंट पहले ही लिया जा चुका है।

फास्ट फॉरवर्ड

घर के बाहर खड़ी कार में लगी आग

जन एक्सप्रेस/गाजियाबाद। कविनगर क्षेत्र के अवंतिका शास्त्रीनगर में शुभांगी राज शर्मा के घर के बाहर खड़ी उनकी कार में सोमवार को अचानक आग लग गई। उन्होंने व आसपास के लोगों ने खुद ही आग पर काबू पाया। शुभांगी के भाई लक्ष्मीकांत शर्मा ने बताया कि आग लगने पर उनकी बहन ने उन्हें भी कॉल किया। वह मौके पर पहुंचे। लोगों ने दमकल विभाग को कॉल करने का काफी प्रयास किया लेकिन कॉल नहीं लगी। ऐसे में लोगों ने बाल्टियों से पानी डालकर खुद ही आग पर काबू पाया। उनका कहना है कि आशंका है कि तकनीकी समस्या के कारण शॉर्ट सर्किट से ही आग लगी है।

शालीमार गार्डन में देर रात लगी आग, बिजली विभाग की लापरवाही; स्थानीय लोगों ने की ये मांग

जन एक्सप्रेस/गाजियाबाद के शालीमार गार्डन में बीती रात अचानक आग लग गई। आग एक ट्रांसफार्मर में लगी। दमकल विभाग ने फिलहाल काबू पा लिया है। गाजियाबाद के शालीमार गार्डन सी-ब्लॉक में सोमवार देर रात 3 बजे ट्रांसफार्मर में आग लग गई। आग इतनी भयंकर थी कि पास में खड़ी कार भी जल गई। आरडब्लूए ने अग्निशमन विभाग को फोन कर सूचना दी। जिसके बाद काबू पाया गया। आरडब्लूए अध्यक्ष जुगल किशोर ने बताया कि बिजली विभाग के सीनियर अधिकारियों को ट्रांसफार्मर को लोहे की फैंसिग जाल लगाने का निवेदन हम कई बार कर चुके हैं। लेकिन बिजली विभाग ने कुछ ट्रांसफार्मर में लगाए भी हैं। अभी काफी-कुछ होना बाकी है। जिसे लेकर पत्र लिखा जाएगा।

पोता बना हत्यारा: जमीन विवाद में दादा की गला दबाकर हत्या, वारदात के बाद से आरोपी फरार

जन एक्सप्रेस/ बुलंदशहर में एक पोते ने जमीनी विवाद के चलते अपने दादा की हत्या कर दी। फिलहाल, वारदात के बाद से पोता फरार है। थाना क्षेत्र के सहार गांव में जमीनी विवाद को लेकर पोते ने अपने 70 वर्षीय दादा की गला दबाकर हत्या कर दी। मृतक वृद्धि के बेटे ने मामले में पुलिस को शिकायत दी। सहार गांव निवासी रामगोपाल ने बताया कि परिवार को जमीन उसके पिता श्यामलाल (70) के नाम थी। श्यामलाल जमीन को लेकर बटवारा नहीं करना चाहते थे। वही पीड़ित का भतीजा (बड़े भाई कृपाल सिंह का बेटा) निक्की लगातार जमीन में अपने हिस्से की मांग कर रहा था। इसी बात को लेकर परिवार में काफी दिनों से विवाह चल रहा था। मंगलवार सुबह निक्की ने गुस्से में आकर श्यामलाल की गला दबाकर हत्या कर दी और घर से भाग गया। पीड़ित परिजनों ने तुरंत पुलिस को सूचना दी। वहीं घटना के बाद थाना प्रभारी भूपेंद्र सिंह टीम के साथ मौके पर पहुंचे।

रवि काना ने जेल प्रशासन से मांगा टूथपेस्ट और ब्रश

जन एक्सप्रेस/नोएडा। जिला जेल में गैंगस्टर रवि काना की सुरक्षा को लेकर पूरा ध्यान रखा जा रहा है। जिस उच्च सुरक्षा सेल में रखा गया है, वहां पर किसी का भी आना-जाना नहीं है। हालांकि सेल में रहने के कारण दिनभर वह परेशान रहता है और टहलता रहता है। मंगलवार को उसने जेल प्रशासन से टूथ पेस्ट और ब्रश की मांग की। दरअसल, स्क्रैप माफिया रवि काना ने अदालत के समक्ष अपनी जान को खतरा बताया था और कहा था कि सुंदर भाटी गैंग के लोग जेल में बंद है। इससे उसे जेल में भी खतरा है। इसलिए अब जेल प्रशासन ने उसे उच्च सुरक्षा सेल में रखा है और वहां पर किसी भी बंदी का आना जाना नहीं होता है। केवल सुरक्षाकर्मी ही वहां पर आ जा सकते हैं। उधर, जेल प्रशासन का कहना है कि रवि ने टूथ पेस्ट और ब्रश मांगा था। उसे वह मुहैया करा दिया गया है।

काजल के साथ रहने की नहीं की कोई मांग

जन एक्सप्रेस/नोएडा। सोशल मीडिया पर एक पोस्ट वायरल हो रही है, जिसमें कहा गया है कि रवि काना ने अपनी पार्टनर काजल झा को अपने साथ रखने की मांग की है। जब इस संबंध में जेल प्रशासन से जानकारी की तो उन्होंने इस तरह की किसी मांग से साफ इन्कार कर दिया है। जेल अधीक्षक अरुण प्रताप सिंह का कहना है कि रवि की ओर से इस तरह की कोई मांग नहीं की गई है। इसके अलावा इस तरह का कोई प्रावधान भी नहीं है और यह कोरी अफवाह है।

शेयर बाजार में निवेश के नाम पर झांसा देकर 29 लाख ठगे

जन एक्सप्रेस/नोएडा। शेयर बाजार में निवेश कराकर लाखों की कमाई करने का झांसा देकर साइबर जालसाजों ने सेक्टर-62 निवासी सुनील भाटिया से 29 लाख रुपये ठग लिए। पीड़ित की शिकायत पर साइबर क्राइम थाने में केस दर्ज किया गया है। साइबर सेल की टीम उन खातों के बारे में पता लगा रही है जिन खातों में ठगी की रकम ट्रांसफर की गई है। शिकायत में सुनील ने बताया कि इस साल जनवरी में फेसबुक पर उनकी मुलाकात अनजान शख्स से हुई। इसके बाद मैसेंजर पर उससे बात होने लगी। बातचीत के दौरान आरोपी ने मोबाइल नंबर ले लिया फिर दोनों में व्हाट्सएप पर बात होने लगी। आरोपी ने खुद को स्टॉक स्पेशल ट्रेनिंग कंपनी का प्रतिनिधि बताते हुए कहा कि वह स्टॉक मार्केट में निवेश करने के लिए ऑनलाइन प्रशिक्षण देता है। इसके बाद कुछ सुझाव दिए और एक खुद के ऐप के बारे में जानकारी दी। उसने बताया कि तीन संस्थानों से उसका करार है जो शेयर बाजार में बेहतर लाभ दिलाते हैं। आरोपी ने व्हाट्सएप के जरिये विराद गांधी, हिना मेहता और प्रीति राठी नामक कथित शेयर ब्रोकर से बात कराई। तीनों ने शेयर बाजार को भविष्य का निवेश बताया और रकम देकर मुनाफा हासिल करने के लिए प्रोत्साहित किया। आरोपियों ने पीड़ित को आईपीओ में निवेश के लिए बार-बार प्रेरित किया और लाखों मुनाफा कमाने का भरोसा दिया। जालसाज ने मुनाफे वाले कई स्क्रीनशॉट भी सुनील को भेजे। इसके बाद ठगों ने झांसे में लेकर सुनील से 29 लाख रुपये निवेश करा दिए। आरोपी मुनाफा कमाने के लिए पीड़ित पर और अधिक रकम निवेश करने का दबाव बनाया। जब भाटिया ने निवेश की गई रकम मांगी तब जालसाजों ने उससे बात करना बंद कर दिया। इस दौरान जालसाजों ने उन्हें एक एप के माध्यम से दिखाया था कि कम समय में ही चार लाख रुपये का मुनाफा हो गया। ठगी का अहसास होने पर पीड़ित ने पुलिस से शिकायत की।

शाह के वीडियो मामले में अब तक 8 राज्यों में 16 को नोटिस

जन एक्सप्रेस/नोएडा। गृहमंत्री अमित शाह के फर्जी वीडियो के मामले में दिल्ली पुलिस ने अब तक 8 राज्यों में 16 से ज्यादा लोगों को नोटिस जारी किए हैं। इनमें हरियाणा में कांग्रेस के वरिष्ठ नेता कैप्टन अजय यादव भी शामिल हैं। पुलिस कहना है कि फर्जी वीडियो को एक्स पर डालने वाले 25 से ज्यादा लोगों के नाम सामने आ चुके हैं। काफी वीडियो डिलीट करवा दिए गए हैं, लेकिन इसके बाद भी लोग इसे एक्स पर पोस्ट कर रहे हैं। जिन लोगों ने अपने हैंडल से इसे पोस्ट किया है, पुलिस उन सभी को पूछताछ के लिए बुला रही है। दिल्ली पुलिस की स्पेशल सेल की साइबर विंग इंटेलिजेंस फ्यूजन व स्ट्रेटजिक ऑपरेशन (आईएफएसओ) के वरिष्ठ अधिकारी के अनुसार, जांच नगालैंड, झारखंड, तेलंगाना, यूपी, एमपी, राजस्थान, हरियाणा और दिल्ली तक फैल चुकी है।

निर्वाचन आयोग के निर्देशों का अक्षरश: पालन करें

जन एक्सप्रेस। अलीगढ़

जिला निर्वाचन अधिकारी विशाख जी0 ने कृष्णा इंटरनेशनल स्कूल में पीठासीन एवं मतदान अधिकारियों के दूसरे दिन के प्रशिक्षण सत्र को संबोधित करते हुए कहा कि विश्व के सबसे बड़े लोकतंत्र के महापर्व में हम सबको अपना योगदान देने का सौभाग्य प्राप्त हुआ है, यह हम सबके लिए गौरव की बात है, संवैधानिक दायित्व का सभी कार्मिक पूरी निष्ठा, पारदर्शिता के साथ निर्वहन करें। उन्होंने कहा कि मतदान प्रक्रिया को शान्तिपूर्ण, निष्पक्ष, स्वतंत्र रूप से सम्पन्न कराने के लिये सबसे अहम भूमिका पीठासीन अधिकारी एवं मतदान कार्मिकों को निभानी होती है, इसलिए मतदान के दिन होने वाली विभिन्न गतिविधियों, ईवीएम संचालन, लिफाफे पैकिंग, सीलिंग, मतदान अभिकर्ताओं के दायित्वों के बारे में प्रत्येक मतदान कार्मिक को जानकारी होना आवश्यक है, इसलिए सभी मास्टर ट्रेनर्स पीठासीन, मतदान अधिकारियों को प्रत्येक गतिविधि को अच्छे से समझा दें। डीएम ने मतदान अधिकारियों से प्रशिक्षण के दौरान संवाद करते हुए कहा कि मॉक-पोल प्रक्रिया निर्धारित समय पर मतदान अभिकर्ताओं की उपस्थिति में सपन्न कराएं, यदि अभिकर्ता समय से उपस्थित न हों तो 15 मिनट तक प्रतीक्षा करने के बाद मॉक-पोल की प्रक्रिया प्रारंभ करें, प्रक्रिया के दौरान प्रत्येक प्रत्याशी सहित नोटा में भी मत डाले जायें। उन्होंने प्रशिक्षण केंद्र पर स्थापित वोटर फैसिलिटेशन केंद्र का निरीक्षण किया एवं मतदान कर्मिकों को ईडीसी एवं पोस्टल बैलेट जारी किए जाने के सबंध में प्रभारी अधिकारियों के साथ समीक्षा भी की। उन्होंने कहा कि पीठासीन, मतदान अधिकारी अपने संवैधानिक दायित्वों का निर्वहन पूरी ईमानदारी एवं निष्पक्षता के साथ करते हुए सभी कार्मिक निष्पक्ष रहकर भारत निर्वाचन आयोग के निदेर्शों का अक्षरशः पालन सुनिश्चित कराते हुए मतदान प्रक्रिया को स्वतंत्र, निष्पक्ष एवं शांतिपूर्ण ढंग से सपन्न कराएं।

सगाई समारोह में झगड़ा: होटल स्टाफ ने दौड़ा-दौड़ा कर पीटे रिश्तेदार, दूल्हे का भाई हुआ घायल

जन एक्सप्रेस। आगरा

सगाई समारोह के दौरान दूल्हा पक्ष की होटल स्टाफ से व्यवस्थाओं को लेकर विवाद हुआ। ये विवाद इस कदर बढ़ गया कि मारपीट होने लगी। मथुरा में एक निजी होटल में सगाई समारोह के दौरान होटल स्टाफ और लड़का पक्ष के बीच मारपीट हो गई। दूल्हे का भाई घायल हो गया। पुलिस मौके पर पहुंच गई। आगरा के एक व्यक्ति ने बेटे की शादी तीन दिन पूर्व मथुरा में एक रिश्तेदारी में तय की थी। सोमवार रात को बिरला मंदिर के पास निजी होटल में सगाई समारोह चल रहा था। पीड़ित ने बताया, होटल की व्यवस्था पूरी तरह खराब थी। कार्यक्रम के लिए नीचे का हाल बुक किया गया था। कार्यक्रम के दौरान एक लाइट गिर गई। इसके बाद होटल कर्मियों ने दूसरे हाल में शिफ्ट कराया था। यहां पर खाने की व्यवस्था अच्छी नहीं थी। इसे लेकर होटल स्टाफ से कहा गया।

सपा में नई राजनीति का संकेत: अखिलेश की उन नेताओं से दूरी

जन एक्सप्रेस। आगरा

सपा मुखिया अखिलेश यादव ने उन नेताओं से दूरी बनाई, जिनकी कभी एटा में तूती बोलती थी। हालत ये थी कि इन नेताओं को सपा मुखिया के होर्डिंग पर भी जगह नहीं मिली।

कहते हैं राजनीति करवट बदलती है। राजनेताओं का भविष्य भी इसके साथ डांवाडोल होता है। कभी एटा की राजनीति और हर चुनाव में दबदबा रखने वाले पूर्व जिला पंचायत अध्यक्ष जुगेंद्र सिंह और उनका पूरा परिवार सोमवार को सपा की चुनावी रैली के होर्डिंग से पूरी तरह लापता था। पार्टी का प्रत्याशी शाक्य और विरोधी प्रत्याशी लोधी है, तो इन दोनों जातियों पर अधिक फोकस किया गया। अनकहे ढंग से पार्टी ने अपने बड़े स्थानीय नेताओं से किनारा कर लिया। पूर्व में एटा लोकसभा सीट पर हमेशा ही यादव प्रत्याशी चुनाव लड़ते रहे हैं। वह हारे या जीते, दूसरी जाति का प्रत्याशी नहीं आता था, लेकिन इस बार बदलाव की आंधी आई। औरैया से शाक्य प्रत्याशी को चुनाव लड़ने भेजा गया। इसे लेकर यादव और इस समाज के तमाम नेता सहमत नहीं हुए। नतीजा, एक के बाद एक सपा के यादव नेताओं के पार्टी छोड़ने और भाजपा में शामिल होने का सिलसिला चल पड़ा।

भले ही सपा इन नेताओं का वजूद कम बताकर तसल्ली करने की कोशिश करे, लेकिन यादवों की असंतुष्टि को नहीं नकार सकती है। सोमवार को शहर के सैनिक पड़ाव का नजारा देखकर भी सपा समर्थकों और यादवों को खिन्नता हुई। पूरा मैदान तमाम होर्डिंगों से अटा हुआ था, लेकिन इसमें एक भी होर्डिंग पर सपा नेता पूर्व जिला पंचायल अध्यक्ष जुगेंद्र सिंह यादव, पूर्व विधायक रामेश्वर सिंह यादव और उनके किसी परिजन का फोटो नहीं था। मंच पर जुगेंद्र सिंह यादव की पत्नी जिला पंचायत अध्यक्ष रेखा यादव को तो जगह दी गई, लेकिन उनके नाम का भी कोई होर्डिंग नहीं था, जो अपने आपमें सवाल खड़ा कर रहा था कि क्या पार्टी इन नेताओं को दरकिनार अपनी छवि बदलने का प्रयास कर रही है?

नेग मांगने पहुंचे किन्नरो को पीटा, कपड़े फाड़े

जन एक्सप्रेस। अलीगढ़

थाना बन्नादेवी के गूलर रोड पर एक बैंक्वेट हॉल में हुए एक शादी कार्यक्रम में हिजड़ों के नेग मांगने पर वहां जमकर बवाल हुआ। शादी दबंग परिवार की थी। दबंगों ने हिजड़ों को लाठी डंडों से मारपीट कर घायल कर दिया। उनके कपड़े फाड़ दिए और उनके गलत जगह हाथ डाले। लुटे पिटे हिड़जों ने अगले दिन एसएसपी को लिखित शिकायत दी है। इसमें आरोपियों के खिलाफ एक्शन लेने की मांग की है। शिकायत के साथ शादी का कार्ड भी लगाया है। पूरी घटना बैंक्वेट हॉल के सीसीटीवी में कैद हो गई है। साथ ही घटना से किन्नरों के महामंडलेश्वर को भी अवगत कराया है।

गूलर रोड स्थित एक बैंक्वेट हॉल में पांच हिजड़े अपना नेग मांगने पहुंचे थे। सूत्रों के मुताबिक किन्नरों ने जो रकम मांगी उस पर शादी कार्यक्रम वाले भड़क गए। हिड़जों का आरोप है कि शादी में कुछ लोग शराब पिए हुए थे। जब नेग की बात चल रही थी तो कुछ शराब पिए लोगों ने हिजड़ों के गलत जगह हाथ डालते हुए अश्लील हरकत करनी शुरू कर दी। इस पर हिजड़ों ने विरोध किया और हरकत करने वालों को फटकारा। दोनों ओर से विवाद होने पर शादी में मौजूद दबंग लोगों ने किन्नरों को लाठी डंडों, लात घूंसों से पीटना शुरू कर दिया। उनके कपड़े फाड़ दिए। गलत जगह हाथ डालते हुए उनके साथ गलत हरकत की और नाजुक जगहों पर चोट पहुंचाई।

एसएसपी ने सेवानिवृत्त पुलिस अधिकारी एवं कर्मचारियों को दी बधाई

जन एक्सप्रेस। अलीगढ़

पुलिस लाइन स्थित नवीन सभागार में अधिवर्षता आयु पूर्ण कर, ऐच्छिक सेवानिवृत्त पुलिस अधिकारी एवं कर्मचारी उपनिरीक्षक रामबहादुर सिंह, उपनिरीक्षक राजेन्द्र सिंह, उपनिरीक्षक विनोद कुमार एवं अनुचर श्रीमती मोहरश्री को सहायक पुलिस अधीक्षक अमृत जैन द्वारा स्मृति चिन्ह देकर एवं माल्यार्पण कर उनके खुशहाल जीवन की कामना करते हुए विदाई दी। इस अवसर पर प्रतिसार निरीक्षक अनुभव त्रिपाठी एवं सेवानिवृत्त हुए अधिकारी एवं कर्मचारियों के परिजन उपस्थित रहे।वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक द्वारा सेवानिवृत्त कर्मियों के अच्छे स्वास्थ्य की शुभकामनाएं दी गई।

इन गर्मियों में करिए सात ज्योतिर्लिंगों के दर्शन, किस्तों में दे सकेंगे किराया

जन एक्सप्रेस। आगरा

गर्मी के मौसम में धार्मिक यात्रा करने वालों के लिए आईआरसीटीसी भारत गौरव ट्रेन का संचालन करने जा रहा है। खास बात ये है कि आप इस यात्रा का किराया किस्तों में दे सकते हैं।

इंडियन रेलवे कैटरिंग एंड टूरिज्म कारपोरेशन (आईआरसीटीसी) की भारत गौरव विशेष ट्रेन 22 मई से रवाना होगी। ये 7 ज्योतिर्लिंग के दर्शन कराएगी। 22 मई से 2 जून तक यानी 11 रात और 12 दिन का सफर है।

आईआरसीटीसी के मुख्य क्षेत्रीय प्रबंधक अजीत कुमार सिन्हा ने बताया कि यात्रा में ओंकारेश्वर, महाकालेश्वर, सोमनाथ, भेंट द्वारका, द्वारकाधीश मंदिर, नागेश्वर, त्रयंबकेश्वर, घृष्णेश्वर और भीमाशंकर ज्योतिर्लिंग के दर्शन शामिल हैं। ट्रेन में 767 बर्थ हैं। इसमें 2 एसी की 49, श्री एसी की 70 और स्लीपर की 648 सीटें हैं। ट्रेन में योग नगरी ऋषिकेश, हरिद्वार, मुरादाबाद, बरेली, शाहजहांपुर, हरदोई, लखनऊ, कानपुर, उरई और ललितपुर स्टेशन से बैठ सकते हैं।

स्लीपर क्लास में 22150 रुपये प्रति व्यक्ति, 3 एसी क्लास में 36700 रुपये प्रति व्यक्ति और 2 एसी क्लास में 48600 रुपये प्रति व्यक्ति किराया है। यात्रियों के ठहरने, भोजन, नाश्ता और स्थानीय भ्रमण इसी में शामिल है। ईएमआई की भी सुविधा है, जिसमें 1074 रुपये प्रति महीने देने होंगे।

खुद की रकम भी गवां बैठा

स्पर्म डोनर बनने का मिला ऑफर: रुपये कमाने के लालच में फंसा युवक

जन एक्सप्रेस। आगरा

स्पर्म देकर रुपये कमाने के लालच में फंसे युवक ने अपनी रकम गवां दी। साइबर अपराधियों ने फिल्म विक्की डोनर की तरह निसंतान दंपतियों की मदद का उसे झांसा दिया था।

आगरा में साइबर अपराधियों ने फिल्म विक्की डोनर की तरह निसंतान दंपतियों को स्पर्म देकर रुपये कमाने के लालच में ताजगंज के युवक को फंसा लिया। पंजीकरण शुल्क के नाम पर 5 हजार रुपये खाते में जमा करा लिए। इसके बाद भी रकम मांगी जाने लगी। शक होने पर युवक ने मना कर दिया। पीड़ित ने सोमवार को पुलिस ऑफिस पहुंचकर शिकायत की। उसे साइबर सेल भेजा गया।

पीड़ित ताजगंज क्षेत्र का निवासी है। पुलिस को बताया कि 20 दिन पहले इंटरनेट मीडिया पर एक विज्ञापन देखा। इसमें निसंतान दंपती को स्पर्म देने पर अच्छी कमाई का लालच दिया गया था। एक लिंक पर क्लिक करने पर जानकारी ले ली गई। इसके बाद एक कॉल आया। कॉल करने वाले ने पंजीकरण शुल्क के रूप में 5 हजार रुपये जमा करने के लिए कहा। वह झांसे में आ गया। रुपये दे दिए। रकम और मांगी जाने लगी। मोबाइल पर ओटीपी भेजकर बताने के लिए कहने लगे। इस पर उसे शक हो गया। रकम वापस करने के लिए कहा। आरोपी ने अपना नंबर ही बंद कर लिया। सोमवार को पीड़ित युवक कलेक्ट्रेट पहुंचा। इस पर उसे साइबर सेल भेज दिया गया।

शेयर बाजार में निवेश के नाम पर रोहता निवासी सोमवीर से 6.70 लाख रुपये की धोखाधड़ी कर ली गई। पीड़ित ने साइबर सेल में शिकायत की। इस पर जांच की गई। रकम कई खातों में जमा कराई गई थी। पुलिस ने खातों को फ्रीज करा दिया। इसके बाद रकम पीड़ित को वापस करा दी गई।

भाजपा प्रत्याशी पानी की तरह बहा रहे पैसा, सपा प्रत्याशी उम्मीद से भी कम कर रहे खर्च

जन एक्सप्रेस/आगरा। लोकसभा चुनाव 2024 के तीसरे चरण के मतदान के लिए चुनाव प्रचार जोरों से चल रहा है। चुनाव प्रचार में जो खर्च किया जा रहा है, उस पर चुनाव आयोग की नजर है। खर्च रजिस्टर के अनुसार आगरा में भाजपा प्रत्याशी चुनाव में खूब खर्च कर रहे हैं। वहीं उनके आगरा के प्रत्याशियों के चुनाव खर्च का मीटर दौड़ रहा है। नामांकन से अब तक चुनाव में आगरा सीट से भाजपा प्रत्याशी एसपी सिंह बघेल ने सबसे ज्यादा और सपा-कांग्रेस गठबंधन प्रत्याशी सुरेश चंद कर्दम ने सबसे कम खर्च किया है। एसपी सिंह ने 24.83 लाख रुपये, जबकि सुरेश चंद ने 3.77 लाख रुपये खर्च किए हैं। कलेक्ट्रेट में सोमवार को सभी प्रत्याशियों के चुनाव खर्च रजिस्टर जांचे गए। व्यय प्रेक्षक के सामने खर्च के बिल वाउचर रखे गए। चुनाव खर्च के मामले में फतेहपुर सीकरी से भाजपा प्रत्याशी राजकुमार चाहर दूसरे नंबर पर हैं।

ट्रैफिक पुलिस के सिपाही से छिना ये अधिकार, वाहन से न चाबी निकाल सकेंगे...न कर सकेंगे चालान

जन एक्सप्रेस। आगरा

ट्रैफिक पुलिस के सिपाही अब सिर्फ यातायात का संचालन ही करेंगे। वे न तो किसी का चालान कर सकेंगे और नाहीं किसी वाहन से चाबी निकाल सकेंगे। अब केवल ई-चालान होगा। उत्तर प्रदेश के आगरा जिले में यातायात पुलिस के जवानों से अब चालान करने का अधिकार छीन लिया गया है। चौराहे पर तैनात ट्रैफिक सिपाही अब न तो आपका चालान कर सकेंगे और नाहीं आपके वाहन की चाबी निकाल सकेंगे। इसके लिए अब नई व्यवस्था लागू की गई है।

आगरा शहर में यातायात व्यवस्था को सुदृढ़ बनाने के लिए अब यातायात पुलिस के मुख्य आरक्षी और आरक्षी यातायात नियमों का उल्लंघन होने पर वाहनों का चालान नहीं कर सकेंगे। यह कार्य केवल यातायात निरीक्षक व उपनिरीक्षक ही करेंगे।

एसीपी यातायात ने दी ये जानकारी

एसीपी यातायात सैयद अरीब अहमद ने बताया कि कमिश्नरेट में यातायात व्यवस्था को दुरुस्त करने के लिए हर संभव प्रयास किए जा रहे हैं। अब यातायात के मुख्य आरक्षी व आरक्षियों को चालान के कार्य से मुक्त करके उन्हें यातायात के संचालन की जिम्मेदारी दी गई है। वह यातायात नियमों का उल्लंघन होने पर चालान नहीं करेंगे। यदि कोई वाहन चालक नियमों का उल्लंघन करते हुए पकड़ा जाता है तो उस स्थिति में यातायात निरीक्षक अथवा उप निरीक्षक चालान करेंगे।

चालान करने के दौरान किसी तरह की नकदी का हस्तांतरण नहीं होगा। नकद भुगतान नहीं होगा। चालान की राशि शमन शुल्क यातायात पुलिस लाइन में ही जमा कराना होगा। यह ई-चालान या न्यायालय के माध्यम से ही होगा। नियमों के उल्लंघन पर स्मार्ट सिटी के कैमरों से वाहन चालकों के विरुद्ध कार्रवाई जारी रहेगी।

4 व 5 मई को पूर्णागिरि धाम के लिए निकाली जाएगी बाइक यात्रा

विश्व हिंदू परिषद बजरंग दल की बैठक हुई संपन्न, यात्रा को लेकर हुई चर्चा

जन एक्सप्रेस । पीलीभीत

मंगलवार को विश्व हिंदू परिषद बजरंग दल की महत्वपूर्ण बैठक संपन्न हुई। बताते चले की आने वाली दिनांक 4 एवं 5 मई को पूर्णागिरि धाम बाइक यात्रा निकाली जाएगी। जिसको लेकर आज मंगलवार को संघ कार्यालय पर बैठक संपन्न हुई इस बैठक में बजरंग दल प्रांत संयोजक दिग्विजय तिवारी के निर्देशन में बैठक हुई साथ ही इसका संचालन सह जिला मंत्री प्रवीन मोहन अग्रवाल ने किया।

बैठक को संबोधित करते हुए मुख्य अतिथि ने सभी को अवगत करते हुए बताया कि नेपाल और भारत की सीमावर्ती हिस्सों में रहने वाले हिन्दुओं युवाओं के मनोबल बढ़ाने व माँ पूर्णागिरि माता रानी का आशीर्वाद लेने के उद्देश्य से विश्व हिंदू परिषद बजरंगदल द्वारा विशाल नेपाल सीमा जन जागरण बाइक यात्रा का आयोजन पीलीभीत मझोला, खटीमा, टनकपुर होते हुये पूर्णागिरि माता के दर्शन करने के पश्चात सिद्ध बाबा के दर्शन करते हुए अपने अपने घर को प्रस्थान करेंगे।

वही इस अवसर पर सह जिला मंत्री ने अपने उद्बोधन में कहा कि मेरा सम्पूर्ण पीलीभीत के युवा शक्ति से आग्रह हैं।

की इस विशाल जनजागरण यात्रा मे अपनें मित्र वंन्धुओ के साथ आकर माँ भारती के सेवा मे अपना योगदान दें। आज की इस बैठक में मुख्य रूप से जगदीश, अमित, महेश, वैभव, सोनी पटेल, हरीश दुलवानी, संतोष मिश्रा, अजय राठोर, रामानुज, देशिता पटेल समेत कई कार्यकर्ता उपस्थित रहें।

अंत में सभी से अपील की गई की इस यात्रा में समाज के लोग भी इस ऐतिहासिक बाइक यात्रा में बढ़ चढ़कर कर हिस्सा लें और इस यात्रा को सफल बनाएं।

रिश्तेदारी में आया मनचला नाबालिग किशोरी को लेकर फरार

पुलिस ने चार लोगों के विरुद्ध दर्ज किया मुकदमा

जन एक्सप्रेस । बीसलपुर

रिश्तेदारी में आए मनचले ने एक नाबालिग किशोरी को बहला फुसलाकर भगा ले गया। लापता किशोरी के पिता ने पुलिस को तहरीर देकर कार्रवाई करने की मांग की। पुलिस ने तहरीर के आधार पर चार लोगों के विरुद्ध मुकदमा दर्ज कर किशोरी की तलाश शुरू कर दी है।

दियोरिया कोतवाली क्षेत्र के एक गांव निवासी पीड़ित ने पुलिस को दी गई तहरीर में आरोप लगाया है कि थाना गजरौला क्षेत्र के गांव नदहा निवासी यशपाल पुत्र जीतपाल रिश्तेदारी में गांव में आया था। उसने किसी तरह से उसकी 16 वर्षीय नाबालिग बेटी को अपने प्रेम जाल में फंसा लिया और दो दिन पहले उसकी नाबालिग बेटी को बहला फुसलाकर भगा ले गया। जिसमें गांव के ही मोहित, पंकज पुत्र गण रामविलास, रामविलास पुत्र ओमकार ने मदद की है। पुलिस ने तहरीर के आधार पर यशपाल पुत्र जीतपाल निवासी ग्राम नदहा थाना गजरौला, मोहित, पंकज पुत्र गण रामविलास, रामविलास पुत्र ओमकार के विरुद्ध मुकदमा दर्ज कर फरार किशोरी की तलाश शुरू कर दी है।

> पीड़ित की तहरीर पर पुलिस ने मुकदमा दर्ज कर लिया है साथ ही फरार किशोरी की तलाश शुरू कर दी है।
>
> उमेश सोलंकी
> प्रभारी निरीक्षक।

लोहिया पुल तोड़कर नदी पर बनाया ईंटों का पुल

डेढ़ एक करोड़ 66 लाख रुपए की लागत से ईंटों को बना दिया पुल

ग्रामीणों ने विरोध प्रदर्शन कर लगाया घोटाले का आरोप

जन एक्सप्रेस । गजरौला

जनपद के थाना गजरौला कला में ब्रिटिश शासन काल में गजरौला और शिवनगर जाने वाले मार्ग के बीच माला नदी पर लोहिया पुल बनाया गया था जो पूरी तरह लोहे का था जिसके खंबे और रेलिंग सहित लोहे का बना हुआ था।

क्षेत्र के ग्रामीण लोग बताते हैं कि इस नदी पर लोहिया पुल करीब दो सौ साल पुराना था और आज भी उसकी मजबूती थी लंबे समय के चलने के बावजूद पुल नहीं टूटा था दिन प्रतिदिन बड़े बड़े वहान इसी मार्ग से निकलते थे। सैकड़ो गांव गांव का रास्ता इस पुल से होकर ही गुजरता लेकिन कर्मचारी की मनमानी चलते लोहिया पुल तोड़कर उस पर ईंटों का पुल बना दिया गया है। जिसकी लागत कीमत एक करोड़ 66 लाख रुपए की बताई जा रही है। और पुल निर्माण के पास रास्ता भी तिरछा किया जा रहा है। आसपास के सैकड़ो गांव के लोग और प्रधान सहित सोमवार की सुबह पहुंचे और वहां पर काम कर रहे ठेकेदार व कर्मचारियों से नोक झोंक हुई। विरोध प्रदर्शन कर लाखों रुपए घोटाले का भी आरोप लगाया।

बैजू नगर के प्रधान रमेश वर्मा, आज्ञा सिंह, जसमेर सिंह, जयलाल, हरिद्वार लाल, मदनलाल, डोरी लाल, दिलबाग सिंह, लखबीर सिंह, कर्मवीर, अकील खान, परमजीत, गुरमेल सिंह, सरवन सिंह, बिरसा सिंह, हेमराज, परम सिंह, गेंदनलाल, प्रमोद, नेवाराम, श्यामा चरण, रूपलाल, मोहनलाल आदि विरोध प्रदर्शन करने में शामिल रहें।

पैसे के लेनदेन को लेकर चार लोगों ने युवक को जमकर पीटा

जन एक्सप्रेस । बीसलपुर

पैसे के लेनदेन को लेकर चार लोगों ने युवक को ईट पत्थर व धारदार हथियार से प्रहार कर गंभीर रुप से घायल कर दिया। पीड़ित ने मामले की तहरीर कोतवाली पुलिस को देकर कार्यवाही किये जाने की मांग की है। पुलिस ने तहरीर के आधार पर युवक का मेडिकल कराने के बाद कार्यवाही शुरु कर दी है। बीसलपुर कोतवाली क्षेत्र के ग्राम अभयपुर चैना निवासी मुस्तकीम पुत्र नामेअली के गांव के ही कुछ लोगों पर पैसे आ रहे थे। जिसे मागने गया इसी बात से नाराज होकर चार लोगों ने ईट पत्थर व धारदार हथियार से हमला कर दिया। जिससे युवक गंभीर रुप से घायल हो गया। चीख पुकार सुनकर परिजन मौके पर पहुंच गये और घायल को कोतवाली लेकर पहुंचे जहां पर दबंगों के खिलाफ तहरीर देकर कार्यवाही किये जाने की मांग की। पुलिस ने तहरीर के आधार पर घायल युवक को सरकारी अस्पताल भेजकर मेडिकल कराने के बाद कार्यवाही शुरु कर दी है।

आरोपी कर्मचारी को किया गया निलंबित

जन एक्सप्रेस । वाराणसी। बरेका के कार्मिक विभाग में कार्यालय अधीक्षक दीपक कुमार श्रीवास्तव के साथ मारपीट के आरोपी कर्मचारी परिषद के सदस्य संतोष कुमार यादव को विभागीय जांच के बाद सोमवार को निलंबित कर दिया गया। उधर, कर्मचारी के समर्थन में साथियों ने प्रशासनिक भवन के बाहर प्रदर्शन किया। मामले को देखते हुए बरेका प्रशासन ने एक जांच कमेटी गठित की है, जिसकी रिपोर्ट पर आगे की कार्रवाई होगी। पिछले मंगलवार को कार्यालय अधीक्षक दीपक कुमार श्रीवास्तव और कर्मचारी परिषद के सदस्य संतोष यादव के बीच कहासुनी हो गई। संतोष यादव पर आरोप है कि वह दीपक श्रीवास्तव से मारपीट की। मंडुवाडीह थाने में दीपक ने मुकदमा दर्ज कराया। संतोष और उसके साथी सुनील को शांतिभंग में चालान किया गया। उसी मामले को लेकर विभागीय अधिकारियों ने संतोष यादव को निलंबित कर दिया।

भरापचपेड़ा में निर्माणाधीन खमीर फैक्ट्री का किया निरीक्षण, देखी प्रगति, तेजी के साथ कार्य कराने के दिये निर्देश

जन एक्सप्रेस । पीलीभीत

मंगलवार को औद्योगिक विकास आयुक्त मनोज कुमार सिंह एवं जिलाधिकारी संजय कुमार सिंह एवं पुलिस अधीक्षक अविनाश पांडेय ने भरा पचपेड़ा में निर्माणाधीन खमीर फैक्ट्री का निरीक्षण किया। इस दौरान उन्होंने मैप लेआउट के माध्यम से जानकारी ली। निरीक्षण के दौरान उ0प्र0 राज्य औद्योगिक विकास प्राधिकरण (यूपीसीडा) द्वारा अवगत कराया कि जनपद के भरापचपेड़ा में 1200 एकड़ भूमि अधिग्रहत की गई हैं। जिसमें 951 एकड भूमि विकास किया जायेगा और उद्योग हेतु भूखण्ड उपलब्ध कराया जायेगा। उन्होंने बताया कि इसी में से 250 एकड़ भूमि वर्ष 2021 में ऐबी मौरी कम्पनी को उपलब्ध कराई है। यह कम्पनी विश्व की प्रख्यात कम्पनी है जो लन्दन की कम्पनी है। उक्त कम्पनी द्वारा खमीर का उत्पादन किया जायेगा जोकि देश एवं विदेश में भेजा जायेगा। इस दौरान कार्यदायी संस्था द्वारा अवगत कराया कि कम्पनी का कार्य प्रगतिशील है एवं 2025 में पूर्ण रूप से उत्पादन प्रारम्भ कर दिया जायेगा। उक्त कम्पनी एबी मौरी द्वारा एक बडी कीमत लगभग डेढ़ हजार करोड़ का निवेश जनपद में किया जाएगा। इसके साथ ही यूपीसीडा द्वारा औद्योगिक क्षेत्र के विकास हेतु 300 करोड़ की निविदाएं आर्मत्रित कर ली गयी है। उन्होंने बताया कि उद्योमियों की सुविधा हेतु एक ही स्थान पर पक्की सड़क, नालियों, फायर स्टेशन, पुलिस प्रशासनिक भवन, इन्ट्री गेट के साथ अन्य सुविधाऐं उपलब्ध करायी जायेगी। उक्त फैक्ट्री में लगभग क्षेत्र के 5000 लोगों को रोजगार मिलने की सम्भावना है। निमार्णधीन फैक्ट्री परिसर में अपर मुख्य सचिव द्वारा वृक्षारोपण किया गया। इसके उपरान्त ने टांडा विजैसी स्थित मैगो डेयरी का औचक निरीक्षण किया। निरीक्षण के दौरान दूध, दही एवं घी के मूल्य की जानकारी प्राप्त करते हुये गुणवत्ता परखी। इस दौरान चेयरमैन मझोला, उप जिलाधिकारी अमरिया, यूपीसीडा, उपायुक्त उद्योग सहित अन्य उपस्थित रहे।

सिद्ध बाबा स्थल पर सामूहिक विवाह कार्यक्रम का हुआ आयोजन

10 बार वधू की कराई गई शादी साथ ही विशाल भंडारे का भी हुआ आयोजन

जन एक्सप्रेस । बरखेड़ा

जनपद के बरखेड़ा कस्बे में सिद्ध बाबा मढ़ी स्थल पर आज सामूहिक विवाह कार्यक्रम का आयोजन नगर पंचायत बरखेड़ा चेयरमैन श्याम बिहारी भोजवाल व उनकी धर्म पत्नी ममता भोजवाल के द्वारा गत वर्ष की भाँति इस वर्ष भी किया गया। जिसमें 10 वर वधू की शादी करायी गई। तथा विशाल भंडारे का आयोजन किया गया।सिद्ध बाबा स्थल बरखेड़ा पर छठवाँ सामूहिक विवाह कार्यक्रम का आयोजन किया गया। जिसमें गरीब कन्याओं 10 वर वधू जोड़ों मे 1.सागर जोशी संग नेहा जोशी, 2. विजय भोजवाल संग सोनिया भोजवाल, 3. जितेन्द्र कुमार भोजवाल संग उर्मिला देवी, 4. रोहित कुमार संग कलावती, 5. महेंद्र पाल संग पूनम देवी, 6. राजेंद्र कुमार संग मधु भोजवाल, 7. अजय पाल संग प्रियंका पासी, 8. अमित वर्मा संग मुस्कान, 9. सुनील कुमार संग सीमा, को शादी के बंधन में एक दूजे लिये हुए। इसके साथ ही गायत्री परिवार के द्वारा महायज्ञ का भी आयोजन किया गया तथा आयोजन में शामिल होने वालों को विशाल भंडारा का प्रसाद ग्रहण कराया गया। भोजबाल दंपत्ति द्वारा बर बधू को ग्रहस्थ जीवन में प्रयोग होने वाले बेड अलमारी मंगलसूत्र आदि दान दहेज देकर विदा किया गया। कार्यक्रम में हज़ारों लोगों ने भाग लिया कार्यक्रम में उपस्थित लोगों द्वारा भी बर बधू को उपहार दिए गए नगर के गणमान्य एवं बाहर से आए हुए गण मान्य व्यक्तियों द्वारा वर और बधू को आशीर्वाद दिया।

मुख्य अतिथि के रूप में बीसलपुर के पूर्व मंत्री राम सरन वर्मा एवं समस्त सम्मानित सभासद गण नफीस अहमद लेखाकार, देवकी नंदन, गौशाला प्रभारी महेश चंद्र, प्रदीप कुमार, सनी, गोपाल आदि लोग मौजूद रहे।

मछलीशहर में एफएसटी के कार्यों की जाँच की

जन एक्सप्रेस । जौनपुर

लोकसभा सामान्य निर्वाचन 2024 के लिए भारत निर्वाचन आयोग द्वारा जनपद के नामित व्यय प्रेक्षक 73-जौनपुर संसदीय निर्वाचन क्षेत्र श्री मुण्डे राजेश बालाजी राव शाहगंज और सरपतहा में एवं प्रेक्षक संसदीय निर्वाचन क्षेत्र 74-मछलीशहर श्री कृष्ण कुमार पी ने मछलीशहर में एफएसटी के कार्यों की जाँच की। इस दौरान उन्होंने टीमों के अभिलेखों की जाँच की। व्यय प्रेक्षक नें चुनाव कार्य में लगे निगरानी दलों को तत्परता के साथ कार्य करने के निर्देश दिया। उन्होंने एफएसटी और एसएसटी को निर्देशित किया कि निर्वाचन के दौरान समस्त थानों द्वारा चेकिंग बैरियर, एसओपी के अनुसार चेकिंग करेंगे। उड़नदस्ता टीम में गठित टीमों प्रभारी रिजर्व, स्थायी निगरानी के लिए चेकिंग बैरियर के सन्दर्भ में भी जानकारी ली।

भूतप्रेत के चक्कर मे मारपीट, चार लोग हुए घायल

जन एक्सप्रेस । जौनपुर

जलालपुर क्षेत्र के कोतवाल पुर गांव के पास मंगलवार को भूतप्रेत कराने को लेकर दो सगे भाईयों के बीच मारपीट हो गयी। मारपीट में एक महिला सहित चार लोग घायल हो गए। केराकत क्षेत्र के बेलाव घाट के निवासी एक महिला का मायका जलालपुर के कोतवालपुर गांव में है। उस महिला की तबियत काफी दिनों से खराब चल रही थी। मायके वालो के सलाह पर जलालपुर बाजार के पास रहने वाले ओझा के पास झाड़फूंक करवा रही थी। ओझा ने उससे कहा कि यह भूतप्रेत उसको उसकी जेठ के परिवार ने दिया है। ओझा के बात पर भूत प्रेत को लेकर दोनो के घर रविवार को झगड़ा हुआ था। झगडे के बाद दोनों पक्षो ने तय किया कि वे मंगलवार को ओझा के पास जाएंगे। वहा सत्य सामने आ जायेगा। मंगलवार को दोनों परिवार ओझा के जलालपुर बाजार के समीप स्थित घर पर गए थे। ओझा ने दोनो को एक साथ देखा तो जेठानी पर फिर आरोप लगाया। जेठानी ने कहा कि जो भूतप्रेत है। वह मुझे दे दे।वहां झगड़ा के बाद ओझा भूतप्रेत की पूजा के लिए अगले रविवार को बुलाया। उसके बाद एक ऑटो रिक्शा से दोनों परिवार वापस घर जा रहे थे।रास्ते मे देवरानी के मायके वालों ने सभी को अपने यहां रुकवाया। वहां पर फिर एक बार भूतप्रेत को लेकर दोनो पक्ष मारपीट करने लगे।मारपीट में पीड़िता का पति, तथा जेठ, जेठानी और एक अन्य को चोट आई। अगल बगल के लोगो ने पहुंचकर स्थिति को शांत कराया। बाद में दोनो परिवार के बीच वही पर समझौता हुआ।

गांव में चौपाल लगाकर नामांकन को किया प्रेरित

जन एक्सप्रेस । जौनपुर

प्राथमिक विद्यालय खुटहन प्रथम के शिक्षकों ने मंगलवार को कैराडीह गांव में चौपाल लगाकर अभिभावकों को बुनियादी शिक्षा का महत्व बताते हुए पाल्यों का नामांकन अवश्य कराने पर जोर दिया। खंड शिक्षा अधिकारी अश्विनी कुमार सिंह ने अभिभावकों को जागरूक करते हुए कहा कि बच्चे का पहला गुरू माता पिता होते हैं। वह जब धीरे धीरे होश संभालता है तो उन्हीं के बताए रास्ते पर चलना शुरू करता है। यहीं से उसकी पहली शिक्षा की शुरुआत हो जाती है। जब वह घर के बाद स्कूल जाता है तो उसके जैसे तमाम बच्चे वहां मिलते हैं।

घर से सीखे गये गुर को पहचान शिक्षक उसके भीतर किताबी ज्ञान भी भरना शुरू करता है। वहीं एक दूसरे बच्चों के बीच स्पर्धा की भावना जागृत कराता है। बच्चे के मन में एक दूसरे से आगे बढ़ने की होड़ जागती है।

यही भावनाएं उसे ऊपर ले जाती है।

नामांकन के दूसरे दिन समाज विकास क्रान्ति पार्टी के प्रत्याशी ने किया नामांकन

जन एक्सप्रेस । जौनपुर

लोकसभा सामान्य निर्वाचन-2024 के लिए समाज विकास क्रान्ति पार्टी के प्रत्याशी श्री अशोक सिंह के द्वारा 73-जौनपुर संसदीय निर्वाचन क्षेत्र हेतु 01 सेट में अपना नामांकन पत्र दाखिल किया गया। 73-जौनपुर संसदीय निर्वाचन क्षेत्र हेतु एआईएमआईएम के प्रत्याशी मो0 नौशाद ने 01 सेट में, मौलिक अधिकार पार्टी के प्रत्याशी फूलचन्द्र बिन्द के द्वारा 02 सेट में, निर्दल प्रत्याशी चन्द्रमणि सी पाण्डेय ने 01 सेट में, समाज विकास क्रान्ति पार्टी के प्रत्याशी अशोक सिंह के द्वारा 02 सेट में, राष्ट्रीय साम्यवादी पार्टी के प्रत्याशी गोविन्द लाल पटेल के द्वारा 02 सेट में, भारतीय समता समाजपार्टी के प्रत्याशी के प्रत्याशी संजीव कुमार प्रजापति के द्वारा 01 सेट में, सुहेलदेव पार्टी के प्रत्याशी राकेश कुमार सिंह के द्वारा 01 सेट में निर्दल प्रत्याशी कृपाशंकर सी पाण्डेय के द्वारा 01 सेट, सोशलिस्ट यूनिटी सेन्टर आफ इन्डिया कम्युनिस्ट के प्रत्याशी राम प्यारे ने 01 सेट में, निर्दल प्रत्याशी अमित कुमार सिंह ने 01 सेट में, निर्दल प्रत्याशी हरिशचन्द्र शुक्ला ने 01 सेट में, निर्दल प्रत्याशी शिवम कुमार ने 01 सेट में पर्चा खरीदा।

74-मछलीशहर संसदीय निर्वाचन क्षेत्र हेतु निर्दल प्रत्याशी रंगबहादुर ने 02 सेट में, समाजवादी पार्टी के प्रत्याशी प्रिया सरोज ने 01 सेट में, बहुजन मुक्ति पार्टी से नवनीत ने 01 सेट में पर्चा पर्चा खरीदा।

चकबंदी अधिवक्ता पर जानलेवा हमला 4 लोगों के खिलाफ केस दर्ज

जन एक्सप्रेस । जौनपुर

बदलापुर थाना क्षेत्र के सरोखनपुर गांव में सोमवार की देर शाम चकबंदी अधिवक्ता पर गांव के ही कुछ लोगों ने हमला कर उन्हें गंभीर रूप से घायल कर दिया, फिलहाल पुलिस चार नामजद लोगों के खिलाफ केस दर्ज कर मामले की आवश्यक कार्यवाई में जुटी हुई है। जानकारी के मुताबिक बदलापुर कोतवाली क्षेत्र के रैभानीपुर गांव निवासी चिंतामणि उपाध्याय जौनपुर चकबंदी में अधिवक्ता है,पीड़ित का आरोप है कि वह सोमवार की शाम करीब 8 बजे जौनपुर से बदलापुर फिर बाइक से अपने घर वापस लौट रहे थे। कि सरोखनपुर निवासी अरुण कुमार शर्मा उर्फ राजू शर्मा के घर के पास पहुचें वही पहले से घात लगाकर बैठे चार मनबढ़ो ने उनपर फायरिंग करने लगे जिसका विरोध करने पर उक्त लोगों ने उन्हें लोहे की सरिया व लाठी डंडे से जानलेवा हमला कर घायल कर दिए।

वही घायल अधिवक्ता के शोर शराबा मचाने पर आस-पास के लोग दौड़े तो उक्त हमलावर मौके से फरार हो गए। स्वजनों ने घायलावस्था में अधिवक्ता को बदलापुर सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र ले गए जहां डॉक्टर द्वारा प्राथमिक उपचार के बाद हालत गंभीर देखते हुए डाक्टर ने उन्हें जिला अस्पताल रेफर कर दिया है।

वही बादलपुर कोतवाली पुलिस ने घायल पीड़ित की नामजद लिखित तहरीर के आधार पर चार लोग संत कुमार, बसंत कुमार, शिव कुमार पुत्रगण मंगला प्रसाद दुबे निवासी रैभानीपुर और जितेंद्र पांडेय पुत्र घनश्याम पाण्डेय निवासी ऊदपुर गेल्हवा बदलापुर के खिलाफ बिभिन्न धाराओं में केस दर्ज कर पुलिस अग्रिम विधिक कार्यवाई में जुटी हुई है।

सेक्टर मजिस्ट्रेट साहबान बने पार्टी समर्थक

उड़ायी आचार संहिता की धज्जियां, वीडियो वायरल

जन एक्सप्रेस । जौनपुर



उत्तर प्रदेश के जौनपुर जिले में निष्पक्ष चुनाव कराने का जिम्मा लिए जनपद के एक सेक्टर मजिस्ट्रेट साहबान का वायरल वीडियो चर्चाओं में आ गया हैं। वायरल वीडियो में उक्त सेक्टर मजिस्ट्रेट बाकायदे पार्टी का गमछा धारण करने के साथ ही हाथ में झण्डा लिए किसी कार्यक्रम में पार्टी के समर्थक के रूप में नजर आ रहे हैं।जिसकी चर्चा करते हुए लोग दांतों तले उंगलियां दबा रहे हैं। बहरहाल यह जिले का पहला मामला नहीं है इसके पहले एक सुईथाकला ब्लाक के परिषदीय विद्यालय के एक शिक्षक भाजपा प्रत्याशी के साथ नुक्कड़ सभा में मंच पर मंचासीन होकर पार्टी का प्रचार प्रसार करने का फोटो वीडियो सोशल मीडिया पर वायरल हुआ जिसकी खबर समाचार पत्र में प्रमुखता से प्रकाशित किया गया परंतु अभी तक कोई कार्रवाई नहीं हुई है। बताया जा रहा है कि राजकीय पशु चिकित्सालय अर्सिया में पदस्थ पशु चिकित्सा अधिकारी डाक्टर चन्द्रभान यादव इन दिनों लोकसभा चुनाव के मद्देनजर सेक्टर 44में बतौर सेक्टर मजिस्ट्रेट की भूमिका में हैं।कहा जाता है कि जब कानून का रक्षक ही भक्षक बन जाय तो बेड़ा गर्त में जाने से कोई रोक नहीं सकता। कुछ ऐसा ही कारनामा उक्त सेक्टर मजिस्ट्रेट का सोशल साइट पर वायरल वीडियो द्वारा प्रकाश में आया है। उक्त वीडियो जौनपुर लोकसभा क्षेत्र के प्रत्याशी कृपाशंकर सिंह के नामांकन के दिन का बताया जा रहा है। जिसमें सेक्टर मजिस्ट्रेट साहबान भगवाधारी गमछे को धारण किए हाथ में पार्टी का झण्डा लिए समर्थक के रूप में नजर आ रहे हैं। उधर इस कारनामे की जानकारी होते ही विभागीय लोगों के हाथ पांव फूल गए हैं। फिलहाल सवाल यह उठता है कि चुनाव में एक अहम जिम्मेदार के रूप में जिम्मा लिए उक्त सेक्टर मजिस्ट्रेट कैसे दूसरों से आचार संहिता का पालन कराते हुए पारदर्शिता के साथ चुनाव सम्पन्न कराएंगे यह लोगों में एक यक्ष प्रश्न बन गया है।

> वायरल वीडियो की जांच कराकर कठोर कार्यवाही की जाएगी।
>
> रविन्द्र कुमार मांदण
> जिलाधिकारी/
> निर्वाचन अधिकारी जौनपुर

बेटी के निकाह से 5 दिन पहले पिता का उठा जनाजा

जन एक्सप्रेस । मिर्ज़ापुर

क्षेत्र निवासी वली अहमद उर्फ दिल मोहम्मद की दो पत्नियों है। पहली पत्नी जैतूनिया से तीन पुत्र और तीन पुत्री हैं। एक पुत्री की शादी करना बाकी है। पहली पत्नी जैतूनिया (15) ने वली मोहम्मद को छोड़कर किसी और से निकाह कर लिया। इसके बाद वली मोहम्मद ने भी समीना से निकाह कर लिया।पहली पुत्री की शादी देहात कोतवाली क्षेत्र के जसोवर गांव में तय की थी। पांच मई को पुत्री की शादी के लिए बरात आनी थी। मंगलवार की सुबह वली अहमद सिवान में जाकर एक महुआ के पेड़ में फंदे से लटकने का प्रयास कर रहा था, तभी गांव निवासी एक महिला महुआ का फूल बिनते वहां पहुंची। उसने फंदे से लटक रहे वली मोहम्मद को रोकने के लिए आवाज लगाया, तो वली कुछ दूर स्थित पलाश के पेड़ के पास जाकर फंदे से लटक गया। सुबह ग्रामीणों ने वली का शव लटकते देखा तो इसकी सूचना पुलिस व परिजनों को दी। मौके पर पहुंची पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया। मृतक खेती- किसानी करके परिवार का गुजर बसर करता था। पहली पत्नी के बच्चे अलग रहते हैं। थानाध्यक्ष विष्णु प्रभा सिंह का कहना है कि फंदे से लटककर व्यक्ति ने जान दी। शव पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया गया है।

जनरल और व्यय प्रेक्षक प्रत्याशियों से मिले, समझाई चुनाव की बारीकियां

जन एक्सप्रेस । कन्नौज

जिला निर्वाचन अधिकारी शुभ्रान्त कुमार शुक्ल की अध्यक्षता में एन0आई0सी0 सभागार में 42-लोक सभा सामान्य निर्वाचन के अन्तर्गत चुनाव को स्वतंत्र, निष्पक्ष, शांतिपूर्ण, भयमुक्त, प्रलोभनमुक्त, समावेशी व सुरक्षित मतदान कराने के उद्देश्य से राजनीति दलों के प्रत्याशियों/प्रस्तावको के साथ बैठक संपन्न हुई। इस अवसर पर सामान्य प्रेक्षक श्री संदीप कुमार, पुलिस अधीक्षक अमित कुमार आनंद व व्यय प्रेक्षक नाथ कुमार एस. उपस्थित रहे ।

सामान्य प्रेक्षक ने कहा कि हेल्पलाइन नंबर 1950 में कॉल के माध्यम और ष्ट ड्डढ्ढत्तढ्ढरु ऐप में कोई भी नागरिक ऑनलाइन शिकायत कही से भी कर सकते हैं, समय से उसका निस्तारण किया जाएगा। आदर्श आचार संहिता का सभी लोग अनुपालन करेंगे। सभी लोग ईवीएम प्रिपेशन पर रहें, जिससे किसी को ईवीएम मशीन पर कोई कंफ्यूज ना रहे। किसी प्रकार की समस्या हेतु मेरे फ़ोन नंबर 8707477739 से संपर्क सकते हैं।

जिला निर्वाचन अधिकारी ने कहा कि निर्वाचन आयोग द्वारा दिए गए निर्देशों का शतप्रतिशत पालन किया जाए, किसी भी दशा में आदर्श आचार संहिता का उल्लंघन नहीं होना चाहिए। कहा कि सभी राजनैतिक दल/उम्मीदवार/उनके प्रतिनिधि निर्वाचन के दौरान ऐसा कोई कार्य लिखकर/बोल कर अथवा किसी प्रतीक के माध्यम से नही करेगें, जिससे किसी धर्म मजहब, सम्प्रदाय, जाति या सामाजिक वर्ग एवं राजनैतिक दल उम्मीदवार, राजनीतिक कार्यकर्ताओं की भावना को आहत हो या उससे विभिन्न वर्गों की बीच तनाव की स्थिति उत्पन्न हो।

उन्होंने प्रत्याशियो से कहा कि आप अपने कार्यकर्ताओं के साथ बैठक कर निर्वाचन से संबंधित सभी नियमों को गहनता से बताएं। आदर्श आचार संहिता का उल्लंघन करने वालों पर सख्त कार्रवाई की जाएगी।

श्री शुक्ल ने कहा कि कहा कि पूजा स्थल में जैसे मंदिर, मस्जिद, गिरजाघर व गुरूद्वारा व सरकारी सम्पति आदि पर प्रचार समाग्री नहीं लगाई जायेगी द्य इसी कड़ी में प्राइवेट बिल्डिंग पर प्रचार समाग्री लगाए जाने हेतु भवन स्वामी से अनुमति लेनी होगी द्य टी0वी0 चैनल, केबल नेटवर्क, वीडियो वाहन अथवा रेडियो सेट, किसी भी प्रकार का विज्ञापन, प्रचार जिला प्रशासल की अनुमति के पश्चात ही करें। चुनाव प्रचार हेतु लाउडस्पीकर एंव साउंड बाक्स का प्रयोग अनुमति लेकर ही करेगे और इसका प्रयोग रात्रि 10 बजे से प्रात 06 बजे तक प्रतिबंधित रहेगा। चुनाव प्रचार हेतु वाहनों के प्रयोग के लिये जिला प्रशासन से अनुमति प्राप्त करेगें। वाहन परमिशन के लिए सुविधा पोर्टल ऐप पर अप्लाई कर सकते हैं। जिस जिले में कार्यक्रम किए जायेंगे वही के जिला निर्वाचन अधिकारी द्वारा परमिशन दिया जाएगा। जुलूस, रोड- सो, हेलीपैड, रैली आदि के परमिशन हेतु समय का विशेष ध्यान रखें जो पहले आवेदन करेंगे उसे पहले परमिशन मिलेगी। लॉयन ऑर्डर के अनुसार 10 गाड़ियों से ज्यादा कारवां नहीं रहेगा। कहा कि मतदान केंद्र की सूची उपलब्ध करा दी गई है। मतदाता सूची निर्धारित शुल्क जमा करके प्राप्त कर सकते हैं। ईवीएम की सभी मशीने स्ट्रांग रूम मंडी परिषद कन्नौज में रखी जायेगी और वही से मतगणना का कार्य संपन्न होगा। मशीनों की सुरक्षा के पुख्ता इंतजाम किए गए हैं। कौन सी ईवीएम किस बूथ पर रहेगी इसकी जानकारी राजनीति दलों को होगी द्य कहा कि माननीयों को पोलिंग एजेंट एवं काउंटिंग एजेंट नहीं बनाया जायेगा द्य पुलिस अधीक्षक ने कहा कि सभा रैली जुलुस का आयोजन जिला प्रशासन से पूर्वानुमति लेकर ही करेगें। सभा रैली जुलुस को इस प्रकार आयोजित करेगें कि यातायात में बाधा उत्पन्न न हो। जुलुस व सभाओं रैलिया में जिला प्रशासन द्वारा दण्ड प्रक्रिया संहित की धारा 144 के अन्तर्गत प्रतिबंधित असलाहे/लाठी डंडे/ ईट पत्थर आदि लेकर नही चलेगें। उन्होनें कहा मतदान दिवस पर निर्वाचन कार्य में लगे अधिकारियों एंव कर्मचारियों के साथ शांतिपूर्ण, निष्पक्ष तथा सुव्यवस्थित ढंग से मतदान सम्पन्न कराने हेतु सहयोग करें। मतदान केन्द्र/बूथ से 200 मीटर की दूरी पर अपना बस्ता लगाएंगे।

व्यय प्रेक्षक ने कहा कि सीमा से अधिक व्यय नही करेगे। जिम्मेदारी के साथ आप चुनाव में होने वाले खर्च को उपलब्ध कराएंगे।जो चुनाव का खर्चा जमा नहीं करते हैं वह आगे चुनाव लड़ने के लिए डिसक्वालीफाई हो जाते हैं।

राष्ट्र निर्माण में भागीदार बनेंगे मतदान करने जरूर जाएंगे

जन एक्सप्रेस । कन्नौज

आज राजकीय महिला महाविद्यालय बांगर कन्नौज में मतदाता जागरूकता रैली का आयोजन किया गया। महाविद्यालय की प्राचार्य प्रो.डॉ. शक्ति सिंह सचान द्वारा मतदाता जागरूकता रैली को हरी झंडी दिखाकर रवाना किया गया। पहले करो मतदान, उसके बाद करो जलपान। का नारा लगाते हुए लोगों को जागरूक किया। प्राचार्य ने इस अवसर पर सभी युवा वर्ग की छात्राओं को संबोधित करते हुए कहा कि यदि आपको अपना भविष्य उज्ज्वल बनाना है तो देश के भविष्य निर्माण में भी आपको अपना मतदान देना है। सही नेता का चुनाव करिए और देश का भविष्य उज्ज्वल बनाइये। रैली का आयोजन मतदाता नोडल अधिकारी रीतू सिंह तथा महाविद्यालय स्वीप संयोजक पी पी यादव के किया गया। रैली का नेतृत्व डॉ. सोनूपुरी विभागाध्यक्ष समाजशास्त्र, डॉ. सुनील कुमार, विभागाध्यक्ष शिक्षाशास्त्र, अम्बरीन फातिमा, विभागाध्यक्ष गृहविज्ञान, शैलेंद्र कुमार, विभागाध्यक्ष हिंदी के द्वारा किया गया। इस अवसर पर नूपुर, अजीत, किरण, जितेंद्र आदि उपस्थित रहे।

फास्ट फॉरवर्ड

रामा देवी चौराहा मे हुआ विशाल 8वा बालाजी भंडारे का आयोजन

जन एक्सप्रेस/कानपुर। चकेरी थाने के अंतर्गत आज विशाल बाला जी भंडारे का आयोजन किया गया वही हर वर्ष की भांति रात में झांकी कार्यक्रम के बाद सुबह कन्या भोज कराने के बाद भंडारे की शुरुवात कर दी जाती है जिसके चलते कई हजार भक्तो को बाबा का प्रसाद ग्रहण करने का सौभाग्य प्राप्त हुआ। इस कार्यक्रम में मुख्य अतिथि श्री जितेंद्र दास जी महराज,श्री अरुणपुरी जी महाराज,श्री कृष्ण दास जी महराज ने सभी भक्तों को आशिर्वाद दिया और कहा कि बाबा की कृपा से हर वर्ष इस महान कार्य में सफलता होगी ओर इस कार्यक्रम मे मौजूद सेवक मुकेश यादव,सेवक अखिलेश सिंह चौहान उर्फ बबलू चौहान ,सेवक अंकुर पांडेय,सेवक संदीप बाजपेई,सेवक धीरज चौरसिया,सेवक जय प्रकाश मिश्रा ,सेवक रुद्र प्रताप शर्मा आदि लोग उपस्थित रहे।

तेज रफ्तार डंपर की टक्कर से बाइक सवार दंपति की मौत

जन एक्सप्रेस/कानपुर। महाराजपुर थाना क्षेत्र के अंतर्गत मंगलवार को घाटू खेड़ा मोड़ के पास तेज रफ्तार मिट्टी लदे डंपर ने बाइक से जा रहे तीन लोगों को रौंद दिया।हादसे में पति-पत्नी की मौके पर ही मौत हो गई।जबकि बेटा गंभीर रूप से घायल हो गया।वहीं आक्रोशित परिजन और ग्रामीणों ने सडक पर जाम लगाकर विरोध जताया। सूचना मिलते ही आनन-फानन में एसीपी चकेरी समेत कई थानों का फोर्स मौके पर पहुंचा।जानकारी के मुताबिक तिलसहरी खुर्द निवासी मुंशीलाल निषाद की पत्नी की तबियत खराब थी। जिन्हें दवा दिलाने वो बाइक से जहानाबाद के पास बरई गांव जा रहे थे। बाइक बेटा श्रीराम चला रहा था।अभी घाटू खेड़ा के मोड़ के पास पहुंचे ही थे कि सामने से आ रहे तेज रफ्तार मिट्टी लदे डंपर ने बाइक को टक्कर मार दी। जिससे बाइक सवार डंपर के पहिए की चपेट में आ गए, जिससे मुंशीलाल निषाद 65 व उनकी पत्नी नन्हकी 55 की मौके पर ही मौत हो गई।जबकि बाइक चला रहा बेटा श्रीराम 33 गंभीर रूप से घायल हो गया।घटना के बाद डंपर चालक वाहन छोडक़र मौके से भाग निकला।इधर मौत से आक्रोशित ग्रामीणों ने घटना के बाद सडक़ जाम कर दिया। सूचना मिलते ही मौके पर एसीपी दिलीप कुमार सिंह सहित कई थानों का फोर्स मौके पर पहुंच गया।वहीं तहसीलदार विनीता पांडेय मौके पर पहुंची और आक्रोशित स्वजन व ग्रामीणों को समझाने के प्रयास में जुट गई। वहीं मृतक के परिजन महाराजपुर पुलिस से डंपर में मिट्टी खनन की परमिशन,डंपर मालिक व एफआईआर की मांग की।एसीपी चकेरी दिलीप कुमार सिंह ने बताया कि मृतक के परिजनों से बातचीत कर हर संभव मदद का आश्वासन दिया जा रहा है।आगे की कार्रवाई की जा रही है।

मान्यता विहीन विद्यालय पर बीईओ ने की कार्यवाही

जन एक्सप्रेस/कानपुर। स्थानीय स्तर से प्राप्त शिकायत पर विभाग द्वारा जांचोपरांत पाया गया कि अस्थायी मान्यता प्राप्त विद्यालय दक्ष पब्लिक स्कूल को अवधि 30.05.2017 से 29.05.2020 (कक्षा 1 से 8 तक) 3 वर्ष हेतु अनंतिम मान्यता प्रदान की गयी थी। जबकि संबंधित संस्था द्वारा मान्यता अवधि समाप्त हो जाने के उपरान्त भी कक्षाओं का संचालन किया जा रहा है। यह स्थिति निरूशुल्क एवं अनिवार्य बाल शिक्षा अधिकार अधिनियम 2009 में निहित प्राविधान के विपरीत है। कार्यालय जिला बेसिक शिक्षा अधिकारी द्वारा जारी पत्र के क्रम में खण्ड शिक्षा अधिकारी मनोज कुमार सिंह द्वारा दक्ष पब्लिक स्कूल अकबरपुर के प्रधानाध्यापक को विद्यालय बंद करने का नोटिस चस्पा कर आज ही विद्यालय को बंद कराया। साथ ही चेतावनी भी दी कि यदि बिना नियमानुसार मान्यता के यदि विद्यालय पुन- संचालित पाया गया तो शासनादेश उल्लंघन के आरोप में प्राथमिकी दर्ज कराते हुए विधि प्रक्रिया का अनुश्रवण कर आर्थिक दण्ड के वसूली की धनराशि सुसंगत लेखा शीर्षक में जमा कराने की कार्यवाही अमल में लायी जायेगी।

बसपा प्रत्याशी ने पंचमुखी हनुमान मंदिर में टेका मत्था

जन एक्सप्रेस/कानपुर। लोकसभा चुनाव के दौरान सभी पार्टियों के प्रत्याशी मैदान में उतर चुके हैं और सभी प्रत्याशी जनसंपर्क करने में लगे हुए हैं। इसी कड़ी में अकबरपुर लोकसभा के प्रत्याशी राजेश कुमार द्विवेदी ने जनसंपर्क के दौरान जीत जाने पर स्कूल और हॉस्पिटल जैसे कई अच्छे काम करने के वादे करते हुए लोगों से वोट मांगे। उन्होंने कहा कि बसपा की राष्ट्रीय अध्यक्ष के निर्देश पर हम सभी गरीब को सभी योजनाओं का लाभ दिलाएंगे।इसी कड़ी में लोकसभा से सांसद प्रत्याशी ने आज पनकी मंदिर में हनुमान जी दर्शन करके जनसंपर्क किया। भारी मतों से जीतने के लिए लोगों से जनसंपर्क किया और उन्होंने सभी गरीब और दलितों को हर सरकारी योजना का लाभ पहुंचने की बात कही। उनके साथ कई समर्थक भी मौजूद रहे राजेश कुमार द्विवेदी के साथ रहे। गंगागंज कल्याणपुर क्षेत्र में लोगों से मिलकर बसपा को विजई बनाने की अपील की।

मतदान ड्यूटी प्रमाण पत्र के माध्यम से मिलेगा चुनाव ड्यूटी में लगे कार्मिकों को मत देने का अधिकार

जन एक्सप्रेस/कानपुर। लोकसभा सामान्य निर्वाचन के दौरान ड्यूटी करने वाले कर्मियों को डाक मतपत्र देने का अधिकार निर्वाचन ड्यूटी प्रमाण पत्र के माध्यम से होगा। लोकसभा चुनाव में लगे कार्मिक मतदान ड्यूटी प्रमाण पत्र दिखा कर अपना डाक मत डाल सकेंगे। ऐसे सभी व्यक्ति जहां वे मतदाता के तौर पर वोटर लिस्ट में दर्ज हैं लेकिन वे अपना वोट डालने में असमर्थ है। इसका कारण है कि वे निर्वाचन ड्यूटी में लगे हैं। इसके लिए वे अपने निर्वाचन ड्यूटी प्रमाण पत्र दिखा कर डाक मतपत्र की मांग कर सकते हैं और अपना वोट डाल सकते हैं। जबकि जो लोग बाहर रह रहे हैं और किसी कारण से वोटिंग के दिन घर नहीं आ सकते हैं वे अपना पहचान बताकर डाक मतपत्र की मांग करके वोटिंग में हिस्सेदारी कर सकते हैं। डाक मतपत्र के लिए मतदान दलों के कर्मचारी, सेक्टर अधिकारी, जोनल अधिकारी, रिटर्निंग अधिकारी एवं सहायक रिटर्निंग अधिकारी, जिला निर्वाचन अधिकारी, उप जिला निर्वाचन अधिकारी, ऐसे कर्मचारी जो जिला निर्वाचन अधिकारी, रिटर्निंग अधिकारी के कार्यालयों, कन्ट्रोल रूम और निर्वाचन सम्बन्धी अन्य कार्यालयों में तैनात हैं।

बिजली कटौती से भड़के किसानो ने किया मतदान बहिष्कार का ऐलान

जन एक्सप्रेस । कन्नौज

क्षेत्र के एक दर्जन गांवों में बिजली कटौती से बिजली नहीं पहुंच रही हैं। जिसके चलते फसलें सूखने की कगार पर पहुंच रही है। परेशान किसानों ने बिजली घर में नारेबाजी कर प्रदर्शन किया है। विकासखंड के पालपुर, जफराबाद, गंगे नगला, अतरौली, खरौली, तुलसीपुर, राजापुर, समेत से अधिक गांव में पिछले दो माह से बिजली कटौती होने के कारण पर्याप्त बिजली नहीं मिल पा रही है। जिसके चलते लगभग एक दर्जन ट्यूबवेल ठप पड़े हुए हैं जिससे किसानों की सैकड़ो बीघा की मक्का, मूंगफली आदि की फसलें सूख रही है। गुस्साए किसान मोनू ठाकुर, सनी, राजा, अंकित, गोलू, महेंद्र, रोहित, सुधीर, अंकित, परम प्रकाश, कुलदीप, राजू रणवीर सिंह, दयानंद सिंह, राकेश शर्मा, सुमित यादव, रवि राजपूत, अरुण राजपूत, समेत आधा सैकड़ा किसानों ने सोमवार को बिजली घर पहुंच कर विद्युत विभाग के खिलाफ नारेबाजी कर प्रदर्शन किया है। और मौजूद विद्युत कर्मियों को जल्द विद्युत व्यवस्था सही कराने की चेतावनी दी है। जेई सुनील कुमार वर्मा ने बताया कि पड़ रही भीषण गर्मी एवं ओवरलोड के कारण बिजली कटौती हो रही है। इन सभी गांव की बिजली शेखपुर फीडर से जुड़ने की तैयारी चल रही है।

चन्दन सिंह महाविद्यालय में चला मतदाता जागरूकता अभियान

जन एक्सप्रेस । कन्नौज

मकरंद नगर स्थित चौधरी चंदन सिंह महाविद्यालय कन्नौज में आगामी लोकसभा चुनाव के तहत मतदाता जागरूकता अभियान का आयोजन किया गया ।कार्यक्रम में महाविद्यालय स्तर पर पंजीकृत छात्र छात्राओं को अपना मतदान करने के लिए जागरूक करने के लिए सखी वन स्टाफ विनोद दीक्षित अस्पताल से विनीता कुमारी जी, जिला विधिक सेवा जिला न्यायालय कन्नौज से सीमा बानो जी और योगासन ब स्पोर्ट संगठन की जिला सचिव जानकी सिंह ने महाविद्यालय पधारकर अपने-अपने ढंग से छात्र छात्राओं को आगामी लोकसभा चुनाव में अपना वोट करके देश के लोकतंत्र को शक्ति प्रदान करने के साथ लोकसभा गठन एवं प्रधानमंत्री का चुनाव कर देश की प्रगति में प्रतिभागी बनने के लिए प्रेरित किया महाविद्यालय में पधारी मतदाता जागरूकता समिति के सदस्यों ने छात्र-छात्राओं को एवं महाविद्यालय स्टाफ को आगामी चुनाव में मतदान की शपथ दिलाई एवम मतदान के महत्व पर भी समुचित प्रकाश डाला इस अवसर पर मतदाता जागरूकता अभियान समिति के सदस्यों के अतिरिक्त महाविद्यालय प्राचार्य डॉक्टर राम नाथ मिश्रा डॉक्टर आर डी बाजपेई, डॉक्टर आरती वर्मा ,उपेंद्र कुशवाहा, अनिल यादव ,अनूप दुबे सत्येंद्र यादव ,राहुल संखवार आर के दीक्षित सहित महाविद्यालय की बड़ी संख्या में छात्र छात्राएं मौजूद रहे।

लव, इमोशन, फैमिली ड्रामा से सजी पारिवारिक फिल्म शालिनी वर्सेज मालिनी: वीरेंद्र सिंह सजल

जन एक्सप्रेस । कानपुर देहात

हिंदी फीचर फिल्म शालिनी वर्सेज मालिनी की शूटिंग महेंद्रगढ़ जिले के माधवगढ़ की खुबसूरत वादियों में संपन्न हुई। फिल्म के कुछ दृश्य माधवगढ़ में फिल्माए गए।शालिनी वर्सेज मालिनी में हिंदी और हरियाणवी भाषा का प्रयोग किया गया है। जो काफी खूबसूरत नजर आता है।शालिनी वर्सेज मालिनी के लेखक निर्देशक वीरेंद्र सिंह सजल ने बताया कि फिल्म का कथानक पूरी तरह से पारिवारिक है। लेकिन बहुत मनोरंजक है फिल्म में भाई-बहन की केमिस्ट्री के साथ -साथ प्रेमिका की भी केमिस्ट्री दिखाई गयी है।शालिनी वर्सेज मालिनी में लव इमोशन ड्रामा सब कुछ है जो दर्शको को बहुत पसंद आएगा।फिल्म में हरियाणा की लोकेशन के साथ साथ ऋषिकेश की भी खूबसूरत लोकेशन देखने को मिलेगी ऋषिकेश की पावन गंगा, भूतनाथ मंदिर और वशिष्ठ गुफा के भी मनोरम दृश्य देखने को मिलेंगे। वीरेंद्र सिंह सजल हमेशा कुछ नया करने की कोशिश करते हैं। इस बार भी उन्होंने शालिनी वर्सेज मालिनी में कुछ नए प्रयोग किये हैं जो सिनेमा जगत के लिए बहुत ही अनोखे साबित हो सकते हैं।शालिनी वर्सेज मालिनी में मुख्य भूमिका रवि पटेल और स्नेह सचान की है रवि पटेल ने फिल्म में पानसिंह पटेल की भूमिका निभाई है जबकि स्नेह सचान ने शालिनी की भूमिका में जान डाल दी नाज खान ने मालिनी की भूमिका निभाई वह पानसिंह पटेल की प्रेमिका बनी हैं। हर बार की तरह इस बार भी जीतेन्द्र दीक्षित एक अहम् किरदार बन्दूकवाला के रूप में नजर आयेंगे। प्रिंस पटेल भस्मासुर के किरदार में नजर आयेंगे। भस्मासुर का किरदार बहुत मजेदार किरदार है। यश ठाकुर ने प्रियतम मेरावाला का शानदार किरदार निभाया है। फिल्म में प्रद्युमन चोटीवाला ने पानसिंह पटेल के दोस्त का किरदार निभाया है और फिल्म के लिए एक गाना भी लिखा है।सह कलाकारों में आर के वर्मा, प्रज्ञा कटियार और आमिर खान नजर आयेंगे. खघस बात ये कि आप अपने फेवरिट राइटर को भी स्क्रीन पर देख सकेंगे जैसे आपने बॉस क्लाइमेक्स अभी बाकी में कुछ पलों के लिए देखा था ।शालिनी वर्सेज मालिनी भाई-बहन के स्निग्ध प्रेम और स्नेह की कहानी है जो हर भारतवासी भाई-बहन की अपनी कहानी है।फिल्म का लेखन और निर्देशन वीरेंद्र सिंह सजल ने किया है। फिल्म के क्रिएटिव डायरेक्टर रविकांत झा हैं।ड्रोन डायरेक्टर आमिर खान और प्रिंस पटेल हैं।

परमहंस धाम में कलश यात्रा के साथ पांच दिवसीय की कथा शुरू

जन एक्सप्रेस । औरैया

फफूंद रेलवे स्टेशन परिसर भगवतीगंज दिबियापुर में बाबा परमहंस धाम मनोकामना पूर्ति स्थल जिसे लोग बाबा परमहंस की बगिया के नाम से जानते हैं में 26 वें महावर्षिकोत्सव पर पांच दिवसीय श्री कृष्ण एवं श्री राम कथा ज्ञान यज्ञ का शुभारंभ 30 अप्रैल को कलश यात्रा और गणेश पूजन के साथ प्रारंभ हुआ जिसमें कथा यशोदा नंदन की आचार्य पुनीत जी महाराज राधे राधे के मुखारविंद से शाम 03 बजे से प्रभु इच्छा तक सुनाई जाएगी और कथा रघुनंदन की महंत हरभजन दास जी महाराज पीठाधीश्वर पिलुअन हनुमान जी मंदिर के मुखारविंद से शाम को 8 बजे से हरि इच्छा तक अमृत वर्षा की जाएगी बाबा श्री श्री 1008 परमहंस महाराज को दिबियापुर नगर की जनता और आसपास के क्षेत्र में ईश्वरीयशक्ति के रूप में पूजा जाता है और बाबा के दरबार में आकर लोग मनौती मानते हैं और पूर्ण होने पर बाबा के चरणों में श्रद्धा सुमन और भेंट, झंडा अर्पित करते हैं लोगों का बाबा श्रीश्री 1008 परमहंस महाराज पर अटूट विश्वास है कि बाबा दिबियापुर की जनता पर अपनी दया बनाए हुए हैं।

मेधावियों को मिला सम्मान

जन एक्सप्रेस । कानपुर देहात

भोगनीपुर तहसील के विकासखंड मलासा के अंतर्गत ग्राम पंचायत अरहरियामऊ के मकरंदापुर में स्थित रामदुलारी बचनी देवी इंटर कॉलेज आरडीबीडी इं कॉ विगत कई वर्षों से अनुशासन एवं अच्छी शिक्षा के लिए क्षेत्र में अपनी पहचान बनाए हुए है। उक्त विद्यालय के प्रबंध समिति के समस्त सदस्य लगातार विद्यालय उत्थान के लिए अपने-अपने स्तर से सतत प्रयत्नशील रहते हैं और शायद यह जनपद का एक मात्र ऐसा विद्यालय है जहां पर देश ही नहीं बल्कि विदेशों में भी रहने वाले एनआरआई तथा वहीं के स्थानीय निवासियों के द्वारा विद्यालय भवन के निर्माण में सहयोग प्रदान किया गया है। इसके लिए विद्यालय के संस्थापक क्षेत्र के प्रथम आईआईटियन स्मृतिशेष इंजी. गजराज सिंह सचान तथा इंजी. महावीर सिंह सचान द्वारा शिक्षा के क्षेत्र में रोपित पौधा आज विशाल वृक्ष का रूप ले चुका है। जिसे प्रबंध समिति अध्यक्ष संजय सचान विदेश की धरती से पोषित कर रहे हैं।विद्यालय कानपुर नगर के घाटमपुर क्षेत्र के उमरी स्थित महर्षि दयानंद बब्बूलाल इंटर कॉलेज के प्रधानाचार्य राजकुमार सचान की विशेष निगहबानी में संचालित तथा घाटमपुर क्षेत्र के कुंआखेड़ा निवासी राम सिंह सचान के नेतृत्व में विद्यालय प्रतिवर्ष उत्तम परीक्षा फल देता चला आ रहा है। इसी क्रम में विद्यालय में मंगलवार को मेधावी छात्र-छात्राओं का सम्मान समारोह आयोजित किया गया। उक्त कार्यक्रम में उपस्थित प्रबंधक रमाकांत, पूर्व प्रबंधक ओमप्रकाश सहित प्रबंध समिति के अन्य सदस्य राजकुमार, संतोष कुमार, डॉ राजकुमार, अजय कुमार, राजेंद्र, रामबाबू आदि ने मेधावी छात्र-छात्राओं के साथ ही अभिभावकों का भी सम्मान किया तथा मेधावियों को मेडल पहनाकर हाईस्कूल के राज गौतम, पीयूष व ऋतिक तथा इंटर की बेटियों आस्था, झलक व कीर्ति को उत्कृष्ट प्रदर्शन हेतु नगद पुरस्कार राशि भी सौंपी।विद्यालय प्रबंध समिति के सदस्य डॉ अनूप सचान ने विद्यालयों के उत्तम परीक्षा फल हेतु बच्चों के साथ-साथ समस्त शिक्षकों को भी बधाई दी। उक्त अवसर पर प्रधानाध्यापिका विभा सचान, रामेंद्र सिंह, उमेश कुमार, अल्केश, संदीप, विवेक, इंद्रपाल, सुरेंद्र कुमार, नितिन, मनोज, आभा शुक्ला, पूजा सचान, विधू सचान, आस्था, प्रतिभा, कामना, राखी सहित अतिथि डॉ रामसुमन सचान व अभिभावक गण उपस्थित रहे।

अब एक ही बैलेट यूनिट से होगा चुनाव, 15 प्रत्याशी मैदान में

जन एक्सप्रेस । कन्नौज

इस बार कन्नौज संसदीय सीट पर 15 उम्मीदवारों के बीच सियासी टक्कर होगी। नामांकन पत्रों की जांच के दौरान 17 पर्चे दुरुस्त पाए गए थे। उनमें से दो लोगों ने अपनी-अपनी दावेदारी वापस ले ली। इस तरह 15 उम्मीदवार मैदान में हैं। कल देर शाम जिला निर्वाचन अधिकारी के कक्ष में बारी-बारी से सभी उम्मीदवारों को उनका चुनाव चिन्ह आवंटित कर दिया गया। दरअसल लोकसभा चुनाव के लिए यहां चौथे चरण के तहत अगले महीने 13 मई को वोट डाले जाएंगे। इसके लिए 18 से 25 अप्रैल के बीच नामांकन प्रक्रिया के तहत कुल 28 लोगों ने अपनी दावेदारी की थी। 26 अप्रैल को जांच के दौरान 11 उम्मीदवारों का नामांकन पत्र खारिज हो गया था। बचे हुए 17 उम्मीदवारों में से दो उम्मीदवारों ने अपना दावा वापस ले लिया। नाम वापसी की प्रक्रिया पूरी होते ही बचे हुए 15 उम्मीदवारों के नाम की सूची जारी कर दी गई। उसके बाद बारी-बारी से सभी को चुनाव चिन्ह आवंटित कर दिया गया। जिला निर्वाचन अधिकारी शुभ्रांत कुमार शुक्ल ने बताया कि नामांकन से जुड़ी सभी प्रक्रिया पूरी हो गई है। 15 उम्मीदवार यहां मैदान में हैं। उनको चुनाव चिन्ह आवंटित कर दिया गया है। उन 15 उम्मीदवारों के नाम, तस्वीर और चुनाव चिन्ह के साथ बैलेट यूनिट तैयार करवाई जा रही है। इस दौरान उप जिला निर्वाचन अधिकारी आशीष कुमार सिंह, प्रशिक्षु आई ए एस/ सहायक कलेक्टर स्मृति मिश्रा, सहायक जिला निर्वाचन अधिकारी बिनीत कटियार आदि मौजूद रहे।

भाजपा प्रत्याशी की पत्नी नेहा और आलोक के पिता रामबक्श सिंह ने वापस ली दावेदारी

17 उम्मीदवारों में से जिन दो ने अपना- अपना पर्चा वापस लिया है, उसमें सांसद सुब्रत पाठक की पत्नी नेहा पाठक का भी नाम शामिल है। उनकी नाम वापसी की उम्मीद पहले से ही लगाई जा रही थी। पूर्व सांसद रामबक्श वर्मा ने भी अपना नाम वापस ले लिया है। उनके पुत्र आलोक वर्मा अब उम्मीदवार हैं। दोनों ने राष्ट्रीय शोषित समाज पार्टी के उम्मीदवार के रूप में नामांकन पत्र दाखिल किया था। रामबक्श वर्मा ने अपनी दावेदारी वापस ले ली।

अब एक ही ईवीएम से होगी वोटिंग

नामांकन पत्रों की जांच के दौरान 17 उम्मीदवारों का पर्चा सही पाया जाने पर प्रशासन को हर बूथ पर दो ईवीएम लगानी पड़ती। एक ईवीएम में 16 नाम का ही कॉलम होता है। इसमें 15 उम्मीदवार और आखिर में नोटा का कॉलम होता है। अगर सभी 17 उम्मीदवार मैदान में डटे रहते तो उम्मीदवारों की संख्या के आधार पर दो ईवीएम लगानी पड़ती। दो के नाम वापस लेने से तय हो गया है कि हर बूथ पर सिर्फ एक ही ईवीएम की व्यवस्था करनी होगी।

चुनाव चिह्न के लिए पड़ी लॉटरी

राष्ट्रीय पार्टी के उम्मीदवारों को चुनाव चिह्न आवंटित करने के बाद बाकी के उम्मीदवारों को भी आवंटन के लिए बुलाया गया। इसमें राष्ट्रीय शोषित समाज पार्टी से आलोक वर्मा और भारतीय कृषक दल से प्रमोद यादव ने गन्ना किसान चिह्न पर दावा किया था। डीएम शुभ्रांत कुमार शुक्ल ने दोनों को बुलाकर लॉटरी से फैसला कराया। आलोक वर्मा के नाम की पर्ची निकलने पर वह निशान उन्हें आवंटित किया गया। प्रमोद यादव को चारपाई चुनाव चिह्न दिया गया।

पार्टी उम्मीदवार और उनका चुनाव निशान

- सपा से अखिलेश यादव को साइकिल
- बसपा से इमराज बिन जफर को हाथी
- भाजपा से सुब्रत पाठक को कमल

पंजीकृत राजनैतिक दलों के उम्मीदवार

- राष्ट्रीय शोषित समाज पार्टी से आलोक वर्मा को गन्ना किसान
- भारतीय कृषक दल से प्रमोद यादव को चारपाई
- भारतीय किसान परिवर्तन पार्टी के शैलेंद्र कुमार को केतली
- भारतीय शक्ति चेतना पार्टी के सुनील को बांसुरी
- ऑल इंडिया फारवर्ड ब्लॉक से सुभाष चंद्र को शेर

सात निर्दलीय भी मैदान में

- निर्दलीय इरफान अली एयरकंडीशन
- निर्दलीय पुरुषोत्तम तिवारी को अलमारी
- निर्दलीय भानू प्रताप सिंह को ऑटो-रिक्शा
- निर्दलीय यादवेंद्र किशोर को सेब
- निर्दलीय राज कठेरिया को बेबी वॉकर
- निर्दलीय ललित कुमारी को स्टेथिस्कोप
- निर्दलीय सनोद कुमार को कैंची

महाराष्ट्र में गरजे पीएम मोदी, सिंचाई परियोजना पर कांग्रेस को घेरा

विकसित भारत के लिए महिलाओं को सराहा

* कांग्रेस के 60 वर्षों के कार्यकाल की तुलना अपने दस वर्षों के कार्यकाल से की

जन एक्सप्रेस/एजेंसी। मुंबई

तीसरे चरण के मतदान से पहले प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने महाराष्ट्र के माढा में चुनाव प्रचार किया। यहां उन्होंने एक रैली को भी संबोधित किया। रैली को संबोधित करते हुए प्रधानमंत्री ने बताया कि भाजपा-एनडीए सरकार महाराष्ट्र को विकास की नई ऊंचाई पर ले जाने के लिए काम कर रही है। पीएम मोदी ने इस रैली में कांग्रेस पर भी जमकर निशाना साधा है। उन्होंने कांग्रेस के 60 वर्षों के कार्यकाल की तुलना अपने दस वर्षों के कार्यकाल से की। इसके अलावा सिंचाई परियोजना को लेकर भी उन्होंने कांग्रेस को घेरा। इस दौरान पीएम मोदी ने विकसित भारत बनाने में महिलाओं के योगदानों की भी सराहना की। पीएम मोदी ने कहा, बीते 10 साल में आपने जब से मुझे काम दिया है, मैंने अपने शरीर का कण-कण और समय का पल-पल आपकी सेवा में लगाया है। आज देश के लोग, महाराष्ट्र के लोग, मोदी सरकार के 10 साल और कांग्रेस सरकार के 60 साल में अंतर देख रहे हैं। कांग्रेस 60 वर्षों में जो नहीं कर पाई, आपके इस सेवक ने 10 साल में करके दिखाया है। पीएम मोदी ने इस रैली में सिंचाई परियोजना को लेकर कांग्रेस को घेरा। उन्होंने कहा, ÷2014 में सरकार बनने के बाद, मैंने पूरी शक्ति सिंचाई परियोजनाओं पर लगा दी। कांग्रेस की लटकाई 100 परियोजनाओं में से 63 हमने पूरी की हैं। हर खेत में, हर घर तक पानी पहुंचाना मेरे जीवन का बहुत बड़ा मिशन है। उन्होंने आगे कहा, विदर्भ हो या मराठवाड़ा, बूंद बूंद पानी के लिए तरसाने का ये पाप वर्षों से होता रहा है। कांग्रेस को देश ने 60 साल तक राज करने का मौका दिया। इन 60 वर्षों में दुनिया के अनेक देश पूरी तरह से बदल गए, लेकिन कांग्रेस किसानों के खेत तक पानी नहीं पहुंचा पाई। 2014 में करीब 100 सिंचाई परियोजनाएं ऐसी थीं, जो कई दशकों से लटकी पड़ी थीं, इसमें से 26 परियोजनाएं महाराष्ट्र से थीं। सोचिए, कितना बड़ा धोखा कांग्रेस ने महाराष्ट्र को दिया है।

नारी शक्ति के योगदानों की सराहना की

रैली में पीएम मोदी ने देश की नारी शक्ति के योगदानों की सराहना की। उन्होंने बताया कि विकसित भारत बनाने में देश की नारी शक्ति की बहुत बड़ी भूमिका है। बीते दस वर्षों में हमारे प्रयासों से एक करोड़ बहनें लखपति दीदी बनी हैं। पीएम मोदी ने गारंटी देते हुए कहा, मैं 3 करोड़ बहनों को लखपति दीदी बनाऊंगा।

पहली बार सहकारिता के लिए अलग मंश्रालय बनाया

रैली में मौजूद लोगों से प्रधानमंत्री ने कहा, मोदी, देश की पूरी ग्रामीण व्यवस्था में सहकारिता के दायरे को बढ़ाने के लिए प्रतिबद्ध है। इसलिए 2019 में जब आपने फिर पूर्ण बहुमत की सरकार बनाई, तो हमने पहली बार सहकारिता के लिए अलग मंत्रालय बनाया। 10 साल पहले, जब रिमोट कंट्रोल वाली सरकार चलती थी, तब महाराष्ट्र के कद्दावर नेता कृषि मंत्री थे। जब यहां के कद्दावर नेता दिल्ली में राज करते थे, तब गन्ने का एफआरपी करीब 200 रुपये था और आज मोदी के सेवाकाल में गन्ने का एफआरपी करीब 350 रुपये है।

धाराशिव में पीएम मोदी की रैली

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने धाराशिव में रैली को संबोधित करते हुए विपक्ष पर कटाक्ष किया। उन्होंने कहा कि जो प्रतिद्वंद्वी भाजपा के नेतृत्व वाली सरकार से मुकाबला करने में असमर्थ हैं, वे टेक्नोलॉजी का दुरुपयोग कर फर्जी वीडियो सोशल मीडिया पर वायरल करते हैं। पीएम मोदी ने आगे कहा, उनकी (विपक्ष) स्थिति अब ऐसी हो चुकी है कि उनका झूठ भी अब काम नहीं कर रहा है। वे एआई की मदद से मेरे चेहरे का इस्तेमाल करके फर्जी वीडियो बनाकर अपनी मोहब्बत की दुकान में बेच रहे हैं। पीएम मोदी ने इस दौरान बाजरा को दुनिया भर में लोकप्रिय बनाने के लिए अपने सरकार के जोर की भी बात की। उन्होंने कहा, मैं यह सुनिश्चित करूंगा कि बाजरा दुनिया भर में खाने की मेज तक पहुंचे। पीएम मोदी ने बताया कि अमेरिकी राष्ट्रपति जो बाइडन की तरफ से आयोजित रात्रिभोज में भी बाजरा को मेन्यू में रखा गया था।

कांग्रेस का पंजा जनता का पैसा लूटता था: पीएम मोदी

मोदी ने माढा में कहा- कांग्रेस का पंजा जनता का पैसा लूटता था। जिसके पास 400 सांसद थे, अब वो 250 लोगों को चुनाव भी नहीं लड़वा पा रही है। आपको कांग्रेस के एक्सरे से सावधान रहना है। कांग्रेस के शहजादे गली-गली घूमकर कह रहे हैं कि उनको मौका मिलेगा तो वो आपका एक्सरे निकालेंगे। आपके घर में पड़े सोने और संपत्ति का ये हिसाब लगाएंगे। इसके बाद इसे बांट देंगे। कांग्रेस वाले विरासत टैक्स की भी बात कर रहे हैं। कांग्रेस कहती है कि जो आप बचत करते हैं उस पर सरकार का भी हक होगा। ये मार्क्सवादियों और नक्सलवादियों की विचारधारा है। प्रधानमंत्री मोदी शाम को तेलंगाना के जहीराबाद में जनसभा को संबोधित करेंगे। मोदी ने 29 अप्रैल को महाराष्ट्र के सोलापुर, सातारा, पुणे और कर्नाटक के बागलकोट में रैलियां की थीं।

पीएम मोदी मेरी उंगली पकड़कर राजनीति में आएं: शरद पवार

जन एक्सप्रेस/एजेंसी। मुंबई

एनसीपी सुप्रीमो शरद पवार के खिलाफ की गई प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की टिप्पणी से महाविकास अघाड़ी के नेता खफा हैं। उन्होंने सोमवार को प्रधानमंत्री मोदी की जमकर आलोचना की। दरअसल, एक दिन पहले पुणे में एक रैली को संबोधित करते हुए पीएम मोदी ने पवार को भटकती आत्मा बताया था। हालांकि, पीएम मोदी ने इस दौरान पवार का नाम नहीं लिया था। पीएम की टिप्पणी पर पलटवार करते हुए पवार ने कहा कि पीएम मोदी आजकल मुझ पर काफी गुस्सा हैं। एक वक्त था, जब उन्होंने कहा था कि वे मेरी उंगली पकड़कर राजनीति में आए हैं। अब मुझे भटकती आत्मा कह रहे हैं। हां मैं किसानों का दर्द बताने के लिए भटकता हूं। मैं महंगाई से परेशान आम आदमी का दर्द बताने के लिए भटकता हूं।

संजय राउत और आदित्या ठाकरे ने भी साधा निशाना

शिवसेना (यूबीटी) नेता संजय राउत ने भी पीएम मोदी पर तंज कसा। उन्होंने कहा कि पीएम मोदी की आत्मा दिल्ली से महाराष्ट्र आती है। वह भटकती है। उनकी आत्मा इसलिए भटक रही है क्योंकि चार जून के बाद महाराष्ट्र भाजपा के लिए श्मशान जैसा हो जाएगा। इसलिए पीएम मोदी की आत्मा भटक रही है। यह अघोरी आत्मा है। भाजपा का अंतिम संस्कार महाराष्ट्र में होगा। वहीं, आदित्य ठाकरे ने कहा कि पीएम ने पवार को भटकती आत्मा कहा, यह बिल्कुल सही नहीं है।

पीएम से पूछूंगा उन्होंने भटकती आत्मा किसे कहा: अजित

महाराष्ट्र के उप मुख्यमंत्री अजित पवार से पत्रकारों ने पीएम मोदी की टिप्पणी के बारे में सवाल पूछा तो उन्होंने कहा कि पीएम की जब अगली सभा होगी तो मैं भी वहां रहूंगा। तब मैं उनसे पूछूंगा कि उन्होंने भटकती आत्मा किसे और किस उद्देश्य से कहा था। जब वे मुझे बता देंगे तो मैं भी आप सभी को बता दूंगा।

जुलाई से पटरी पर दौड़ती नजर आएगी वंदे भारत मेट्रो!

जन एक्सप्रेस/एजेंसी। नई दिल्ली

देश में जल्द ही वंदे भारत मेट्रो ट्रेन का इंतजार खत्म होने वाला है। रेलवे इस वर्ष जुलाई माह से वंदे भारत मेट्रो को पटरी पर उतारने की तैयारी कर रहा है। रेल मंत्रालय के सूत्रों का कहना है कि इस ट्रेन को मुंबई लोकल ट्रेन की जगह चलाने पर विचार किया जा रहा है। इस ट्रेन में 4, 8, 12 और 16 कोच हो सकते हैं। हालांकि मुंबई में इस ट्रेन को 12 कोच के साथ शुरू किया जाएगा। पूरी तरह से एसी ट्रेन की स्पीड अधिकतम 130 किमी होगी। सूत्रों से मिली जानकारी के अनुसार, पहले फेस में इस ट्रेन को मुंबई में शुरू किया जाएगा। क्योंकि मुंबई में लोकल ट्रेनों की अत्याधिक डिमांड रहती है। मुंबई के बाद राजधानी दिल्ली, चेन्नई और कोलकाता में भी वंदे भारत मेट्रो चलाई जाने की योजना है। मुंबई में पहले फेस में चलने वाली वंदे भारत मेट्रो ट्रेन के डिब्बे में दिल्ली मेट्रो की तरह ही बैठने की व्यवस्था होगी। इसके डिब्बे इस तरह से बनाए गए हैं, जिसमें अधिक से अधिक यात्री खड़े होकर सफर कर सकें। अगर डिब्बे के बीच में भी बैठने की व्यवस्था होगी, तो उसके लिए भी चौड़ी बेंच लगाई जाएंगी। मेट्रो की तरह ही इस ट्रेन में टिकट लेकर यात्रा की जा सकेगी। टिकट रिजर्व कराने की जरूरत नहीं होगी। क्योंकि इन ट्रेनों को छोटी दूरी के लिए चलाया जाएगा। फिलहाल इस ट्रेन का किराया को लेकर कोई निर्णय नहीं हुआ है। लेकिन रेलवे अधिकारियों ने यह संकेत दिया है कि इस ट्रेन का किराया कम ही रखा जाएगा। वंदे भारत मेट्रो कम समय में ही ज्यादा स्टॉपेज को कवर करने में मदद करेगी। इसमें शहरवासियों की आवश्यकताओं को ध्यान में रखते हुए कई तरह की नई सुविधाएं दी गई है। रेलवे अधिकारी का कहना है कि इसका परीक्षण अगले कुछ महीनों में शुरू हो जाएगा। स्वचालित दरवाजे और उच्च आराम के अलावा इसमें कई ऐसी विशेषताएं होंगी, जो वर्तमान में चल रही मेट्रो ट्रेनों में उपलब्ध नहीं हैं। जानकारी के अनुसार, वंदे मेट्रो ट्रेन 100-250 किलोमीटर से कम दूरी वाले शहरों के बीच चलाए जाने की योजना है। वंदे भारत मेट्रो को 100 से 250 किमी के रूट पर एक शहर से दूसरे शहर के बीच चलाए जाने की योजना है। इनमें लखनऊ-कानपुर, आगरा-मथुरा, दिल्ली-रेवाड़ी, भुवनेश्वर-बालासोर और तिरुपति-चेन्नई शामिल हैं। इसके अलावा भागलपुर और हावड़ा के बीच भी मेट्रो चलने की तैयारी है। ये ट्रेनें एक रूट पर दिन में कम से कम 2 से 4 बार चलेंगी। इस ट्रेन से यात्रियों को रैपिड शटल जैसा अनुभव होगा।

पहले चरण में 66.14 प्रतिशत हुआ मतदान, दूसरे फेज में 66.17 फीसद वोटिंग: चुनाव आयोग

जन एक्सप्रेस/एजेंसी। नई दिल्ली

चुनाव आयोग ने मंगलवार को लोकसभा के पहले और दूसरे चरण का मतदान प्रतिशत जारी किया। पोल पैनल ने बताया कि लोकसभा बताया कि लोकसभा चुनाव के पहले चरण में 66.14 प्रतिशत और दूसरे चरण में 66.71 प्रतिशत मतदान हुआ। हालांकि, मतदान प्रतिशत देरी से जारी करने पर कांग्रेस, सीपीआई-एम और टीएमसी ने चुनाव आयोग से सवाल किया। गौरतलब है कि पहले चरण में 102 सीटों पर मतदान हुआ था, वहीं, दूसरे चरण में 88 सीटों पर मतदान हुआ था। पोल पैनल ने बताया कि पहले चरण में 66.22 प्रतिशत पुरुषों और 66.07 महिलाओं ने मतदान किया। वहीं, 31.32 प्रतिशत तीसरे लिंग ने पहले चरण में मतदान किया। 2019 लोकसभा चुनाव के पहले चरण में 69.43 फीसदी मतदान हुआ था। पोल पैनल के मुताबिक, दूसरे चरण के चुनाव में 66.99 फीसद पुरुषों ने मतदान किया तो वहीं, 66.42 प्रतिशत महिलाओं ने मतदान किया। वहीं, 23.86 प्रतिशत तीसरे लिंग ने ही मतदान किया। 2019 के लोकसभा चुनाव के दूसरे चरण में 69.64 प्रतिशत मतदान हुआ था।

पहले चरण में 21 राज्यों और केंद्र शासित प्रदेशों में मतदान

पहले दौर के चुनाव में 21 राज्यों और केंद्र शासित प्रदेशों की कुल 102 सीटों पर वोटिंग हुई। इस चरण में 1625 प्रत्याशियों के भाग्य का फैसला 4 जून को होगा। 2019 में पहले चरण में कुल 91 सीटों के लिए मतदान कराए गए थे। इनमें से 31 सीटें भाजपा के खाते में गई थीं। वहीं, कांग्रेस के महज नौ उम्मीदवार जीतने में सफल रहे थे। इसके अलावा 51 सीटों पर अन्य दलों ने कब्जा जमाया था। पहले चरण में तमिलनाडु की सभी 39, राजस्थान की 12, उत्तर प्रदेश की 8, उत्तराखंड की सभी पांच, अरुणाचल प्रदेश की दो, बिहार की चार, छत्तीसगढ़ की एक, असम की चार, मध्य प्रदेश की 6, महाराष्ट्र की पांच, मणिपुर की दो, मेघालय की दो, मिजोरम त्रिपुरा की एक-एक और पश्चिम बंगाल की तीन सीटों पर मतदान हुआ। वहीं, केंद्रशासित प्रदेश जम्मू कश्मीर, अंडमान निकोबार, लक्षद्वीप और पुडुचेरी की एक-एक सीट पर भी मतदान हुआ।

दूसरे चरण में 13 राज्यों और केंद्रशासित प्रदेशों में मतदान

दूसरे चरण में केरल की सभी 20, कर्नाटक की 14, राजस्थान की 13, महाराष्ट्र और उत्तर प्रदेश की आठ-आठ, मध्य प्रदेश की छह, असम और बिहार की पांच-पांच, छत्तीसगढ़ और पश्चिम बंगाल की तीन-तीन और जम्मू-कश्मीर और त्रिपुरा की एक-एक सीट पर मतदान हुआ। इसके अलावा मणिपुर में एक भाग मणिपुर बाहरी सीट का था।

पहले चरण के इन 11 राज्यों में महिला मतदान अधिक

अरुणाचल प्रदेश, असम, जम्मू-कश्मीर, लक्षद्वीप, मणिपुर, मेघालय, नागालैंड, पुडुचेरी, तमिलनाडु, उत्तराखंड और पश्चिम बंगाल

पहले चरण के इन छह राज्यों में महिला मतदान अधिक

असम, बिहार, जम्मू-कश्मीर, उत्तराखंड, केरल और पश्चिम बंगाल

नवनियुक्त नेवी चीफ ने पदभार संभालते ही मां के पैर छूकर लिया आशीर्वाद, भावुक हो गए मौजूद अधिकारी

* रायसीना हिल्स के साउथ ब्लॉक के लॉन में उन्हें औपचारिक गार्ड ऑफ ऑनर दिया गया

जन एक्सप्रेस/एजेंसी। नई दिल्ली

एडमिरल दिनेश कुमार त्रिपाठी ने भारतीय नौसेना प्रमुख के रूप में पदभार ग्रहण किया। इस दौरान खास बात यह रही कि पदभार संभालते ही वे सीधा अपनी मां रजनी त्रिपाठी के पास गए और पैर छूकर उनका आशीर्वाद लिया। यह देख वहां मौजूद सभी अधिकारी भावुक हो गए। इसके अलावा, उन्होंने राष्ट्रीय युद्ध स्मारक पर शहीद नायकों को श्रद्धांजलि अर्पित की। रायसीना हिल्स के साउथ ब्लॉक के लॉन में उन्हें औपचारिक गार्ड ऑफ ऑनर दिया गया।

नौसेना को भविष्य की चुनौतियों के लिए तैयार करना मेरा लक्ष्य

इस दौरान, मीडिया से बात करते हुए उनहोंने कहा कि मेरा पूरा प्रयास रहेगा कि मैं नौसेना को भविष्य की चुनौतियों के लिए तैयार कर सकूं। मेरी कोशिश रहेगी की मैं आत्मनिर्भरता की दिशा में और नई तकनीकों को अपनाने की दिशा में काम करूं। विकसित भारत के तहत मैं भारतीय नौसेना के प्रयासों को मजबूत करूंगा। उन्होंने कहा कि मेरी प्राथमिकता हैं कि हम हमारे जवानों को और कुशल बनाएं। मैं उन्हें सर्वोत्तम हथियार, प्रशिक्षण और पेशेवर वातावरण के साथ प्रशासनिक सहायता उपलब्ध कराने के लिए काम करूंगा। उन्होंने कहा कि पिछले कुछ वर्षों से हमारी नौसेना युद्ध के लिए और अधिक तैयार हुई है। नौसेना को मजबूत करने के लिए मैं सभी पूर्व प्रमुखों के प्रति आभार व्यक्त करता हूं।

एडमिरल के सामने यह है चुनौती

एडमिरल त्रिपाठी ने ऐसे समय में नौसेना की कमान संभाली, जब लाल सागर और अदन की खाड़ी के साथ-साथ विभिन्न रणनीतिक जलमार्गों पर सुरक्षा चुनौतियां हैं। वर्तमान में हूती विद्रोही इन क्षेत्रों में सक्रिय हो गए हैं, वे व्यापारिक जहाजों को निशाना बना रहे हैं, जिससे शिपिंग लागत बढ़ रही है।

नौसेना मेडल से भी सम्मानित

सैनिक स्कूल और राष्ट्रीय रक्षा अकादमी खडकवासला के पूर्व छात्र वाइस एडमिरल त्रिपाठी ने गोवा के नेवल वॉर कॉलेज और अमेरिका के नेवल वॉर कॉलेज में भी कोर्स किया है। उन्हें अति विशिष्ट सेवा मेडल (एवीएसएम) और नौसेना मेडल से भी सम्मानित किया जा चुका है।

सन् 1964 में हुआ था जन्म

वाइस एडमिरल त्रिपाठी का 15 मई 1964 को जन्म हुआ था। दिनेश कुमार त्रिपाठी सैनिक स्कूल रीवा के छात्र रहे हैं। 1 जुलाई, 1985 को वह भारतीय नौसेना में शामिल हुए थे। संचार और इलेक्ट्रॉनिक युद्ध विशेषज्ञ वाइस एडमिरल त्रिपाठी का करीब 40 वर्ष का लंबा करियर रहा है।

आईएनएस विनाश की संभाल चुके हैं कमान

नौसेना के उप प्रमुख का पद संभालने से पहले वह पश्चिमी नौसैन्य कमान के फ्लैट ऑफिसर कमांडिंग-इन-चीफ रह चुके हैं। उन्होंने आईएनएस विनाश की भी कमान संभाली थी। इसके अलावा, रियर एडमिरल के तौर पर वह ईस्टर्न फ्लीट के फ्लैट ऑफिसर कमांडिंग रह चुके हैं। वहीं, वह भारतीय नौसेना अकादमी एझिमाला के कमांडेंट भी रह चुके हैं।

एयरपोर्ट्स और उद्योग समूहों पर हमले की धमकी, ईमेल मिलने के बाद अलर्ट पर सुरक्षाबल

जन एक्सप्रेस/एजेंसी। नई दिल्ली

देश के विभिन्न एयरपोर्ट्स और टर्मिनल पर हमले की धमकी देने का मामला सामने आया है। यह धमकी टेरराइजर्स 111 नामक संगठन के हवाले से धमकी दी गई है। संगठन द्वारा कई लोगों को ईमेल के जरिए यह धमकी दी गई। जिसके बाद देश के सभी एयरपोर्ट्स और टर्मिनल पर सुरक्षा व्यवस्था कड़ी कर दी गई है। शीर्ष साइबर सिक्योरिटी और आईटी एजेंसियां संदिग्ध ईमेल के स्त्रोत का पता लगाने में जुट गई हैं। मीडिया रिपोर्ट के अनुसार, सोमवार को सुबह करीब साढ़े नौ बजे संदिग्ध ईमेल भेजा गया। जिसमें नागपुर एयरपोर्ट पर भी हमले का दावा किया गया था। जिसके बाद नागपुर सिटी पुलिस के कमिश्नर रविंद्र सिंघल और उनकी टीम तुरंत एयरपोर्ट पहुंची और शीर्ष अधिकारियों को अलर्ट किया। विस्फोट का पता लगाने वाली और विस्फोटक निष्क्रिय करने वाली टीमें तैनात कर दी गईं। नागपुर के अलावा, जयपुर और गोवा एयरपोर्ट को भी बम से उड़ाने की धमकी दी गई थी। टाइम्स ऑफ इंडिया की रिपोर्ट के अनुसार, ईमेल में कहा गया कि हम ये सुनिश्चित करेंगे कि हर तरफ खून बिखरे और हम ज्यादा से ज्यादा लोगों को मारना चाहते हैं। ईमेल में कहा गया कि टेरराइजर्स 111 नामक संगठन इसके पीछे है। कुछ हवाई जहाजों में भी बम रखने का दावा किया गया।

पूर्व ड्राइवर ने देवराज गौड़ा पर लगाए वीडियो लीक करने के आरोप

* मामले में पूर्व पीएम एच डी देवगौड़ा के पोते रेवन्ना को जेडी-एस से निलंबित किया जा चुका

जन एक्सप्रेस/एजेंसी। नई दिल्ली

कर्नाटक के हासन लोकसभा क्षेत्र से सांसद प्रज्ज्वल रेवन्ना के यौन शोषण से जुड़े वीडियो सार्वजनिक होने के बाद राजनीति में हलचल मची हुई है। उधर प्रज्ज्वल के कार ड्राइवर रह चुके कार्तिक और भाजपा नेता जी. देवराज गौड़ा ने एक दूसरे पर इस मामले से जुड़े वीडियो लीक करने का आरोप लगाया है। बता दें कि वीडियो के सार्वजनिक होने के बाद जेडी-एस को शर्मिंदगी झेलनी पड़ रही है। इस मामले में पूर्व पीएम एच डी देवगौड़ा के पोते रेवन्ना को जेडी-एस से निलंबित किया जा चुका है।

प्रज्ज्वल के पूर्व ड्राइवर कार्तिक का आरोप

सोशल मीडिया पर एक संदेश देते हुए हासन सांसद के ड्राइवर रह चुके कार्तिक ने कहा है कि उन्होंने 15 वर्षों तक प्रज्ज्वल के साथ काम किया था लेकिन बीते एक साल से दोनों के बीच कोई मुलाकात नहीं हुई। प्रज्ज्वल से दूरी बनाए रखने पर कार्तिक ने कहा कि 'मेरी जमीन मुझसे छीन ली गई और मेरी पत्नी को पीटा गया था। मुझे मानसिक रूप से प्रताड़ित किया गया था। इसके बाद मैंने नौकरी छोड़ी और अपनी जमीन वापस पाने के लिए लड़ना शुरू किया। कार्तिक ने आगे कहा उन्होंने न्याय के लिए देवराज गौड़ा से संपर्क किया था क्योंकि वे देवेगौड़ा परिवार के खिलाफ लड़ रहे थे। बता दें कि देवराज गौड़ा ने होलेनारासिपुरा विधानसभा क्षेत्र से भाजपा के टिकट पर 2023 का विधानसभा चुनाव लड़ा था। इस दौरान वह रेवन्ना से हार गए थे।

प्रज्ज्वल और उनके पिता के खिलाफ एफआईआर दर्ज

कर्नाटक सरकार द्वारा इस मामले में तीन सदस्यीय स्पेशल इनवेस्टिगेशन टीम का गठन किया गया है। यह टीम प्रज्ज्वल रेवन्ना पर लगे आरोपों की जांच कर रही है। बताया जा रहा है कि प्रज्ज्वल रेवन्ना फिलहाल जर्मनी में हैं। कई महिलाओं से यौन शोषण के मामले में प्रज्ज्वल और उनके पिता के खिलाफ होलेनारसिपुरा पुलिस स्टेशन में एफआईआर दर्ज कराई गई है।

देवराज गौड़ा को सौंपी थी एक कॉपी: कार्तिक

कार्तिक ने आगे कहा कि उस दौरान प्रज्वल रेवन्ना द्वारा एक स्थगन आदेश लाया गया और मुझे कोई भी अश्लील तस्वीरें या वीडियो जारी करने से रोका गया। इसके बाद देवराज गौड़ा ने मुझसे तस्वीरें और वीडियो मांगे थे और इन्हें न्यायाधीश को सौंपने का वादा किया था। गौड़ा पर भरोसा करते हुए मैंने उन्हें एक प्रति दी, जिसका उन्होंने इस्तेमाल किया। कार्तिक का कहना है कि देवराज गौड़ा ने उन्हें धोखा दिया है। यह भी कहा कि भाजपा और जेडी-एस के गठबंधन के बाद देवराज गौड़ा ने पार्टी आलाकमान से कहा था कि प्रज्ज्वल को टिकट न दिया जाए।

देवराज गौड़ा ने किया आरोपों का खंडन

उधर कार्तिक के आरोपों को खारिज करते हुए देवराज गौड़ा ने कहा कि उन्होंने ये वीडियो किसी भी कांग्रेस नेता को भी नहीं दिए क्योंकि ये प्रज्ज्वल से जुड़े हुए थे। उन्होंने जोर देते हुए कहा कि प्रज्ज्वल रेवन्ना के पूर्व ड्राइवर कार्तिक को हासन लोकसभा सीट से कांग्रेस उम्मीदवार श्रेयस पटेल के साथ घूमते हुए देखा गया था। गौड़ा ने आगे कहा कि इस मामले में अगर किसी को फायदा मिल रहा है, तो वह कांग्रेस है। राजनीतिक फायदे कि लिए कांग्रेस उम्मीदवार श्रेयस पटेल ने वीडियो वायरल कर महिलाओं की अस्मिता को दांव पर लगा दिया। उन्होंने आगे कहा कि वह एसआईटी के नोटिस का इंतजार कर रहे हैं और इसके बाद वह कुछ महत्वपूर्ण दस्तावेज जारी करेंगे। उन्होंने दावा किया कांग्रेस नेता उसी खाई में गिरेंगे जो उन्होंने दूसरों के लिए खोदी है।

अमित शाह फेक वीडियो केस, अहमदाबाद से 2 गिरफ्तार, तेलंगाना सीएम समेत 8 राज्यों के 16 लोगों को समन

जन एक्सप्रेस/एजेंसी। नई दिल्ली

अमित शाह फेक वीडियो केस में मंगलवार 30 मई को गुजरात के अहमदाबाद से 2 लोगों को गिरफ्तार किया गया। एक आरोपी कांग्रेस विधायक जिग्नेश मेवाणी का पीए और दूसरा‚क्ष कार्यकर्ता है। इस केस में सोमवार 29 अप्रैल को भी असम से एक आरोपी गिरफ्तार किया गया था। वहीं, दिल्ली पुलिस की यूनिट इंटेलिजेंस फ्यूजन एंड स्ट्रैटजिक ऑपरेशंस (ढ्ढस्नस्ह्र) ने इस मामले में 16 लोगों को समन भेजा है। ये सभी 7-8 राज्यों से हैं। तेलंगाना के सीएम रेवंत रेड्डी को 29 अप्रैल को ही समन भेजा जा चुका है। इन सभी लोगों को 1 मई को दिल्ली में ढ्ढस्नस्ह्र यूनिट में पेश होना होगा। पुलिस सूत्रों के मुताबिक, 16 में से 6 लोग तेलंगाना कांग्रेस के सदस्य हैं, जिनमें मुख्यमंत्री रेवंत रेड्डी भी शामिल हैं। पुलिस ने सभी को संबंधित दस्तावेज और सबूत के तौर पर इलेक्ट्रॉनिक डिवाइस लाने को कहा है। फेक वीडियो को लेकर मंगलवार को शाह ने कहा, कांग्रेस ने उनका फेक वीडियो बनाकर वायरल किया।

नासिक में ट्रक को ओवरटेक करने की कोशिश में बस चालक ने वाहन से खो दिया नियंत्रण, चार की मौत

जन एक्सप्रेस/एजेंसी। नई दिल्ली

महाराष्ट्र के नासिक जिले में मंगलवार को एक बस और ट्रक की टक्कर में चार यात्रियों की मौत हो गई। इस हादसे में अन्य नौ लोग घायल भी हुए हैं। यह घटना सुबह साढ़े नौ बजे घटी, जब बस 45 यात्रियों को लेकर चांदवड शहर से नासिक की तरफ जा रही थी। ट्रक को ओवरटेक करने की कोशिश में बस चालक ने वाहन से नियंत्रण खो दिया और दोनों वाहन आपस में टकरा गए। इस टक्कर में बस में सवार दो यात्रियों की मौके पर ही मौत हो गई, जबकि अन्य यात्रियों ने अस्पताल में इलाज के दौरान दम तोड़ दिया। घायलों की हालत भी गंभीर बताई जा रही है। एक अधिकारी ने बताया कि घायलों का इलाज नासिक के सरकारी और प्राइवेट अस्पताल में जारी है।

स्वामी, मुद्रक, प्रकाशकः अरुण कुमार त्रिपाठी द्वारा ए0वी0बी0 रेप्रोग्राफिक्स, ए-59, इंडस्ट्रियल एस्टेट, ताल कटोरा, लखनऊ से मुद्रित तथा अय्यूब कॉम्प्लेक्स, 82/68, गुरु गोविन्द सिंह मार्ग, लखनऊ पिन-226004, उ0प्र0 से प्रकाशित। संपादकः अरुण कुमार त्रिपाठी, (प्रबंध संपादक- मनोज तिवारी) (नेशनल हेडः कमलेश फाइटर) आर.एन.आई. पंजीयन संख्या : UPHIN/2009/30003, फोन नं.: 0522-4330955 मोबाइल नं. 8933805555, (नोटः सभी विवादों का न्याय क्षेत्र लखनऊ स्थित न्यायालय होगा।)